नई दिल्ली
गुरुवार, 10 अप्रैल 2025
चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
त्रयोदशी वर्ष : 28, अंक : 360
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00
मौसम
अधि. 39
न्यूनतम 24

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com




### गुड न्यूज: आरबीआई ने लगातार दूसरी बार रेपो दर में 25 आधार अंकों की कटौती की

# होम, कार व कॉरपोरेट लोन की ईएमआई घटने की उम्मीद बढ़ी

### *केंद्रीय बैंक के इस फैसले से अमेरिका की ओर से लगाए गए पारस्परिक शुल्कों से प्रभावित अर्थव्यवस्था को सहारा मिलने की उम्मीद बढ़ी है*

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को लगातार दूसरी बार प्रमुख ब्याज दर में 25 आधार अंकों की कटौती का ऐलान किया है। केंद्रीय बैंक के इस फैसले से अमेरिका की ओर से लगाए गए पारस्परिक शुल्कों से प्रभावित अर्थव्यवस्था को सहारा मिलने की उम्मीद बढ़ी है।

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने रेपो रेट में तत्काल प्रभाव से 0.25 फीसदी की कटौती का फैसला सर्वसम्मति से लिया है। आरबीआई गवर्नर संजय ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### मैं संजय हूं, लेकिन महाभारत का 'संजय' नहीं...



मैं संजय हूं, लेकिन महाभारत का संजय नहीं हूं। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को एमपीसी के फैसलों की घोषणा के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि वे महाभारत के संजय नहीं हैं जो भविष्य में ब्याज दरों पर होने वाली कार्रवाई का पूर्वानुमान लगा सके और यह भी बता सकें कि मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच ब्याज दरों में नरमी किस स्तर पर रुकेगी। उन्होंने कहा कि हम वृद्धि दर और महंगाई दर की गति को प्रबंधित करने की कोशिश में हैं। उन्होंने कहा कि यह कहां तक पहुंचेगा... हम ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### फरवरी में भी की गई थी 25 आधार अंकों की कटौती

फरवरी में अपनी पिछली नीति में आरबीआई ने रेपो दर को 25 आधार अंकों से घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया था। यह दर मई 2020 में पिछली दर में कटौती के बाद आई थी। दरों में आखिरी संशोधन फरवरी 2023 में हुआ था। जब नीति दर को 25 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया था।

#### क्या है रेपो रेट?

रेपो रेट वह दर होती है जिस पर आरबीआई बैंकों को कर्ज देता है। बैंक इस कर्ज से लोन देते हैं। रेपो रेट कम होने का मतलब है कि बैंक से मिलने वाले कई तरह के कर्ज, जैसे होम, कार लोन अब सस्ते हो जाएंगे। हालांकि बैंक ईएमआई में कब और कितनी कटौती करेंगे यह उन पर निर्भर करता है। आरबीआई की माद्रिक नीति समिति हर दो महीने में अपनी तीन दिवसीय बैठक में रेपो दर को घटाने, बढ़ाने या स्थिर रखने पर फैसला लेती है।

### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने नेपाल में कृषि पर तीसरी बिम्सटेक मंत्रिस्तरीय बैठक में भारत का किया नेतृत्व



# भारत में बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना का रखा प्रस्ताव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को नेपाल के काठमांडू में तीसरी बिम्सटेक कृषि मंत्रिस्तरीय बैठक में भारत का नेतृत्व किया। इसमें भारत, बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, म्यांमार, थाईलैंड और श्रीलंका जैसे बिम्सटेक देशों के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ कृषि अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक ने कृषि विकास के क्षेत्र में अधिक क्षेत्रीय सहयोग का अवसर प्रदान किया है।

बिम्सटेक देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने के लिए भारत ने 'भारत में कृषि सहयोग के लिए बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र' की स्थापना का प्रस्ताव रखा है। यह केंद्र कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में बिम्सटेक की विभिन्न प्रतिबद्धताओं को समयबद्ध तरीके से हल करने और उन्हें क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह केंद्र सटीक कृषि, जलवायु जोखिम को कम करने, प्राकृतिक खेती, लैंगिक समानता और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा, पोषण और आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ड्रोन, डिजिटल प्रौद्योगिकियों सहित उभरती प्रौद्योगिकियों पर ज्ञान और कौशल साझा करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।

पिछले एक दशक में, बिम्सटेक बंगाल की खाड़ी क्षेत्र में क्षेत्रीय विकास, संपर्क और आर्थिक प्रगति को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा है। "कृषि और खाद्य सुरक्षा" बिम्सटेक के सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। यह क्षेत्रीय कृषि सहयोग को आकार देने वाली सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था बीएएमएम की तीसरी बैठक थी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के लिए 'पड़ोसी पहले' और 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' की प्रमुख विदेश नीति प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए बिम्सटेक एक स्वाभाविक विकल्प ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आतंकी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण का जयशंकर ने किया स्वागत

# चीन को लेकर बोले, भारत अब किसी के सामने नहीं झुकेगा, हर चुनौती का जवाब देंगे

### पाकिस्तान को खरी-खरी, अगर 'आतंकवाद उद्योग' को शुरू करोगे तो उसमें जलकर राख हो जाओगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने बुधवार को एक कार्यक्रम में 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मुख्य साजिशकर्ता आतंकवादी तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किए जाने के अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले का स्वागत किया है। साथ ही उन्होंने भारत में आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए पाकिस्तान की बेहद कड़े अंदाज में आलोचना की।

राणा के प्रत्यर्पण पर जयशंकर ने कहा कि इस मामले पर कहने के लिए उनके पास नया कुछ नहीं है। लेकिन वह अमेरिका की कानूनी प्रक्रिया के निर्णय का स्वागत करते हैं। यह जानकारी विदेश मंत्री ने राजधानी में एक निजी न्यूज चैनल ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### आज आ सकता है तहव्वुर राणा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 26/11 मुंबई आतंकी हमलों का मुख्य साजिशकर्ता तहव्वुर हुसैन राणा को आज, गुरुवार को भारत लाया जा सकता है। अमेरिकी अदालत की अनुशंसाओं के अनुसार, दिल्ली और मुंबई की दो जेलों में विशेष सुरक्षा उपायों को गुप्त रूप से लागू किया गया है। यह अनुमान लगाया जा रहा है कि भारत पहुंचने के बाद राणा को प्रारंभिक कुछ हफ्तों के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी की हिरासत में रखा जाएगा।

#### जयशंकर, मिस्री की शाह संग अहम बैठक



उधर, मामले की समीक्षा के लिए गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक में भी विदेश मंत्री एस.जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और विदेश सचिव विक्रम मिस्री शामिल हुए।

#### पाक को भस्म कर देगा आतंकवादी उद्योग

जयशंकर ने कार्यक्रम में पाकिस्तान को लेकर कहा कि पाकिस्तान में लोग इस बात को खुलेआम गर्व से स्वीकार करते हैं कि उनके देश द्वारा भारत में आतंकवादी गतिविधियां संचालित की जाती हैं। उन्होंने कहा कि जब कोई देश आतंकवादी उद्योग शुरू करता है तो वह खुद भी उसमें भस्म हो जाएगा। जो आज हम खुद भी देख रहे हैं। पाकिस्तानी लोगों की स्वीकारोक्ति को विदेश मंत्री ने सच्चाई बताते हुए परिकल्पना न मानने की सलाह दी।

#### मानवाधिकार हनन से जूझता बलूचिस्तान

उन्होंने बलूचिस्तान का जिक्र करते हुए कहा कि वह क्षेत्र मानवाधिकार हनन की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। क्षेत्र में अशांति फैली हुई है, बलूच समुदाय को निशाना बनाया जा रहा है। उनका अपहरण किया जा रहा है। वे पीड़ित हैं और उन्हें बिना निष्पक्ष कानूनी प्रक्रियाओं के गंभीर पीड़ा दी जा रही है। विदेश मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के रवैये पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा कि वह भी उनकी स्थिति को अक्सर अनदेखा करता है। बूलच लोगों से जुड़े मानवाधिकार उल्लंघनों से निपटने के बहुत कम प्रयास हुए हैं, आबादी बेबस हो गई है।

#### चीन संग रिश्तों को पहले से बेहतर बताया

जयशंकर ने चीन को लेकर कहा कि भारत-चीन के रिश्ते पहले से बेहतर हैं। एलएसी विवाद की समाप्ति के संदर्भ में उन्होंने कहा कि डेमचौक और देपसांग में दोनों सेनाओं को हटाना जरूरी था और ये हुआ भी है। लेकिन आज भी मामले से जुड़े हुए कुछ मुद्दे बाकी बचे हुए हैं। इलाके में सालों तक सैन्य तैनाती बढ़ती रही, जिससे तनाव बढ़ा। कोरोना महामारी के बाद से दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवाएं बंद हैं, कैलाश मानसरोवर यात्रा पर रोक जारी है। इन सभी को दुरुस्त करना पड़ेगा। जयशंकर ने दावा किया कि हम सही मार्ग पर हैं और अभी काफी काम किया जाना बाकी है।

#### ट्रंप के टैरिफ का भारत पर असर नहीं

विदेश मंत्री ने अमेरिका द्वारा भारत पर 9 अप्रैल से लागू किए गए 26 से 27 फीसदी पारस्परिक टैरिफ के मुद्दे पर कहा, इसका भारत पर फिलहाल कोई असर नहीं है। लेकिन भविष्य में क्या होगा, उसके बारे में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### बोले रणधीर जायसवाल, मामले में आ रही कई प्रकार की दिक्कतों के मद्देनजर लिया गया यह निर्णय

# चीन से दोस्ती पड़ी महंगी भारत ने बंद की बांग्लादेश की ट्रांसशिपमेंट सुविधा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

चीन में बैठकर भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को जमीनी भूभाग से घिरा हुआ क्षेत्र बताकर चीन को व्यापारिक साझेदारी में बढ़ोतरी करने की अपील वाली गतिविधियों का बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस को भारत ने करारा जवाब दिया है।

जिसमें उसने (भारत) बांग्लादेश को दी गई ट्रांसशिपमेंट सुविधा (भारतीय भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों के इस्तेमाल) को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया है। भारत के केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने इस बाबत बीते 8 अप्रैल 2025 को एक परिपत्र (सर्कुलर) जारी इस निर्णय का ऐलान किया था। लेकिन मामले पर बुधवार को विदेश मंत्रालय में आयोजित मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए सवालों के जवाब में मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि यह एक प्रकार की सुविधा है, जिसकी शुरुआत वर्ष 2020 में की गई थी। लेकिन इसे लेकर बीते कुछ समय से आ रही परेशानियों जैसे आयात-निर्यात के मामलों में लॉजिस्टिक संबंधी देरी की वजह से लागत बढ़ रही थी। हमारे निर्यात में देरी खड़ी हो रही है, बैकलॉग खड़ा हो रहा था। इसलिए इसे खत्म करने का निर्णय लिया गया है। जायसवाल ने कहा कि इस मामले को लेकर हमने कुछ ▶▶ शेष पेज 5 पर







#### नवजात के रोने से मां ने कर दी हत्या

**अहमदाबाद।** यहां 22 वर्षीय एक महिला को अपने नवजात बेटे को भूमिगत पानी की टंकी में फेंक कर कथित रूप से हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, क्योंकि वह उसके लगातार रोने से परेशान थी। मेघानीनगर पुलिस में महिला के पति ने शिकायत की थी कि उसका तीन महीने का बच्चा कहीं मिल नहीं रहा है।

### फ्लाइट दिल्ली से बैंकॉक जा रही थी

# एयर इंडिया की फ्लाइट में फिर पेशाब कांड निजी कंपनी के अधिकारी पर कर दी टॉयलेट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ यात्री ने पीड़ित से माफी मांगी तो नहीं की शिकायत

दिल्ली से बैंकॉक जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 2336 के बिजनेस क्लास में एक पुरुष यात्री ने एक निजी कंपनी के बड़े अधिकारी पर पेशाब कर दी। एयर इंडिया ने भी इस घटना की पुष्टि की है और बताया है कि क्रू ने पीड़ित यात्री के लिए



शिकायत दर्ज करवाने में मदद की भी पेशकश की। हालांकि, उसने मना कर दिया। यह घटना तब हुई, जब फ्लाइट बैंकॉक में लैंड कर रही थी। इससे पहले नवंबर, 2022 में भी एयर इंडिया की फ्लाइट में पेशाब करने का मामला सामने ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### एयर इंडिया ने कहा सहायता की पेशकश की गई

कंपनी ने आगे कहा कि अनियंत्रित यात्री को चेतावनी देने के अलावा, हमारे क्रू ने पीड़ित यात्री को बैंकॉक में अधिकारियों के साथ शिकायत करने में सहायता करने की पेशकश की, जिसे उस समय अस्वीकार कर दिया गया था। घटना का आकलन करने और अनियंत्रित यात्री के खिलाफ की जाने वाली कार्रवाई, यदि कोई हो तो, निर्धारित करने के लिए स्थायी स्वतंत्र कमेटी बुलाई जाएगी। एयर इंडिया ऐसे मामलों में डीजीसीए द्वारा निर्धारित किए गए एसओपी का पालन करेगा।

### पर सवाल ये कि जब पार्टी को पता था, या पता है तो निकालने के लिए किस शुभ मुहूर्त का किया जा रहा है इंतजार?

# भाजपा के साथ साठगांठ के आरोप में कांग्रेस से 20-30 नेताओं को जल्द दिखाया जाएगा बाहर का रास्ता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सांगठनिक तौर पर बेहद बुरे दौर से गुजर रही कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में इस बात की कसमसाहट है कि कहीं उनके दिन तो संगठन में पूरे नहीं हो गए? कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से लेकर जिलास्तर के कार्यकर्ताओं में इस बात को लेकर बहस छिडी है कि भाजपा से गलबहियां डाले कांग्रेसियों को अब 'ठिकाने' लगाया जाए। इस बहस को खुद राहुल गांधी ने तूल दिया। जिसे बुधवार को एआईसीसी के कनवेंशन



के आखिरी दिन मंच से कानपुर के नेता ने पुरजोर तरीके से उठाते हुए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और राहुल गांधी से सीधे पूछ लिया कि जिस कांग्रेसी नेता का एक बेटा सपा में दूसरा भाजपा ▶▶ शेष पेज 5 पर

### वक्फ कानून को लेकर राहुल गांधी कंफ्यूज, संसद में बैठे रहे चुप: भाजपा



**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** भाजपा ने एकबार फिर वक्फ कानून पर कांग्रेस को घेरा है। वक्फ कानून को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वक्फ पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी खुद इस मुद्दे को लेकर कंफ्यूज हैं और असमंजस में हैं कि उन्हें वक्फ पर क्या स्टैंड लेना है। प्रसाद ने कहा कि राहुल ने यह दावा किया है कि वक्फ बिल असंवैधानिक है, क्या वो बता ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नौ साल से चल रही थी फरार

# गलत सर्जरी से मरीज की जान लेने वाली फर्जी डॉक्टर अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने नौ साल से फरार फर्जी महिला डॉक्टर को गिरफ्तार किया है। इसके द्वारा की गई गलत सर्जरी के कारण एक मरीज ने जान गवां दी थी। संगम विहार की रहने वाली 48 वर्षीय इस महिला को ग्रेटर कैलाश पार्ट-2 से पकड़ा गया। यहां वह एक वरिष्ठ नागरिक की केयरटेकर के रूप में काम कर रही थी।



पुलिस के अनुसार आरोपी महिला ने कथित तौर पर बिहार से बीएएमएस की फर्जी डिग्री हासिल की थी और 2008 में रनहोला के विकास नगर में एक क्लीनिक खोला था। हालांकि उसने 12वीं कक्षा तक ही पढ़ाई की थी। इसके बावजूद वह खुद को डॉक्टर बताते हुए क्लीनिक चलाती थी और मुख्य रूप से स्त्री एवं प्रसूति रोग का इलाज करती थी। 2009 में रनहोला निवासी रमेश कुमार ने अपनी गर्भवती पत्नी को पेट दर्द की शिकायत के बाद आरोपी महिला के क्लीनिक

■ अपराध शाखा की कार्रवाई

में भर्ती कराया था। आरोपी ने महिला को कुछ दवाइयां दीं और फिर घर भेज दिया। जब महिला को दर्द से राहत नहीं मिली, तो उसे अगले दिन फिर क्लीनिक में भर्ती कराया गया, जहां आरोपी की सलाह पर उसकी सर्जरी की गई। क्लीनिक से छुट्टी दिए जाने के बाद महिला की हालत और खराब हो गई, जिसके बाद उसे डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई थी। जांच में पता चला कि आरोपी के पास कोई औपचारिक चिकित्सा डिग्री नहीं थी और उसने कथित तौर पर फर्जी प्रमाण-पत्र बनवाए थे। महिला को गलत सर्जरी के कारण मरीज की मौत के मामले में गिरफ्तार किया गया, लेकिन बाद में उसे जमानत मिल गई। 2016 में अदालत में पेश होने में विफल रहने पर उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। पूछताछ के दौरान आरोपी महिला ने कबूल किया कि उसने 2005-06 में उत्तम नगर में एक डॉक्टर की सहायक के रूप में काम करते हुए प्राथमिक उपचार करना सीख लिया था। महिला ने बताया कि बाद में उसने फर्जी डिग्री हासिल की और खुद का क्लीनिक खोल लिया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार अपना ठिकाना बदल रही थी।

# होटल व्यवसायी हत्याकांड में तीन पकड़े, एक की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिमी जिले की तिलक नगर पुलिस ने होटल व्यवसाय से जुड़े सागर चौहान की अगवा करने के बाद हत्या के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके नाम अंकित, साहिल और मोनू बताये गये हैं। तीनों ही सोनीपत के अलग अलग गांव के रहने वाले हैं। मामले में अमित नाम के एक अन्य आरोपी की पुलिस अभी तलाश में है। डीसीपी विचित्र वीर के अनुसार सागर चौहान 26 मार्च को देर रात लापता हुआ था। उसकी बॉडी 27 मार्च की सुबह उत्तर प्रदेश

■ तिलक नगर से अगवा करने के बाद की गई थी हत्या

के शामली जिले के कांधला थाना इलाके में मिली थी। सागर के परिवार ने 27 मार्च को ही तिलक नगर थाने में मिसिंग की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 30 तारीख को किडनैपिंग का मामला दर्ज किया गया था। सागर की डैड बॉडी के बारे में 2 अप्रैल को यूपी पुलिस ने तिलक नगर पुलिस और मृतक के परिजनों को सूचना दी। हालांकि बॉडी का 1 अप्रैल को ही अंतिम संस्कार कर दिया गया था। मामले में दिल्ली पुलिस ने यूपी पुलिस के साथ मिलकर जांच शुरू की और कई दिनों की मशक्कत के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। अंकित 12वीं पास है और एक होटल में केयरटेकर का काम करता था। साहिल भी सोनीपत का रहने वाला है। वह आईटीआई कर चुका है और होटल में काम करता है। तीसरा आरोपी मोनू भी सोनीपत का है और ग्रेजुएशन की पढ़ाई कर रहा है। पुलिस के अनुसार सागर पहले देवेंद्र और अमित के साथ काम करता था। बाद में यह खुद का होटल लीज पर लेकर काम शुरू करने लगा। इस मामले में पुलिस अब अमित की तलाश कर रही है।

## कार से कुचलकर बुजुर्ग दंपति की मौत

**नई दिल्ली।** बाहरी उत्तरी जिले के स्वरूप नगर इलाके में एक क्रेटा कार से कुचलकर बुजुर्ग दंपति की मौत का मामला सामने आया। मृतकों के नाम सोमदत्त (66) और रामप्यारी (65) बताये गये हैं। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। आरोपी चालक अभी फरार है। हालांकि चालक की पहचान कर ली गई है। उसका नाम नरेला निवासी प्रिंस गिरी बताया गया है। पुलिस के अनुसार हादसा सात अप्रैल को सामने आया था। सुबह लगभग 8:36 बजे फोर्टिस अस्पताल, शालीमार बाग से पुलिस को सड़क दुर्घटना के बारे में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। कॉलर ने बताया कि दो व्यक्ति एक महिला और पुरुष को घायल हालत में अस्पताल लाया गया था। महिला मृत अवस्था में थी, जबकि उसके पति ने बाद में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों को प्रिंस कुमार गिरी द्वारा क्रेटा कार में अस्पताल लाया गया था। प्रिंस बाद में अस्पताल से फरार हो गया। मामले की जांच एएसआई जसमेर को सौंपी गई। आईओ को अस्पताल से लेकर दुर्घटना स्थल तक कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं मिला। स्वरूप नगर थाने में केस दर्ज किया गया। कार मालिक प्रिंस गिरी के पिता का नाम राज कुमार गिरी है। वह पॉकेट-06, नरेला का रहने वाला है। जांच के दौरान घटनास्थल पर मृतक का आधार कार्ड भी बरामद हुआ था।

## लाडो सराय वार्ड के समस्त गांववासियों को मिलेगा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के महापौर महेश कुमार ने बुधवार को लाडो सराय वार्ड के कटवारिया सराय गांव इलाके में मातृ व शिशु कल्याण केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर दक्षिणी जोन वार्ड कमिटी अध्यक्ष कृष्ण जाखड़ व उपाध्यक्ष राजबाला टोकस, स्थानीय पार्षद राजीव चौधरी और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर महापौर ने नवनिर्मित मातृ व शिशु कल्याण डिस्पेन्सरी का खोले जाने के लिए गांववासियों को बधाई दी और कहा कि ये डिस्पेन्सरी इस क्षेत्र के लिए 'एक ऐतिहासिक उपलब्धि' है। महापौर ने बताया कि स्थानीय लोगों की लंबे समय से यह मांग रही थी कि इस तरह की व्यापक स्वास्थ्य सुविधा कटवारिया सराय गांव में खोली जाए। उन्होंने कहा कि गांव में एक भी डिस्पेन्सरी नहीं थी और अपने छोटे मोटे इलाज के लिए गांव वालों को अस्पताल जाना पड़ता था। अब सभी का गांव में ही प्राथमिक उपचार हो जाएगा। लाडो सराय वार्ड पार्षद राजीव चौधरी के निरंतर प्रयासों से आज सभी ग्राम वासियों का सपना सच हुआ है। स्थानीय पार्षद राजीव चौधरी ने महापौर को धन्यवाद देते हुए कहा कि नई स्वास्थ्य सुविधा महापौर महेश कुमार के सक्रिय समर्थन और हस्तक्षेप से ही शुरू हो पाई है।

## सांसद ने वीडियो रीपोस्ट कर दिल्ली का सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का किया काम : सचदेवा

■ तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मित्रा का एक मकसद बंगाल से ध्यान भटकाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मित्रा ने लापरवाही से एक गुमनाम संस्था का वीडियो रीपोस्ट कर दिल्ली का सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने का काम किया है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने बुधवार को एक प्रेसवार्ता में सांसद महुआ मित्रा द्वारा इस वीडियो को पोस्ट करने की कड़ी निंदा करते हुए, यह प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि सांसद महुआ मित्रा पूर्व में भी भाजपा के विरूद्ध सुनियोजित झूठा प्रचार करती रही हैं और यह वीडियो रीपोस्ट करना भी उसी खेल का भाग भी हो सकता है।

### महुआ मित्रा को सस्ती लोकप्रियता का शौक

सचदेवा ने कहा कि सांसद महुआ मित्रा की लापरवाही से की गई सोशल मीडिया एक्स पोस्ट करने के दो मकसद हो सकते हैं, सम्भवतः सांसद महुआ मित्रा का एक मकसद बंगाल में चल रहे उनकी पार्टी के आंतरिक विवाद से ध्यान भटकाना हो या फिर सब जानते हैं कि सांसद महुआ मित्रा को सस्ती लोकप्रियता एवं खबरों में बने रहने का शौक है और यह उसी क्रम में आपराधिक लापरवाही का परिणाम है।

### सनसनी फैलाने की जगह शिकायत दिल्ली पुलिस से करतीं

सचदेवा ने कहा है कि यदि महुआ मित्रा में एक सांसद के नाते गम्भीरता होती तो वह सोशल मीडिया पर रीपोस्ट कर सनसनी फैलाने की जगह इसकी शिकायत दिल्ली पुलिस से करतीं। हम दिल्ली पुलिस से मांग करते हैं कि ना सिर्फ यह समाज विरोधी वीडियो बनाने वाले युवकों को गिरफ्तार करे बल्कि महुआ मित्रा के वीडियो की पुलिस रिपोर्ट ना कर सनसनीखेज रीपोस्ट करने की जांच करें।

वहीं, ग्रेटर कैलाश विधायक शिखा रॉय ने कहा कि स्थानीय मछली मार्किट पूरी तरह कानून का पालन कर चल रही है और भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता मछली बाजार दुकानदारों के साथ सामाजिक रूप से खड़े हैं। उन्हें डराने, धमकाने एवं हटाने को प्रयास सफल नहीं होने देंगे।

## सभी के सहयोग से ही मिलेगी डेंगू, मलेरिया से मुक्ति : उपायुक्त

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन कार्यालय सभागार में बुधवार को निगम उपायुक्त राकेश कुमार की अध्यक्षता में एक अंतरक्षेत्रीय बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में उपायुक्त राकेश कुमार ने कहा कि डेंगू, मलेरिया जैसी घातक बीमारियों से बचने के लिए हम सभी को एक दूसरे के सहयोग की जरूरत है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जनता को भी इसमें सहयोग करना होगा तभी इन बीमारियों से बचाव संभव है। इस बैठक में नरेला जोन के अंतर्गत करीब 30 विभिन्न सरकारी विभागों के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में विभागों के नोडल अधिकारियों को डेंगू, मलेरिया की रोकथाम एवं बचाव की जानकारी दी गई। बैठक में सीआरपीएफ, दिल्ली पुलिस, दिल्ली अग्निशमन विभाग, आईटीआई, डीटीसी, डीटीयू, महर्षि वाल्मीकि अस्पताल, आदि विभागों के नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

## दिल्ली से 253 सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान हुआ रवाना हुआ, करेंगे गुरुद्वारों के दर्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने दिल्ली से 253 सिख श्रद्धालुओं का जत्था पाकिस्तान रवाना किया। गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब से अरदास के बाद रवाना यह जत्था पाकिस्तान में बैसाखी और खालसा साजना दिवस के अवसर पर गुरुद्वारों में दर्शन करेगा। इस मौके पर गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलों ने जत्थे में शामिल संगत को बधाई दी। दिल्ली कमेटी के सलाहकार परमजीत सिंह चंढ़ोक ने सभी श्रद्धालुओं का सम्मान किया। इस बारे में सरदार चढ़ोक ने बताया कि इस बार देश भर से पाकिस्तान जाने वाले 6751 श्रद्धालुओं के वीजा लगे हैं। खालसा साजना दिवस के मौके पर गुरुद्वारों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं ने आवेदन किया था। उन्होंने कहा कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी ने 253 वीजे अप्लाई किए थे और सभी वीजा स्वीकृत हो गए हैं। दिल्ली का जत्था 10 अप्रैल को सुबह 6 बजे वाघा बॉर्डर के रास्ते पाकिस्तान में प्रवेश करेगा। आधा समूह गुरुद्वारा पंजा साहिब जाएगा और आधा गुरुद्वारा करतारपुर साहिब दर्शन करने जाएगा। जबकि 12 अप्रैल को दोनों जत्थे ननकाना साहिब में एकत्र होंगे और 12, 13 और 14 अप्रैल को वहीं बैसाखी मनाएंगे। इसके बाद जो श्रद्धालु पहले पंजा साहिब गए वह करतारपुर साहिब जाएंगे और जो करतारपुर साहिब गए हैं, वह सभी पंजा साहिब जाएंगे। उन्होंने कहा कि 16 अप्रैल को यह जत्था लाहौर पहुंचेगा और वहां गुरुद्वारा साहिब के दर्शन करने के बाद 19 अप्रैल को भारत वापस लौटेगा। कमेटी द्वारा सरदार दलजीत सिंह सरना को इंचार्ज बनाकर उनके नेतृत्व में जत्था भेजा गया है। उन्होंने कहा कि यह सब दिल्ली के मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, सरदार हरमीत सिंह कालका और सरदार जगदीप सिंह काहलों के मंत्रालय से संपर्क करने के कारण संभव हो पाया है, जिसके कारण सभी वीजा स्वीकृत हुए हैं और कोई वीजा खारिज नहीं हुआ।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शरीफ उर्फ शारुख पुत्र आरिफ पता अखाड़े वाली गली अशोक विहार, दिल्ली ने ई–एफआईआर संख्या 30311/19 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत** थानाः भजनपुरा, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शरीफ उर्फ शारुख** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शरीफ उर्फ शारुख** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **ई–एफआईआर संख्या 30311/19 धारा 379/411 भा.द.स. के तहत थाना भजनपुरा, दिल्ली के उक्त शरीफ उर्फ शारुख** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**पंकज राय**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01**
**कमरा नं. 73, उ0पू0 जिला**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/4214/NE/2025

## नई ई-वाहन नीति लाखों ऑटो चालकों के खिलाफ, कांग्रेस करेगी पुरजोर विरोधः यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार की नई आने वाली ई वाहन नीति को लेकर विरोध शुरू हो गया है। इस मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने सवाल खड़े करते हुए कहा है कि कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि ई-वाहन नीति के तहत 15 अगस्त, 2025 से किसी भी सीएनजी ऑटो रिक्शा के पंजीकरण की अनुमति नहीं दी जाएगी और न ही सीएनजी ऑटो परमिट का नवीनीकरण होगा। यादव ने बताया कि दिल्ली सरकार की ई-वाहन नीति 2.0 के द्वारा लाखों ऑटो चालको की रोजी रोटी छीनने वाली गरीब विरोधी नीति किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्योंकि सरकार की नई नीति से एक ही झटके में सीएनजी ऑटों को ई-ऑटों में बदलने की योजना से लगभग 6 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित होंगे। पहले ही दिल्ली में महंगाई आसमान छू रही है, ओला उबर जैसी प्राईवेट कम्पनियों ने ऑटो चालको को बेरोजगार के कगार पर खड़ा कर दिया है। अब ऐसे में सरकार की नई ई-वाहन नीति 2.0 लाखों ऑटो चालको की रोजी रोटी छीनने जा रही है। इसलिए कांग्रेस आटो चालकों के साथ खड़ी है, अगर सरकार ने इस योजना को लागू किया तो पार्टी जमकर विरोध करेगी। उन्होंने पूछा कि सीएनजी वाहनों की जगह ई-वाहन लाने से पहले क्या भाजपा सरकार ने दिल्ली में बिजली की मांग, उपलब्धता, क्षमता को बढ़ाने और चार्जिंग स्टोशन की संख्या बढ़ाने पर कोई योजना बनाई है। पहले सरकार सीएनजी वाहनों को प्रोत्साहन देती रही है और फिर उन्हीं को खत्म करने का निर्णय ले रही है। सीएनजी ऑटो की जगह ई-ऑटो की नीति लागू करने से पहले सीएम रेखा गुप्ता को डीटीसी और अन्य सरकारी विभागों को पूरी तरह से सीएनजी मुक्त बनाकर ई-वाहन नीति लागू करनी चाहिए। उसके बाद कहीं जाकर सीएनजी ऑटों को ई-ऑटों में बदलने के लिए चरणबद्ध तरीके से काम करें जिससे ऑटों वालों पर अतिरिक्त आर्थिक बौझ न पड़ सके।

### ऑटो रिक्शा संघ ने भाजपा सरकार को लिखा पत्र, पूरे 15 साल तक चलने दें तिपहिया

**नई दिल्ली।** सरकार की नई आने वाली ई वाहन नीति से परेशान ऑटो चालकों ने दिल्ली की भाजपा सरकार से गुहार लगाई है। इस मुद्दे पर दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए। संघ के अध्यक्ष राजेंद्र सोनी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि सीएनजी ऑटो को जिस आधार पर बेचा गया व परमिट दिया गया, उसी के अनुसार इन्हें पूरे 15 वर्ष चलने दिया जाए और उनके परमिट रिन्यू किए जाएं। सोनी ने कहा कि हमने सीएम रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर अपील की है कि नई ई वाहन नीति में पुराने सीएनजी ऑटो को तुरंत ई वाहन में बदलने का नियम नहीं होना चहिए। हमारी सरकार से मांग है कि पहले से चल रहे सीएनजी ऑटो को अपना 15 वर्ष का समय पूरा करने की मोहलत दी जानी चाहिए।

# तीन फ्लैट का मालिक करता था झपटमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिमी जिले की सुभाष प्लेस पुलिस ने न्यूजीलैंड की महिला के साथ हुई लूट की गुत्थी सुलझाते हुए दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाशों के नाम करण भसीन और मोनू उर्फ रघु है। इनके पास से लूट का सामान भी बरामद कर लिया गया है। पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी करण के रोहिणी, मॉडल टाउन और मुखर्जी नगर में तीन फ्लैट है, जिनका 1.4 लाख रुपये मासिक किराया आता है। इनकी गिरफ्तारी से पुलिस ने झपटमारी के पांच मामले सुलझाने का दावा किया है।

डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार दो अप्रैल को कोहाट

■ न्यूजीलैंड की महिला का लूटा था पर्स

एन्क्लेव में बाइक सवार बदमाशों ने न्यूजीलैंड की नागरिक महिला सोमना चौधरी से बैग लूट लिया था। बैग में उनका पासपोर्ट, ओसीआईआई कार्ड, आधार, पैन, डेबिट कार्ड के अलावा विदेशी मुद्रा थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसएचओ सुभाष प्लेस महेश कसाना के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। करीब 150 कैमरों की पड़ताल के बाद पुलिस को बदमाशों की आखिरी लोकेशन राजधानी कालेज, राजौरी गार्डन मिली। बाद में बाइक की रिठाला में पहचान कर ली गई। जांच के बाद पुलिस ने पहले करण भसीन को दबोचा। उसने वारदात में हाथ की बात कबूल ली। इनकी निशानदेही पर दूसरे आरोपी मोनू को भी दबोच लिया गया। दोनों नशे के आदी बताये जाते हैं। करण 2012 के रेप केस में शामिल रहा है। उसे आठ साल की सजा हो चुकी है।

करण भसीन के परिवार की आर्थिक स्थिति काफी अच्छी बताई जाती है। उसके नाम पर तीन फ्लैट है। लेकिन उसकी नशे की लत के कारण परिवार ने उसका खर्चा पानी बंद कर दिया था। इसलिए वह लूटपाट और झपटमारी की वारदात करने लगा। दूसरा आरोपी मोनू रोहिणी सेक्टर 25 में अंडे की रेहड़ी लगाता था।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. फईम पुत्र** मो. भूरे सलमानी, **निवास** म. नं. पी-138, गली नं., 8, बिहारी कॉलोनी, शाहदरा, दिल्ली ने **FIR. No. 483/16 U/s 498A/406/34 IPC. थानाः ज़ाफराबाद, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया हैं) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मो. फईम** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मो. फईम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 483/16 U/s 498A/406/34 IPC. थानाः ज़ाफराबाद, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मो. फईम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार निधी बाला**
**एलडी. एमएम, महिला कोर्ट-03 कमरा नं.-08**
**दूसरा तल, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4415/NE/2025**
**(Court Matter)**

### नहीं चल रहे हैं कई ऐप, निजी फोन खरीदने को हैं मजबूर

# दिल्ली सरकार के आंगनबाड़ी केंद्रों में डिब्बा बने स्मार्ट फोन

दया राम ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के आंगनबाड़ी केंद्रों में दुबारा वितरित किए गए स्मार्ट फोन सरकार द्वारा कराए जा रहे विभिन्न कार्यों के चलते डिब्बा बन चुके हैं और इन केंद्रों में मानद पद पर कार्य कर रही महिला कार्यकर्ताओं (टीचर्स) को निजी फोन खरीदकर कार्य करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। नाम नहीं छापने की शर्त पर पीड़ित महिला कार्यकर्ताओं ने बताया कि आम आदमी पार्टी की पूर्ववर्ती दिल्ली सरकार ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित समेकित बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) के तहत



### जानकारी लेकर की जाएगी समस्या हल

महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक मिताली नामचूम ने बुधवार को इस संबंध में बताया कि इस प्रकार की जानकारी मीडिया के माध्यम से मिली है और जल्द ही इस समस्या की जानकारी लेकर समस्या का हल किया जाएगा।

पहली बार वर्ष 2019 में इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित एक बड़े कार्यक्रम दौरान करीब 10 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों में स्मार्ट फोन वितरित किए थे और इसके बाद दूसरी बार वर्ष 2024 के जून-जुलाई माह के आसपास महिला एवं बाल विकास विभाग ने बिना किसी कार्यक्रम के ही वितरित किए थे।

इन महिला कार्यकर्ताओं ने बताया कि गत वर्ष पुराने फोन ले लिए गए और दुबारा वितरित किए

■ फोन में - पेंशन जांच, पशु गणना, पोषण पखवाड़ा संबंधी कार्य नहीं हो पा रहे

गए स्मार्ट फोन में विभाग द्वारा पहले से ही इंस्टॉल की गई कुछ गिनी चुनी ऐप्स पर ही कार्य हो पाता है जबकि विभाग द्वारा हाल ही में पेंशन जांच, पशुओं की गणना, पोषण पखवाड़ा आदि कार्य कराए जा रहे हैं, विभाग द्वारा भेजे गए पीडीएफ डॉक्यूमेंट तक इन फोनों में नहीं खुल पा रहे हैं। इसके साथ ही बताया कि फोन सरकारी विभाग द्वारा संचालित हैं और फोन में ऐसे कई फीचर्स आते हैं जिनसे लगता है कि इन स्मार्ट फोन के माध्यम से जासूसी भी हो रही हो।

## मुठभेड़ में दो बदमाशों को पैर में गोली मारकर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

नांगलोई इलाके में बुधवार सुबह पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाशों को दबोच लिया गया। इस दौरान दोनों बदमाश पैरों में गोली लगने से घायल हो गये। उन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। बदमाशों के नाम राजेश और ऋषि बताये गये हैं। दोनों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। इस मुठभेड़ के दौरान बदमाशों के द्वारा चलाई गई गोली से दिल्ली पुलिस का एक सब इंस्पेक्टर बाल बाल बचा। गोली उसकी बुलेट प्रूफ जैकेट पर लगी।

पुलिस के अनुसार यह मुठभेड़ सुबह लगभग पांच बजे के आसपास किराड़ी नांगलोई रेलवे फाटक के पास हुई। डीसीपी बाहरी जिला सचिन शर्मा ने बताया कि अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद दोनों बदमाशों से पूछताछ की जाएगी। ये दोनों किसी वारदात को अंजाम देने के लिए हथियार लेकर आए थे। इनके पास से दो देसी पिस्टल भी बरामद किये गये हैं। हालांकि शुरुआती जांच में पता चला कि राजेश पर 10 से ज्यादा और खुर्शीद पर 8 से ज्यादा मामले अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। एसीपी नांगलोई जयपाल सिंह की देखरेख में एसएचओ पवन तोमर, इंस्पेक्टर नरेंद्र शर्मा, सब इंस्पेक्टर योगेंद्र इत्यादि की टीम ने इन्हें पकड़ने में सफलता पाई।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचपीजीसीएल | आरजीटीपीपी, खेदड़ (हिसार) में नेचुरल ड्राफ्ट कूलिंग टावर यूनिट-1 पर एफआरपी/जीआरपी सामग्री का उपयोग करते हुए टाप हैंड रेलिंग को बदलना। | 07.04.2025 29.04.2025 | 93.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7814688628 xencmd1.rgtpp@hpgcl.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/33748/I/88/7 दि. 09.04.25

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी गुरूग्राम | पुन्हाना निर्वाचन क्षेत्र, जिला नूह में गांव लोहिंगा कलां से एआईएन चवाड़ी (आईडी नं. 1326), लोहिंगा कलां से नांगला जमालगढ़ आईडी नं. 7025 और लहरवाड़ी से केरला पुन्हाना (आईडी 7859) तक सम्पर्क सड़कों की विशेष मरम्मत, कार्य योजना 2025-26 + 7 कार्य। | 07.04.2025 22.04.2025 | 9.85 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9416087474 xengurugram.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/33751/I/88/7 दि. 09.04.25




# छात्राओं के साथ मिलकर हमें विकसित दिल्ली के लिए बनाना है रास्ता : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

छात्राओं के साथ मिलकर हमें विकसित दिल्ली की दिशा में आगे बढ़ना है, क्योंकि देश की प्रगति का मार्ग युवाओं के हाथों से होकर गुजरता है। इसी उद्देश्य को साकार करने हेतु, सरकार ने विकसित दिल्ली बजट 2025 में शिक्षा क्षेत्र के लिए 19,291 करोड़ रुपए का विशेष प्रावधान किया है। यह बातें बुधवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय के इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय की शताब्दी वर्षगांठ समारोह को संबोधित करते हुए कही।

समारोह के बाद सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज देशवासियों से नौ संकल्प लेने की प्रेरणा दी है, और मेरा विश्वास है कि जब हमारी यह युवा पीढ़ी इन संकल्पों को आत्मसात करेगी, तो दिल्ली और देश दोनों नई ऊंचाइयों को छुएंगे। जल संरक्षण, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छता का मिशन,वोकल फॉर



लोकल ,देश दर्शन ,प्राकृतिक खेती को अपनाना, हैल्थी लाइफस्टाइल को अपनाना, योग और खेल को जीवन में स्थान देना और गरीबों को सहायता का संकल्प, ये सभी प्रयास न केवल पर्यावरण और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेंगे, बल्कि देश को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बनाएंगे। आज इस संस्थान में छात्रों और शिक्षकों से संवाद करके मुझे बेहद खुशी हुई। मैंने सभी से आग्रह किया कि देश की प्रगति में सहभागी बनें और जो भी कार्य वे कर सकते हैं, उसे अपनी जिम्मेदारी समझकर करें। यही युवाओं की शक्ति है, जो देश को विकास की राह पर अग्रसर करेगी।

### 'बेटी बढ़ाओ' महिला सशक्तिकरण की यात्रा का अगला कदम

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इंद्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय के कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण की यात्रा में अगले कदम के रूप में 'बेटी बढ़ाओ' वाक्यांश के साथ काम करने का आह्वान किया। सीएम ने कहा कि हमने बेटी बचाओ से बेटी पढ़ाओ तक की यात्रा पूरी कर ली है और अब बेटी बढ़ाओ का समय आ गया है। हमारी माताओं ने हमें सुरक्षा दी और शिक्षित किया, अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम आगे बढ़ने और चमक बिखेरने में लड़कियों की अगली पीढ़ी की मदद करें। उन्होंने कहा कि जब मैं डीयूएसयू अध्यक्ष थी, तब डीयू ने 1996 में सभी कॉलेजों के लिए एक समान प्रवेश फॉर्म पेश किया था।

### इस कॉलेज की छात्राओं ने हर क्षेत्र में किया नेतृत्व

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि इंद्रप्रस्थ कॉलेज की छात्राओं ने शिक्षा से लेकर राष्ट्र निर्माण तक हर क्षेत्र में नेतृत्व किया है। 1924 में दिल्ली विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त करने के बाद, इस कॉलेज ने अनगिनत बेटियों को उनके सपनों को आकार देने का अवसर दिया। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी इस महाविद्यालय की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और देश की चेतना को जाग्रत करने में अहम भूमिका निभाई। सुचेता कृपलानी, सरला शर्मा जैसी पूर्व छात्राओं का योगदान इस संस्था की केवल शैक्षणिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक विरासत को भी गौरवशाली बनाता है। आज, इस कॉलेज की छात्राएं सड़क से लेकर संसद तक, स्कूल से लेकर अंतरिक्ष तक, हर क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

## तेजी से बढ़ रही है बिजली की मांग, 5462 मेगावाट दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली में इन दिनों बिजली की मांग का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। दिल्ली के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि 9 अप्रैल 2025 को पहली बार बिजली की अधिकतम मांग 5462 मेगावाट तक पहुंच गई। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार दोपहर 3.27 बजे अधिकतम बिजली की खपत का आंकड़ा 5462 मेगावाट के उच्च स्तर पर पहुंच गया। जबकि मंगलवार को यह मांग 5029 मेगावाट थी। आंकड़ों के अनुसार एक दिन में 433 मेगावाट की भारी बढ़त देखने को मिली। निर्बाध बिजली आपूर्ति की चुनौतियां खड़ी होने लगी है। इसको लेकर निजी बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस का दावा है कि उच्चतम मांग निर्बाध आपूर्ति हुई।




## खबर संक्षेप

### दिल्ली सरकार इस साल 600 किलोमीटर तक सड़कों की करेगी मरम्मत : प्रवेश वर्मा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने बुधवार को कहा कि सरकार ने इस साल शहर में 600 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत की योजना बनाई है, जिसमें से 250 किलोमीटर तक सड़कें मानसून से पहले ठीक कर दी जाएंगी। वर्मा ने कहा कि जिन सड़कों का रखरखाव पीडब्ल्यूडी के जिम्मे है, उनकी पहचान कर ली गई है तथा पहले चरण में दिल्ली में 250 किलोमीटर तक ऐसे मार्गों पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि मानसून के बाद हमारी योजना सड़क मरम्मत के दूसरे चरण की है। इसके तहत अन्य 250-300 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत की जाएगी, जिसके लिए हमने पहचान और बजट आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मंत्री ने बताया कि इन मरम्मत कार्यों के सिलसिले में संचालन एवं रखरखाव अनुबंध न्यूनतम दो साल के लिए होंगे। उन्होंने कहा कि यदि इस अवधि में कोई सड़क क्षतिग्रस्त हो जाती है, तो उसे ठीक करने की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी और पीडब्ल्यूडी को कोई अतिरिक्त लागत नहीं लगेगी।

### प्राइवेट स्कूलों को 10 फीसद फीस बढ़ाने की छूट देने जा रही भाजपा सरकार : आतिशी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष आतिशी ने बुधवार को कहा कि बीते 6 अप्रैल, रविवार को दोपहर एक बजे दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद की उनके आवास पर दिल्ली के बड़े-बड़े प्राइवेट मालिकों के साथ बैठक हुई थी। बैठक में स्कूल मालिकों को भरोसा दिया गया है कि फीस वृद्धि पर स्कूलों के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया जाएगा और कुछ समय बाद भाजपा की दिल्ली सरकार एक आदेश जारी कर निजी स्कूलों को हर साल 10 फीसद फीस बढ़ाने की खुली छूट दे देगी। आतिशी ने शिक्षा मंत्री से सवाल किया कि क्या उनकी निजी स्कूल मालिकों के साथ बैठक हुई थी, क्या उन्हें हर साल 10 फीसद फीस बढ़ाने का आश्वासन दिया गया है और उन्होंने पेरेंट्स को धोखा देने के लिए निजी स्कूलों से कितने पैसे लिए हैं।

### फीस वृद्धि पर रोक के बाद भी आतिशी की बयानबाजी जारी : कमलजीत

नई दिल्ली। दिल्ली वाले स्तब्ध हैं कि जब दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री ने फीस वृद्धि रोक दी है तो दो दिन बाद भी नेता विपक्ष आतिशी मार्लेना आखिर बयानबाजी क्यों कर रही हैं ? लगता है वह अपनी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज को दबाने में लगी हैं। दिल्ली भाजपा में महामंत्री व सांसद कमलजीत सहरावत ने बुधवार को आतिशी पर निशाना साधते हुए यह बयान जारी किया। उन्होंने कहा है कि दिल्ली में कुछ प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस बढ़ाने की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने फीस वृद्धि पर रोक लगाते हुए दिल्ली के सभी निजी स्कूलों के खाते ऑडिट करवाने का आदेश दिया है और स्पष्ट किया है कि ऑडिट रिपोर्ट के बाद ही प्राइवेट स्कूल फीस बढ़ा सकेंगे पर उसके बावजूद आम आदमी पार्टी नेता इस पर बयानबाजी करने से नहीं रूक रहे।

### पीने के पानी की गंदी आपूर्ति से सैकड़ों घरों में गहराया संकट, महंगा पानी खरीदना मजबूरी

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड लापरवाही के चलते यमुना पार के कई क्षेत्रों में लोगों को गंदा पानी आपूर्ति हो रहा है। इस गंदे पानी को पीना तो दूर की बात इसे नहाने धोने में भी इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। ऐसा ही एक क्षेत्र मयूर विहार फेज 3 के पॉकेट बी 7 में करीब एक महीने से गंदे पानी की आपूर्ति से लोग बहुत ज्यादा परेशान हैं। हालात यह है कि यहां के लोगों को पानी की एक एक बूंद के लिए तरसना पड़ रहा है। पानी इतना गंदा व बदबूदार बताया जा रहा है कि इसे पीना तो दूर नहाने धोने के काम तक नहीं आ रहा। मजबूरी में लोगों को महंगा बोतल बंद पानी खरीदना पड़ रहा है। जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है, यहां रहने वालों की परेशानियां और ज्यादा बढ़ने लगी है। स्थानीय निवासी एस के शर्मा ने आरोप लगाया कि हमें केजरीवाल व आतिशी सरकार से तो परेशान थे ही। अब भाजपा की सरकार भी अगर उसी तरह करेगी तो हम कहां जाए। उन्होंने कहा कि यहां एक महीने से भी ज्यादा का समय हो गया , लेकिन साफ पानी नहीं आ रहा। गृहणी सुमन ने दुखड़ा सुनाया कि दिल्ली जल बोर्ड की कार्यशैली हमेशा से ऐसी ही रहती है।

### मानसून सत्र से पहले सौर ऊर्जा से रोशन होगी विधानसभा, छतों का हुआ ड्रोन से निरीक्षण

**नई दिल्ली।** मानसून सत्र से पहले दिल्ली विधानसभा पूरी तरह से सौर ऊर्जा से रोशन होगी। इसके लिए बुधवार को विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने पीडब्ल्यूडी और विधानसभा के अधिकारियों के साथ एक बैठक की और इस बैठक में योजना को अंतिम रूप दिया गया। वहीं सोलर पैनल लगाने के लिए सही जगहों का पता लगाने के लिए बुधवार को विधानसभा की छतों का ड्रोन से निरीक्षण किया गया। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली विधानसभा अब पूरी तरह सौर ऊर्जा से चलेगी, जिससे यह भारत की पहली ऐसी विधानसभा बनेगी जो 100 प्रतिशत सौर ऊर्जा पर काम करेगी। इस योजना के तहत 500 किलोवाट की सौर ऊर्जा प्रणाली लगाई जाएगी, जो अगले 60 दिनों में पूरी हो जाएगी।



## खबर संक्षेप

### वाहन चोर गिरफ्तार मोटरसाइकिल बरामद

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा डीएलएफ की टीम में आरोपी सद्दाम को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि रिकेश कुमार निवासी सूर्या विहार फरीदाबाद ने मार्च 2025 को थाना पल्ला में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया की उसने अपनी मोटरसाइकिल घर के बाहर खडा किया था। जिसके संबंध में थाना पल्ला में चोरी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मामले में अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने आरोपी सद्दाम निवासी गांव बडखल फरीदाबाद को एत्मादपुर सेक्टर-31 से मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है।

भाजपा के 45वें स्थापना दिवस पर प्रदर्शनी आयोजित

# भाजपा की प्रदर्शनी में दिखी संघर्ष से सत्ता की गाथा और राष्ट्रवादी कार्यप्रणाली की झलकियां, लोगों ने खूब सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

भारतीय जनता पार्टी के 45 वें स्थापना दिवस पर भाजपा के महानगर कार्यालय पर लगाई गई प्रदर्शनी में संघर्ष से सत्ता की गाथा और राष्ट्रवादी कार्यप्रणाली की झलकियाँ दिखाई दे रही हैं। जिनकी दर्शक खूब सराहना कर रहे हैं। यह प्रदर्शनी भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के संयोजन में किया गया। प्रदर्शनी का उद्‌घाटन स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया। भाजपा की राजनीतिक लोकतांत्रिक सफर की प्रदर्शनी पर अयोजित इस प्रदर्शनी में भारतीय जनता पार्टी के उदय स्थापना छह अप्रैल 1980 से अब तक ऐतिहासिक भाजपा की सफल यात्रा का प्रदर्शित किया गया है।



प्रदर्शनी में भाजपा का इतिहास दर्शाया

अवलोकन के दौरान भाजपा कार्यकताओं को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा भाजपा का राष्ट्रवादी गौरवशाली इतिहास की झलकियाँ इस प्रदर्शनी के द्वारा पूरे देश में कार्यालयों पर प्रदर्शित की जा रही है। इनमें डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय एकात्मवाद दर्शन गाथा, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार द्वारा पोखरण परमाणु परीक्षण आदि की प्रदर्शनी का मूलाधार है।

### प्रदर्शनी के माध्यम से भाजपा के संघर्ष की गाथा बताई

प्रदर्शनी के माध्यम से भाजपा के संघर्ष की गाथा को बताने का प्रयास किया गया है जिससे कार्यकर्ता भी जाने भाजपा अन्य पार्टियों से भिन्न है। प्रदर्शनी से यह स्पष्ट संदेश देने का काम किया गया है कि भाजपा राष्ट्रवाद से जुड़ा दल है बल्कि अन्य दल परिवारबाद से ऊपर उभर ही नहीं पाए।

### यह लोग उपस्थित रहे

प्रदर्शनी में पोखरण विस्फोट कर दुनिया में देश का गौरव का एहसास, कारगिल युद्ध का विजय की चित्रावली, मोदी जी के कार्यकाल में मजबूत सशक्त भारत, आत्मनिर्भर भारत के साथ ऐतिहासिक राम मंदिर, अनुच्छेद 370 , सीएए , तीन तलाक आदि प्रमुख बातों की महाकुंभ का सफल आयोजन प्रमुखरूप से प्रदर्शनी में प्रदर्शित किए गए हैं। उन्होंने कहा आज देश में मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और प्रदेश योगी के नेतृत्व में सुशासन सेवा समर्पण भाव से सभी वर्गों के कार्य कर विकास कार्य कर रही है। इस दौरान महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि इस प्रदर्शनी से भाजपा के संघर्षों और देश हित के ऐतिहासिक विषयों के विषय में कार्यकताओं को पता रहे हमारी पार्टी की विचारधारा राष्ट्रवादी विचारधारा है । हमारे लिये राष्ट्र सर्वोपरि हैं। उसके लिये ही भाजपा कार्यकर्ता कार्य करता है । इस अवसर पर मुख्यरूप से अमरदत्त शर्मा, साहिब सिंह, सिरोही, सुभाष शर्मा, बॉबी त्यागी, गुंजन शर्मा, तरुण शर्मा, कामेश्वर त्यागी, संजीव चौधरी आदि।

साइक्लोथॉन 2.0 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की

# आज पलवल से फरीदाबाद जिला की सीमा में प्रवेश करेगी ड्रग फ्री हरियाणा साइक्लोथॉन 2.0: डीसी सिंह

## फरीदाबाद जिला के लगभग 49098 से अधिक नागरिक साइक्लोथॉन के लिए करवा चुके पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा उदय आउटरीच कार्यक्रमों की श्रृंखला में हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के लिए ड्रग फ्री हरियाणा थीम के उद्देश्य के साथ चल रही साइक्लोथॉन (साइकिल यात्रा) वीरवार 10 अप्रैल को ड्रग फ्री हरियाणा संदेश के साथ फरीदाबाद जिला में प्रवेश करेगी।

यह जानकारी डीसी विक्रम सिंह ने दी। डीसी विक्रम सिंह ने बुधवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में फरीदाबाद की मेयर और सभी वार्ड पार्षदों के साथ साइक्लोथॉन 2.0 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की।

डीसी विक्रम सिंह और मेयर प्रवीण जोशी ने आमजन से आह्वान किया कि साइक्लोथॉन को पिंक थीम देने के लिए बढ़-चढ़कर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि साइकिल यात्रा को लेकर जिलावासियों में जबरदस्त उत्साह है। साइक्लोथॉन 2.0 के लिए फरीदाबाद जिला के लगभग 49098 से अधिक नागरिक अपना पंजीकरण करवा चुके है और अभी यह संख्या और ज्यादा भी बढ़ सकती है और साथ ही वह लोग जिन्होंने पंजीकरण नहीं करवाया है वे भी साइक्लोथॉन में भाग ले सकते है।




### यह लोग उपस्थित रहे

बैठक में डीसीपी जसलीन कौर, एसडीएम बडख़ल त्रिलोक चंद, एसडीएम बल्लभगढ़ मयंक भारद्वाज, सीटीएम अंकित कुमार सही सभी नव निर्वाचित पार्षद उपस्थित थे।

### सामाजिक बदलाव की ओर एक सशक्त कदम

मेयर प्रवीण जोशी ने आए हुए सभी नव निर्वाचित वार्ड पार्षद को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महिला पार्षद आगे आए और इस साइकिल यात्रा में महिलाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी वार्ड पार्षदों से कहा कि ड्रग फ्री हरियाणा बनाने के की शुरुआत सर्वप्रथम अपने घर, गली मोहल्ले से करें। उन्होंने सभी महिलाओं से अपील की है कि वे इस आयोजन में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने दोस्तों, परिवार और सहकर्मियों को भी प्रेरित करें। यह न केवल एक साइकिल रैली है, बल्कि एक सामाजिक बदलाव की ओर एक सशक्त कदम भी है।

## दो आरोपियों को नशा तस्करी मामले में पकड़ा

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने नशा तस्करी के मामले में अंकित व प्रवीन को गिरफ्तार किया है। 8 अप्रैल को क्राइम ब्रांच डीएलएफ की टीम ने अंकित निवासी गांव अनखीर फरीदाबाद को 520 ग्राम गांजा सहित बाईपास रोड सेक्टर-37 से काबू किया। क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 की टीम ने प्रवीन निवासी डबुआ कॉलोनी फरीदाबाद को 330 ग्राम गांजा सहित बडखल झील चौक के पास से काबू किया है। कि वह 600 ग्राम गांजा को मदनगिरी दिल्ली से किसी अंजान व्यक्ति से 5000 रुपए में खरीद कर लाया था, प्रवीन गांजा को दिल्ली से किसी अंजान व्यक्ति से 6000 रुपए में खरीद कर लाया था। आरोपियों का अपराधिक रिकार्ड भी है जिनके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई है।



## गांव खेड़ीकलां में युवक की हत्या के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा कर्णपाल की हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामले में आगे कार्रवाई करते हुए थाना बीपीटीपी की टीम ने एक और आरोपी राकेश निवासी खेड़ी कलां को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 6 अप्रैल को गांव खेड़ी कलां के रहने वाले कर्णपाल की दीपक व नवीन निवासी खेड़ी कलां ने पीट-पीटकर हत्या कर दी तथा लाश को प्लास्टिक के बोरे में डालकर गांव में ही झाड़ियों में फेक दिया। जिस पर थाना बीपीटीपी में हत्या की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। इस मामले में आरोपी दीपक व नवीन को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने आगे बताया कि थाना बीपीटीपी की टीम ने आगामी कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी राकेश गांव खेड़ी कलां फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

हर्ष ईएनटी अस्पताल ने मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस

# 111 गरीबों के कान के पर्दे का नि:शुल्क ऑपरेशन शिविर शुरू



एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद

विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में हर्ष ईएनटी अस्पताल में प्रेमानंद महाराज जी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना के साथ 111 गरीब मरीजों के कान के पर्दो का निशुल्क ऑपरेशन के शिविर शुरू हो गया। शिविर का उद्‌घाटन भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष (पश्चिम उत्तर प्रदेश) सत्येंद्र सिसोदिया ने किया। गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉ. बीपीएस त्यागी भी मौजूद रहे । इस अवसर पर सत्येंद्र सिसोदिया ने कहा कि वह डॉ. त्यागी द्वारा किए गए इस कार्य का अभिनंदन करते हैं और उनकी सफलता के लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं। उन्होंने बताया कि डॉ साहब द्वारा पिछले 26 वर्षों से इस कैंप का आयोजन किया जा रहा है जो कि एक प्रशंसनीय कार्य है और ऐसे कार्यों के लिए वह और उनकी टीम हमेशा डॉ साहब के साथ रहेंगी।मयंक गोयल ने कहा कि हमारे समाज को डॉ त्यागी जैसे जुझारू डॉक्टरों की जरूरत है।

### 17 अप्रैल तक चलेगा शिविर

उन्होंने कहा कि पीएम मोदी द्वारा चलाए गए टीबी मुक्त भारत के अभियान को सफल करने में भी डॉ. त्यागी के सहयोग की उम्मीद करते हैं और स्वास्थ्य संबंधी हर तरह के कार्यों के लिए वह डॉ. साहब का सहयोग करते रहेंगे । डॉ. त्यागी ने बताया कि उनके द्वारा इस शिविर का आयोजन पिछले 26 वर्षों से किया जा रहा है जिसमें हर वर्ष गरीब मरीजों के कान पर्दो का नि:शुल्क ओप्रेशन किया जाता है। इस वर्ष भी 111 गरीब मरीजों के ऑपरेशन का लक्ष्य रखा गया है। यह निशुल्क शिविर 7 अप्रैल से शुरू हो चुका है और 17 अप्रैल तक चलेगा।

# इंवेस्टमेंट का लालच दे 7.59 करोड़ की ठगी

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा साइबर ठगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी कड़ी में कार्यवाही करते हुए साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने आरोपी सरणाकांता को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना सैंट्रल में सेक्टर-15 फरीदाबाद में रहने वासी महिला ने शिकायत दी। जिसमें आरोप लगाया कि पिछले दो साल से ट्रैडिंग का कर रही थी, 4 जनवरी 2024 को फेसबुक पर शेयर मार्किट में इंवेस्टमेंट के लिए एक लिंक देखा। ग्रुप में होने वाली बातचीत और अन्य लोगों द्वारा बताए गए मोटे मुनाफे को देख कर लालच में आ गई और ठगों को शेयर मार्केट में इंवेस्ट करने की सहमति जताई। फिर उसके पास एक लिंक भेजकर एप पर अकाउंट खुलवाया गया। जिसके बाद ठगों द्वारा कस्टमर सर्विस से बात करके फंड अकाउंट में ऐड करने के लिए कहा गया। जिसके बाद उसने इस एप के माध्यम से 61 लाख रुपये निवेश किए। ठगों द्वारा शिकायतकर्ता को और अधिक मुनाफे का लालच दिया और लिंक भेज कर दुसरी एप पर अकाउंट खोलने की बात कही। इस प्रकार ठगों द्वारा विभिन्न ट्रांजेक्शन के माध्यम से शिकायतकर्ता से 6 करोड 98 लाख रूपये ट्रांसफर करवाए। ऐसे करके ठगों ने शिकायतकर्ता के साथ कुल 7 करोड 59 लाख रूपये की धोखाधड़ी की। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में ठगी की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।


**अभियुक्त व्यक्तियों की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि दो अभियुक्त **सुरेन्द्र कुमार गोयल निदेशक और सीमा अग्रवाल प्रबंधक निदेशक मेसर्स एमजी क्लॉथ प्राइवेट लिमिटेड, पताः ए–8/25, कालकाजी एक्सटेंशन, नई दिल्ली, एफ–466, सेक्टर–63, नोएडा–201301 उत्तर प्रदेश, मकान संख्याः 1700, भूतल, सेक्टर–9, फरीदाबाद–121006 और एच–8 प्रथम तल, कैलाश कॉलोनी नई दिल्ली ने सीसी संख्या 6587/17, 6588/17, 6590/17, 6589/17 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः कोतवाली, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होनें किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुरेन्द्र कुमार एवं सीमा अग्रवाल** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुरेन्द्र कुमार एवं सीमा अग्रवाल** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे हैं)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **सीसी संख्या 6587/17, 6588/17, 6590/17, 6589/17 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थाना कोतवाली, दिल्ली के उक्त सुरेन्द्र कुमार एवं सीमा अग्रवाल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
देशना गोलेच्छा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)–07
कोर्ट नं.507, विस्तार खण्ड
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4321/N/2025


## ठगी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने आरोपी को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

टैलीकॉम अथॉरिटी और मुम्बई क्राइम ब्रांच का कर्मचारी बनकर ठगी करने के मामले में साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने आरोपी को काबू किया है। सेक्टर-37 फरीदाबाद में रहने वाले एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया कि 7 अगस्त 2024 को उसके पास एक कॉल आया जिसने खुद को टैलीकॉम अथॉरिटी का कर्मचारी बताया और उसे बताया कि उसके नाम से एक नया फोन नंबर रजिस्टर्ड हुआ है, जिससे बहुत सारे गैर-कानूनी मैसेज भेजे जाने की बात कही, जिसके आधार पर मुंबई में केस रजिस्टर्ड होने बारे बताया। जिसके बाद ठग के द्वारा कॉल को कथित पुलिस अधिकारी के साथ जोड़ा गया जिसने बताया कि उसका मुंबई में बैंक में खाता है जिसमें 6 करोड़ 80 लाख गैर कानूनी पैसा आया है।


**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय**

ज्ञान शांति मैत्री

( संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय )
पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा–442001 ( महाराष्ट्र )
दूरभाष सं: 07152-230901; वेबसाइट www.hindivishwa.org

**रोजगार सूचना**
**कुलसचिव, वित्ताधिकारी एवं परीक्षा नियंत्रक के पद हेतु**

विज्ञापन संख्या : एम.जी.ए.एच.वी./03/2025 दिनांक: 25.03.2025

विश्वविद्यालय में सीधी भर्ती / प्रतिनियुक्ति के अंतर्गत निम्नलिखित गैर–शैक्षणिक पदों को भरने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से अर्ह भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं :

| पद कोड | पदनाम | 7वें वेतन आयोग के अनुसार पै-मैट्रिक्स | | कुल पद | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | पे–लेवल | वेतन सीमा | | |
| 1 | कुलसचिव | लेवल–14 | रु. 1,44,200 – 2,18,200 | 01 | अनारक्षित |
| 2 | वित्ताधिकारी | लेवल–14 | रु. 1,44,200 – 2,18,200 | 01 | अनारक्षित |
| 3 | परीक्षा नियंत्रक | लेवल–14 | रु. 1,44,200 – 2,18,200 | 01 | अनारक्षित |

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 (इक्कीस) दिन होगी। किसी भी तरह का शुद्धिपत्र, यथावश्यकता केवल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा। **आवेदन हेतु लिंक 'रोजगार समाचार' में प्रकाशन की तिथि से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।**

**आवेदन ऑनलाइन करना अनिवार्य है।** आवेदन की हार्ड–कॉपी तथा सेवारत (In-service) आवेदकों की अग्रिम प्रति, संबंधित दस्तावेजों सहित डाक (सिर्फ पंजीकृत/स्पीड पोस्ट) से विश्वविद्यालय में भेजने की अंतिम तिथि ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि से 10 (दस) दिन होगी। उपर्युक्त पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता, आयु, अनुभव, सेवा शर्तों, परिलब्धियों, वांछनीय योग्यताओं एवं आवेदन शुल्क इत्यादि से संबंधित विस्तृत विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइटः www.hindivishwa.org पर उपलब्ध है।

CBC 21207/12/0001/2526 कुलसचिव



**ग्रीष्मकालीन विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का परिचालन**

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**04088/04087 नई दिल्ली – पटना जं. – नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 164 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04088 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04087 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:50 | नई दिल्ली | 04:40 | -- |
| 08:40 | -- | पटना जं. | -- | 12:00 |

**चलने की तिथि : 04088 नई दिल्ली** से दिनांक 20.04.2025 से 10.07.2025 तक (प्रतिदिन) एवं **04087 पटना जं.** से दिनांक 21.04.2025 से 11.07.2025 तक (प्रतिदिन)। **स्थानः** 3 टियर वाता. एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा एवं दानापुर स्टेशन।

**04081/04082 श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा – नई दिल्ली – श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 72 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04081 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04082 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:45 | नई दिल्ली | 09:30 | -- |
| 11:40 | -- | श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा | -- | 21:20 |

**चलने की तिथि : 04081 नई दिल्ली** से दिनांक 21.04.2025 से 12.07.2025 तक (सोमवार, बुधवार एवं शनिवार) को एवं **04082 श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 22.04.2025 से 13.07.2025 तक (मंगलवार, गुरूवार एवं रविवार) को। **स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र जं., अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट जं., जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

**04024/04023 दिल्ली जं. – वाराणसी जं. – दिल्ली जं. आरक्षित सुपरफास्ट त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 70 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04024 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04023 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:30 | दिल्ली जं. | 08:50 | -- |
| 09:45 | -- | वाराणसी जं. | -- | 18:35 |

**चलने की तिथि : 04024 दिल्ली जं.** से दिनांक 21.04.2025 से 10.07.2025 तक (सोमवार, गुरूवार एवं शनिवार) को एवं **04023 वाराणसी जं.** से दिनांक 22.04.2025 से 11.07.2025 तक (मंगलवार, शुक्रवार एवं रविवार) को। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** गाजियाबाद, मुरादाबाद, लखनऊ, राय बरेली जं., माँ बेल्हा देवी धाम स्टेशन।

**04064/04063 नई दिल्ली जं. – गया जं. – नई दिल्ली आरक्षित सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 48 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04064 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04063 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:30 | नई दिल्ली | 23:35 | -- |
| 01:50 | -- | गया जं. | -- | 06:40 |

**चलने की तिथि : 04064 नई दिल्ली** से दिनांक 21.04.2025 से 10.07.2025 तक (सोमवार एवं गुरूवार) को एवं **04063 गया जं.** से दिनांक 22.04.2025 से 11.07.2025 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को। **स्थानः** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., भभुआ रोड, सासाराम एवं डेहरी ऑनसोन स्टेशन।

**04066/04065 नई दिल्ली जं. – सहरसा जं. – नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 48 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04066 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04065 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 21:35 | नई दिल्ली | 23:30 | -- |
| 22:00 | -- | सहरसा जं. | -- | 23:55 |

**चलने की तिथि : 04066 नई दिल्ली** से दिनांक 21.04.2025 से 10.07.2025 तक (गुरूवार एवं सोमवार) को एवं **04065 सहरसा जं.** से दिनांक 22.04.2025 से 11.07.2025 तक (शुक्रवार एवं मंगलवार) को। **स्थानः** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं., दलसिंह सराय, बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं मानसी जं. स्टेशन।

**04096/04095 आनन्द विहार (ट.) – जयनगर – आनन्द विहार (ट.) आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 48 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04096 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04095 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:00 | आनन्द विहार (ट.) | 08:10 | -- |
| 05:20 | -- | जयनगर | -- | 07:30 |

**चलने की तिथि : 04096 आनन्द विहार (ट.)** से दिनांक 21.04.2025 से 10.07.2025 तक (सोमवार एवं गुरूवार) को एवं **04095 जयनगर** से दिनांक 22.04.2025 से 11.07.2025 तक (मंगलवार एवं शुक्रवार) को। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** गोविन्दपुरी, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र जं., सोनपुर, हाजीपुर जं., मुज़फ़्फ़रपुर जं., समस्तीपुर जं., दरभंगा जं. एवं मधुबनी स्टेशन।

**04518/04517 बठिण्डा जं. – वाराणसी जं. – बठिण्डा जं. आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 48 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04518 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04517 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:50 | बठिण्डा जं. | 17:00 | -- |
| 17:30 | -- | वाराणसी जं. | -- | 20:40 |

**चलने की तिथि : 04518 बठिण्डा जं.** से दिनांक 21.04.2025 से 11.07.2025 तक (सोमवार एवं शुक्रवार) को एवं **04517 वाराणसी** से दिनांक 22.04.2025 से 12.07.2025 तक (मंगलवार एवं शनिवार) को। **स्थानः** शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** रामपुरा फूल, बरनाला, धूरी, पटियाला, राजपुरा, अम्बाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ स्टेशन।

**04209/04210 लखनऊ जं. – चण्डीगढ़ – लखनऊ जं. आरक्षित सुपरफास्ट स्पेशल रेलगाड़ी** — 70 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04209 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04210 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 20:45 | लखनऊ जं. | 21:30 | -- |
| 07:55 | -- | चण्डीगढ़ | -- | 10:20 |

**चलने की तिथि : 04209 लखनऊ जं.** से दिनांक 21.04.2025 से 09.07.2025 तक (सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार) को एवं **04210 चण्डीगढ़** से दिनांक 22.04.2025 से 10.07.2025 तक (मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार) को। **स्थानः** प्रथम सह द्वितीय वाता., 2 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** शाहजहाँपुर, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी एवं अम्बाला कैंट जं. स्टेशन।

**05636/05635 गुवाहाटी – श्री गंगानगर जं. – गुवाहाटी ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी** — 12 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05636 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05635 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 18:15 | गुवाहाटी | 00:25 | -- |
| 03:30 | -- | श्री गंगानगर जं. | -- | 13:20 |

**चलने की तिथि : 05636 गुवाहाटी** से दिनांक 21.05.2025 से 25.06.2025 तक (प्रत्येक बुधवार) को एवं **05635 श्री गंगानगर जं.** से दिनांक 25.05.2025 से 29.06.2025 तक (प्रत्येक रविवार) को। **स्थानः** सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** कामाख्या, गोलपाड़ा टाउन, न्यू बोंगाईगांव, कोकराझार, अलीपुरद्वार जं., दलगांव, न्यू जलपाईगुड़ी, किशनगंज, कटिहार जं., नौगछिया, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी जं., समस्तीपुर जं., मुजफ्फरपुर, हाजीपुर, छपरा जं., सीवान, भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., मनकापुर जं., अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, मथुरा जं., भरतपुर जं., बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., रींगस जं., सीकर जं., चूरू, सादुलपुर जं., तहसील भादरा, नोहर, ऐलनाबाद हनुमानगढ़ जं. एवं सादुलशहर स्टेशन।

**05742/05741 न्यू जलपाईगूड़ी – अयोध्या कैंट – न्यू जलपाईगूड़ी ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी** — 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05742 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05741 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 13:40 | न्यू जलपाईगूड़ी | 09:30 | -- |
| 09:30 | -- | अयोध्या कैंट | -- | 11:40 |

**चलने की तिथि : 05742 न्यू जलपाईगूड़ी** से दिनांक 18.05.2025 से 29.06.2025 तक (प्रत्येक रविवार) को एवं **05741 श्री अयोध्या कैंट** से दिनांक 19.05.2025 से 30.06.2025 तक (प्रत्येक सोमवार) को। **स्थानः** सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** अलुआबाड़ी रोड, किशनगंज, बारसोई, कटिहार जं., नौगछिया, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, साहपुर पटोरी, हाजीपुर छपरा जं., सीवान, देवरिया सदर, गोरखपुर एवं मनकापुर जं. स्टेशन।

**02525/02526 कामाख्या – आनन्द विहार (ट.) – कामाख्या ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02525 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02526 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 22:45 | कामाख्या | 03:40 | -- |
| 08:50 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 17:20 |

**चलने की तिथि : 02525 कामाख्या** से दिनांक 11.04.2025 से 25.04.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार) को एवं **02526 आनन्द विहार (ट.)** से दिनांक 13.04.2025 से 27.04.2025 तक (प्रत्येक रविवार) को। **स्थानः** प्रथम वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** गोलपाड़ा टाउन, अभयपुरी असम, बिलासीपारा, गौरीपुर, गोलकगंज तूफानगंज, न्यू कूचबिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, किशनगंज, बारसोई, कटिहार, नौगछिया, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी, हाजीपुर, पाटलिपुत्र, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, प्रयागराज, गोविंदपुरी, टूंडला एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन।

**01705/01706 जबलपुर जं. – हरिद्वार – जबलपुर जं. ग्रीष्मकालीन एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी** — 22 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 01705 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 01706 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:45 | जबलपुर जं. | 17:50 | -- |
| 13:50 | -- | हरिद्वार | -- | 17:40 |

**चलने की तिथि : 01705 जबलपुर जं.** से दिनांक 16.04.2025 से 25.06.2025 तक (प्रत्येक बुधवार) को एवं **01706 हरिद्वार** से दिनांक 17.04.2025 से 26.06.2025 तक (प्रत्येक गुरूवार) को। **स्थानः** प्रथम वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी। **ठहरावः** कटनी मुरवाड़ा, दमोह, सागर, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., ग्वालियर जं., आगरा कैंट जं., अलीगढ जं., खुर्जा जं., हापुड, मेरठ सिटी एवं रूड़की स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1076/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पेज एक का शेष

### होम, कार व कॉरपोरेट...

मल्होत्रा ने कहा कि रेपो दर को तत्काल प्रभाव से 25 आधार अंकों से घटाकर 6% करने के लिए मतदान किया। इस दौरान गवर्नर ने वैश्विक विकास के लिए नई चुनौतियों की ओर इशारा भी किया। इस कदम से आवास, ऑटो और कॉर्पोरेट ऋण लेने वालों को राहत मिली। आरबीआई गवर्नर ने वित्तीय वर्ष 2026 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर 6.5% रहने का अनुमान जताया।

**वित्तीय वर्ष 2025-26 में 4% तक रह सकती है महंगाई दरः** मल्होत्रा ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति निर्णायक रूप से सकारात्मक दायरे में प्रवेश कर रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए मुद्रास्फीति 4% रहने का अनुमान लगाया गया है। फरवरी में महंगाई दर 4.2% रहने का अनुमान लगाया गया है।

### मैं संजय हूं, लेकिन ...

वास्तव में नहीं जानते। मैं संजय हूं, लेकिन मैं महाभारत का संजय नहीं हूं कि इतनी दूर तक देख सकूं। मेरे पास उनकी जैसी दिव्य दृष्टि नहीं है।

### चीन को लेकर बोले...

के कार्यक्रम में दी। राणा पाकिस्तानी-कनाडाई मूल का पाक समर्थित लश्करे-तैयबा आतंकी संगठन का आतंकवादी है। उसकी मदद से किए गए मुंबई आतंकी हमले में कुल करीब 170 से अधिक लोगों की जान चली गई थी। जिसमें कुछ विदेशी नागरिक भी शामिल थे। यहां बता दें कि आतंकवादी तहव्वुर राणा के करीब 24 से 48 घंटे में भारत पहुंचने की संभावना है। जिसके बाद राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की हिरासत में रहेगा और उसके बाद उसे मुंबई की किसी अधिकृत जेल में भेजा जाएगा।

### ट्रंप के टैरिफ का...

अभी हमें पता नहीं है। हालांकि हमने ये तय किया है कि हम ट्रंप प्रशासन के साथ इस मामले पर बहुत ही खुले और सकारात्मक ढंग से बातचीत करेंगे। भारत का पूरा ध्यान अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते से जुड़ी बातचीत को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है।

### चीन से दोस्ती...

रिपोर्ट देखी हैं। लेकिन मैं यहां यह स्पष्ट कर दूं कि भारत के उक्त फैसले से बांग्लादेश के भारतीय भूभाग से नेपाल और भूटान को किए जाने वाले निर्यात पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण को लेकर उन्होंने कहा कि इस मामले पर हमारे पास कहने के लिए अभी कुछ नहीं है। वहां पर अल्पसंख्यकों के खिलाफ होने वाली हिंसा, अत्याचारों और उनके साथ किए जाने वाले व्यवहार को लेकर हमारी चिंताएं हमने उनके सामने रखी हैं। कई मुलाकातों में भी उनके समक्ष इस मामले को उठाया गया है। बैंकॉक में भी इस मुद्दे को भी उठाया गया था। लेकिन इन्हें राजनीतिक कारणों का हवाला देकर या मीडिया में की जा रही अतिशयोक्ति के नाम पर खारिज नहीं किया जा सकता है। भारत उम्मीद करता है कि बांग्लादेश की सरकार अल्पसंख्यकों पर अत्याचारों से जुड़े इस मामले पर कड़े कदम उठाते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। पूर्वोत्तर में चिकन नेक क्षेत्र में जारी गतिविधियों पर भारत की नजर है। तीस्ता नदी का मामला भारत-बांग्लादेश के बीच का द्विपक्षीय मामला है।

**विक्ट्री डे परेड के लिए पीएम को न्योताः** उन्होंने कहा कि रूस के विक्ट्री डे परेड समारोह (9 मई 2025) में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस से निमंत्रण प्राप्त हुआ है। लेकिन इसे लेकर भारत से जुड़े कार्यक्रम की हम उचित समय पर घोषणा करेंगे। जिसमें स्वदेशी सशस्त्र सेनाओं के दस्ते के इस समारोह में भाग लेने का विषय भी शामिल है। उधर, रूस के उप विदेश मंत्री ने आंद्रे रुडेंको ने रूस की न्यूज एजेंसी तास को बताया कि परेड के लिए प्रधानमंत्री मोदी को पहले ही निमंत्रण भेजा जा चुका है। इसके लिए मॉस्को में तैयारियां चल रही हैं। इस वर्ष द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1945 में तत्कालीन सोवियत संघ (वर्तमान में रूस) की जर्मनी पर हासिल की गई जीत की 80वीं वर्षगांठ है, जिसका जश्न रूस रेड स्क्वायर पर भव्य सैन्य परेड के जरिए करने जा रहा है। इसमें पीएम मोदी के अलावा रूस ने अपने कुछ अन्य मित्र देशों के शीर्ष नेताओं को भी आमंत्रित किया है।

### भारत में बिम्सटेक...

है। बिम्सटेक में दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया को जोड़ने की क्षमता है। हमारा साझा इतिहास और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है जो हमें स्वाभाविक साझेदार बनाती है। उन्होंने उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, भारत किसानों को नकदी का सीधा हस्तांतरण, संस्थागत ऋण तक पहुंच में सुधार, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, फसल बीमा, महिलाओं को ड्रोन प्रदान करने के लिए नमो ड्रोन दीदी योजना जैसे लक्षित उपायों को लागू कर रहा है। भारत किसानों को सशक्त बनाने के लिए डिजिटल तकनीकों का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

चौहान ने बिम्सटेक कृषि सहयोग (2023-2027) को मजबूत करने के लिए कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए 6वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान किए गए प्रयासों के लिए बिम्सटेक देशों के नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने क्षेत्र में लोगों की आजीविका में सुधार लाने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मत्स्य पालन और पशुधन के सतत विकास में सहयोग बढ़ाने के निर्देशों के लिए आभार व्यक्त किया। श्री चौहान ने इस बात पर जोर देते हुए निष्कर्ष निकाला कि बिम्सटेक क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा, जलवायु अनुकूलन और कृषि को सतत बनाने के हमारे प्रयासों का केंद्र है और इन प्रयासों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया।

### एयर इंडिया की फ्लाइट...

आ चुका है। मामला बढ़ने के बाद यात्री ने पीड़ित से माफी भी मांगी है। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि एयर इंडिया इस बात की पुष्टि करता है कि 9 अप्रैल को दिल्ली से बैंकॉक जाने वाली फ्लाइट एआई 2336 को कंट्रोल करने वाले केबिन क्रू को एक अनियंत्रित यात्री के व्यवहार की सूचना दी गई थी। क्रू ने सभी निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया और मामले की सूचना अधिकारियों को दे दी गई है।

### भाजपा के साथ साठगांठ...

में ऐसे नेता को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी देना कहां तक जायज है? इस सवाल के बाद तेज तालियों के बीच अहमदाबाद के कांग्रेसी जलसे में अजीब सी खामोशी पसर गई। जिसे तोडा खुद राहुल गांधी ने। उन्होंने दो टूक कहा कि कांग्रेस को फिर से मजबूत करने के लिए संगठन में बड़े बदलाव की जरूतर है। भाजपा से मिले हुए 20-30 नेताओं को हटाने की आवश्यकता है। अब सवाल ये उठ रहा है कि जिन नेताओं पर भाजपा से मिले होने का आरोप चस्पां किया जा रहा है उसकी कसौटी क्या है? क्या भाजपा नेताओं से मिलनाजुलना, संग चाय पीना गुस्ताखी है या फिर कांग्रेस तोडफोड की हद तक भाजपा के साथ मिले होने को गुस्ताखी की श्रेणी में रखा जा रहा है? सवाल मौजूं है। जिसकी वजह से वरिष्ठ कांग्रेसियों के बीच बेचैनी है। राहुल ने 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और युवा नेतृत्व को आगे लाने की योजना पेश की। राहुल ने जातिगत जनगणना और 50 फीसदी आरक्षण सीमा बढ़ाने जैसे मुद्दों को चुनावी हथियार बनाने की बात कही। राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी ने गुजरात इकाई में उन नेताओं की पहचान की, जो कथित तौर पर भाजपा के साथ मिले हुए थे या निष्क्रिय रहे। इन नेताओं को हटाने की प्रक्रिया शुरू होगी। युवा और स्थानीय नेताओं को जिम्मेदारी देने की योजना को मूर्त रूप दी गई है। इसमें बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करना शामिल है। गुजरात में 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को केवल 17 सीटें मिली थीं, जबकि भाजपा ने 156 सीटों के साथ प्रचंड जीत हासिल की थी। इस हार के बाद पार्टी गुजरात में अपनी साख बचाने की कोशिश में जुटी है। उन्होंने किसी भी पार्टी के साथ किसी भी राज्य में गठबंधन से इनकार नहीं किया। 2025 से 2027 तक लगातार जनसंपर्क अभियान चलाने की योजना। गुजरात में भाजपा के हिंदुत्व नैरेटिव का जवाब देने के लिए सॉफ्ट हिंदुत्व और सामाजिक न्याय के मिश्रण पर काम होगा।

### वक्फ कानून को लेकर...

सकते हैं कि एक कानून कैसे असंवैधानिक है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राहुल गांधी को वक्फ पर बोलने की कोशिश करने के लिए अहमदाबाद का इंतजार करना पड़ा। मैं कहना चाहता हूं कि राहुल गांधी 12-13 घंटे सदन में बहस हुई आप खुद बैठे थे, वक्फ पर आपने क्यों नहीं बोला। ये दिखाता है कि क्या बोलना चाहिए, क्या नहीं बोलना चाहिए, इसके बारे में उनकी (राहुल गांधी) सोच में स्पष्टता नहीं होती है। प्रसाद ने आगे कहा कि इससे पता चलता है कि राहुल गांधी को समझ नहीं आ रहा है कि वक्फ के बारे में क्या बोलना है। मैं पूरे अधिकार से कह रहा हूं कि राहुल गांधी के पास इस बात की स्पष्टता नहीं है कि उन्हें किस मुद्दे पर और कब क्या रुख अपनाना चाहिए। उन्हें इन तीन सवालों का जवाब देना चाहिए। क्या आपको यह सही लगता है या गलत कि वक्फ की 8 लाख रुपये से अधिक कीमत वाली संपत्ति पर गरीब मुसलमानों और बेटियों के लिए कोई अस्पताल, स्कूल, अनाथालय या कौशल केंद्र नहीं बनाया गया है? क्या आपको इस बात से परेशानी है कि मुस्लिम समुदाय की विधवाओं की तरक्की के लिए वक्फ में सुधार किया जा रहा है? भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि आजकल किसी ने उन्हें ओबीसी पर बोलने के लिए चिट थमा दी है। तो, क्या आपको कोई दिक्कत है अगर वक्फ में संशोधन के जरिए पिछड़े मुसलमानों पर विचार किया जा रहा है? वक्फ पर उनका रुख देरी से आया है। उनसे कहा गया कि उन्होंने वक्फ के बारे में कुछ नहीं कहा, इसलिए उन्होंने सिर्फ कहने के लिए बिल को असंवैधानिक बताया। उन्होंने कहा कि इस देश ने राहुल गांधी को गंभीरता से लेना बंद कर दिया है। राहुल गांधी जब ओबीसी की बात करते हैं तो सबसे पहले ये बताइए कि कांग्रेस पार्टी के सबसे उच्च निर्णय लेना में ओबीसी को जगह है क्या? यही कांग्रेस पार्टी की सच्चाई है।

---

## पूर्व आईएएस को पिछले दिन घूसखोरी के आरोप में निलंबित किया गया था

# महाकुंभ संभालने वाले विजय किरन को सीएम योगी ने दी बड़ी जिम्मेदारी, इन्वेस्ट यूपी का नया सीईओ बनाया

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विजय किरन आनंद पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ी जिम्मेदारी दी है। विजय किरन आनंद को इन्वेस्ट यूपी का सीईओ बनाया गया है। इस पद पर रहे आईएएस अभिषेक प्रकाश को पिछले दिनों घूसखोरी के आरोप में निलंबित कर दिया गया था।

**खास बातें**

- **विजय किरन की गिनती बेहद करीबी अधिकारियों में होती है**
- **किरन को वहां का जिलाधिकारी बनाया गया था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

महाकुंभ के दौरान बनाए गए नए जिले महाकुंभ नगर के जिलाधिकारी रहे और इस समय प्रयागराज के मेलाधिकारी विजय



किरन आनंद को सीएम योगी ने बड़ी जिम्मेदारी देते हुए इन्वेस्ट यूपी का सीईओ बना दिया है। इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश को पिछले दिनों घूसखोरी के आरोप में निलंबित करते हुए यहां से हटा दिया गया था। 2009 बैच के आईएएस अधिकारी विजय किरन की गिनती सीएम योगी के बेहद करीबी अधिकारियों में होती है। पीएम नरेंद्र मोदी के वाराणसी से सांसद बनने के बाद विजय किरन को वहां का जिलाधिकारी बनाया गया था।

### 2019 के कुंभ में पूरा विजय को सौंपा गया था

इसके बाद सीएम योगी ने अपने जिले गोरखपुर में भी विजय किरन को जिलाधिकारी की जिम्मेदारी दी थी। 2019 के कुंभ और इसी साल हुए महाकुंभ का पूरा जिम्मा भी विजय किरन को सौंपा गया था। उन्हें दोनों बार मेलाधिकारी बनाया गया था। इस समय भी वह प्रयागराज के मेलाधिकारी के पद पर तैनात हैं। विजय किरण का जन्म बेंगलुरु में हुआ था। वह चार्टर्ड अकाउंटेंट भी हैं। विजय किरन के साथ ही पंचायतीराज विभाग में अपर निदेशक रहे आईएएस राजकुमार को प्रतीक्षारत किया गया है।

### आनंद को 2020 में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कृत भी किया गया था

विजय किरण आनंद वाराणसी और गोरखपुर में जिलाधिकारी की जिम्मेदारी संभालने से पहले मैनपुरी, उन्नाव, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर के भी डीएम रहे हैं। हर जिले में अपने फैसलों और योजनाओं के कारण नई पहचान भी बनाई। यूपी में 2017 में योगी की सरकार बनने पर योगी ने माघ मेला के आयोजन में लगाया। इसके बाद 2019 में उन्हें अर्ध कुंभ मेला की जिम्मेदारी सौंपी। इसके बाद इस साल महाकुंभ 2025 के आयोजन से ठीक पहले उन्हें दोबारा प्रयागराज लाया गया और मेलाधिकारी बनाया गया। महाकुंभ नगर के जिलाधिकारी भी रहे। उन्होंने मध्याह्न भोजन योजना के निदेशक, बेसिक शिक्षा में विशेष सचिव और स्कूल शिक्षा के निदेशक के रूप में भी कार्य किया है। उनकी पहल से स्कूलों में पोषण स्तर में सुधार हुआ और शिक्षा के परिणाम बेहतर हुए हैं।

---


## मंत्री लिंडा ने आवासीय बालिका उच्च विद्यालय का किया निरीक्षण, कहा- बेटियां बनेंगी डॉक्टर-इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रांची


कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने बुधवार को राजधानी रांची के जेल मोड़ स्थित राजकीय पिछड़ी जाति +2 आवासीय बालिका उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों, छात्राओं की उपस्थिति, भोजन, आवासीय सुविधा, पुस्तकालय, और सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मंत्री लिंडा ने विद्यालय प्रबंधन समिति और छात्राओं से सीधा संवाद कर उन्हें प्रदेश सरकार की शैक्षणिक व कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया।

### छात्र-छात्राओं को आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए

मंत्री ने विद्यालय परिसर में ही नवनिर्माणाधीन बालिका छात्रावास भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिया कि छात्राओं के लिए सुरक्षित, सुविधाजनक और आधुनिक आवासीय व्यवस्था शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। मंत्री ने कहा कि झारखंड सरकार छात्राओं की हर शैक्षणिक जरूरत- किताबें, ड्रेस, हॉस्टल, स्कॉलरशिप और करियर गाइडेंस की पूर्ति के लिए कटिबद्ध है। सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाओं का उद्देश्य है कि छात्राएं बेहतर प्रदर्शन कर अपने घर-समाज और राज्य का नाम रोशन करें।






डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# जब अचानक शुरू हो हेयर फॉलिंग की प्रॉब्लम



**मेरी उम्र 38 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरे बाल कुछ ज्यादा ही झड़ रहे हैं। कृपया बताएं कि इस समस्या से निजात पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-अंकुर, रायपुर**

आप इस बात पर गौर करें कि क्या आपका रहने का स्थान चेंज हुआ है? मतलब आप जो पानी पीते हैं, वो तो नहीं बदला है, क्योंकि कई बार पानी बदलने की वजह से इस तरह की समस्या देखी जाती है। आपने बताया है कि समस्या अभी शुरू हुई है। अगर ऐसा है तो आपको पानी बदलना चाहिए, साथ ही बाजार में उपलब्ध तरह-तरह के शैंपू और साबुन का प्रयोग कम से कम करें। अगर प्रॉब्लम ज्यादा है तो आप एक बार त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के बाद भी मेरा गला सूखता रहता है। हमेशा प्यास-सी लगी रहती है। ऐसा क्यों होता है? कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-पवन, बिलासपुर**

यह समस्या आपको कब से शुरू हुई है, क्योंकि मौसम बदलते यानी गर्मी के मौसम में यह समस्या काफी लोगों को देखी जा रही है। अगर ऐसा है तो चिंता की बात नहीं है, प्यास के अनुसार पानी पीते रहे। लेकिन अगर सभी मौसम में ऐसा है तो जरूर आपको ध्यान देना चाहिए। हालांकि कई बार पेट की समस्या की वजह से प्यास ज्यादा लगती है, इस बात पर ध्यान दें। फिलहाल कुछ दिनों के लिए अधिक ऑयली खाना ना खाएं, इस तरह परिवर्तन करने से आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। मुझे सिगरेट पीने की लत है। कई बार इस लत को छोड़ने की कोशिश की, लेकिन छोड़ नहीं पाया। कृपया कोई उपाय बताएं, जिससे मेरी स्मोकिंग छूट जाए।**

**-संकेत, रोहतक**

मौजूदा समय में देश में कई शहरों में ऐसे सरकारी केंद्र हैं, जहां पर इस तरह की लत छुड़वाई जाती है। वहां डॉक्टर ऐसी दवा देते हैं, जिससे उस जैसे केमिकल बॉडी को मिलते हैं, जो सिगरेट पीने के दौरान मिलते हैं और इसकी मात्रा धीरे-धीरे करके कम की जाती है, जिससे आदत छोड़ने में मदद मिलती है। तो बेहतर होगा कि आप एक बार किसी ऐसे सेंटर में संपर्क कर लें।

**मेरी उम्र 54 वर्ष है। आजकल मुझे छोटी-छोटी बातों पर बहुत अधिक गुस्सा आता है। गुस्से की वजह से मेरे हाथ-पैर कांपने लगते हैं और पसीना भी बहुत आता है। कृपया बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-महेंद्र प्रताप, बलौदा बाजार**

आपके लक्षणों से ऐसा लग रहा है कि बीपी बढ़ने की वजह से इस तरह की समस्या आ रही है। बेहतर होगा कि आप एक बार डॉक्टर से संपर्क कर अपने बीपी की जांच कराएं। क्योंकि बीपी का प्रमुख लक्षण कुछ ऐसा ही होता है। अगर ऐसा है तो डॉक्टर आपके लिए दवा शुरू करेंगे, जिसे आपको रेग्युलर खाना पड़ेगा, जिससे आराम मिलेगा। इसे लेकर लापरवाही न बरतें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। मेरे ब्लड टेस्ट रिपोर्ट में सोडियम का लेवल कम आया है। मैं दवा तो ले रहा हूं लेकिन प्लीज बताएं मुझे कैसी डाइट लेनी चाहिए, जिससे सोडियम लेवल नॉर्मल करने में मदद मिल सके?**

**-संजय, महासमुंद**

चूंकि आपकी उम्र अधिक है, सोडियम की कमी से परेशानी हो सकती है। हालांकि सोडियम की कमी और अधिकता नुकसानदेय हो सकती है। आपको खान-पान में ध्यान देना होगा। सामान्य नमक का सेवन करना होगा। बेहतर होगा कि आप एक बार डाइटीशियन से संपर्क कर लें, वो खान-पान का चार्ट बनाकर देंगे, उसी के अनुसार डाइट लेने से सोडियम बैलेंस रहेगा। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. विनय गोयल
चेयरमैन-मूवमेंट डिसऑर्डर-न्यूरोलॉजी
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

इंटरनेशनल पार्किंसंस एंड मूवमेंट डिसऑर्डर सोसाइटी (एमडीएस) के अनुसार पार्किंसंस धीमी गति से बढ़ने वाला न्यूरोडीजेनेरेटिव रोग है, जो मस्तिष्क में डोपामाइन (डोपामिन) नामक रसायन के स्तर को कम कर देता है। यानी, पार्किंसंस की समस्या में मस्तिष्क की कोशिकाओं (न्यूरॉन्स) की क्षति होती है, जिसके परिणामस्वरूप शरीर में कंपन जैसे लक्षण उत्पन्न होते हैं। आमतौर पर इसे वृद्धावस्था की समस्या माना जाता है, लेकिन मौजूदा दौर में युवा वर्ग (जिनकी उम्र 40 वर्ष से कम है) में भी इस समस्या के मामले बढ़ रहे हैं। इस रोग को लेकर लोगों में अवेयरनेस बढ़ाने के लिए हर वर्ष 11 अप्रैल को वर्ल्ड पार्किंसंस डे मनाया जाता है। ब्रिटिश डॉक्टर जेम्स पार्किंसन ने इस समस्या को आधुनिक मेडिकल साइंस में मान्यता दिलवाने के संदर्भ में सार्थक पहल की थी। इसलिए उनके जन्मदिवस 11 अप्रैल को वर्ल्ड पार्किंसंस डे के रूप में मनाया जाता है।

## रोग के कारण

मस्तिष्क में डोपामाइन नामक रसायन की कमी इस समस्या का एक प्रमुख कारण है। इसके अलावा भी कुछ वजहें हो सकती हैं।

**जेनेटिक कारण:** इसके अंतर्गत लगभग 20 ऐसे 'जींस' हैं, जिनके विकारग्रस्त या असामान्य होने से लोग पार्किंसन से ग्रस्त होते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो जेनेटिक डिफेक्ट के कारण एक बड़ी संख्या में लोग पार्किंसंस से ग्रस्त होते हैं।

**मस्तिष्क में चोट:** विभिन्न कारणों जैसे ऊंचाई से गिरने या दुर्घटना से मस्तिष्क में चोट लगने पर कालांतर में पार्किंसंस की समस्या हो सकती है।

**लकवा:** उच्च रक्तचाप या फिर स्ट्रोक होने के बाद होने वाले पैरालिसिस से पार्किंसंस से ग्रस्त होने का जोखिम बढ़ जाता है।

## प्रमुख लक्षण

- चलने में परेशानी या चाल में धीमापन।
- मांसपेशियों में अकड़न।
- शारीरिक संतुलन में दिक्कत।
- दाहिने या बाएं हाथ में कंपन होना।
- आमतौर पर पार्किंसन से ग्रस्त व्यक्ति जब विश्रामपूर्ण स्थिति में होता है, तब उसके हाथों में कंपन होता है, लेकिन काम करने की स्थिति में नहीं होता।



- पार्किंसन से ग्रस्त लोगों का शरीर आगे की तरफ झुक जाता है।
- लिखावट का छोटा होना, जिसे मेडिकल भाषा में माइक्रोग्राफिया कहते हैं।
- आवाज में धीमापन।
- रक्तचाप का निम्न या 'लो' होना।
- छोटे-छोटे कदमों वाली चाल।
- आवाज के वॉल्यूम का कम हो जाना।
- ऐसे लोग एक ही सांस में बोलना चाहते हैं। इस कारण वे शब्दों का सही उच्चारण नहीं कर पाते हैं।
- अकसर कब्ज की समस्या होना और सूंघने की क्षमता कम हो जाना।
- अनिद्रा की समस्या या नींद कम आना।

स्पेशल: वर्ल्ड पार्किंसंस डे, 11 अप्रैल

आमतौर पर माना जाता है कि पार्किंसंस रोग बुजुर्गों में होता है लेकिन यंग और मिड एज के लोग भी इससे ग्रस्त हो सकते हैं। यह एक न्यूरोलॉजिकल रोग है, जिसके कई कारण हो सकते हैं। इस रोग के होने के कारणों, लक्षणों, इससे जुड़े मिथ्स-फैक्ट्स और केयर के तरीकों के बारे में यहां बता रहे हैं।

# प्रॉपर केयर से बेहतर होती है पार्किंसंस पेशेंट की लाइफ



## ऐसे मिलेगी राहत

फिलहाल पार्किंसंस रोग का कोई स्थाई उपचार उपलब्ध नहीं है, लेकिन लक्षणों से राहत पाकर पीड़ित व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बनाए रखने में मदद करने के लिए उपचार अवश्य उपलब्ध हैं। इसके इलाज को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है। मेडिकल मैनेजमेंट, सर्जरी और नॉन मेडिकल ट्रीटमेंट।

**मेडिकल मैनेजमेंट:** इसके अंतर्गत पार्किंसंस से पीड़ित मरीज को न्यूरोलॉजिस्ट के परामर्श से पहले ऐसी दवाएं दी जाती हैं, जिनसे शरीर में डोपामाइन नामक हार्मोन का लेवल बढ़े। गौरतलब है कि डोपामाइन के स्तर को बढ़ाने वाली दवाएं शुरुआती दौर में या एक निश्चित समय तक पार्किंसंस पीड़ितों को राहत प्रदान करती हैं, लेकिन लगातार दवा लेने के कुछ वक्त के बाद ऐसी दवाओं के साइड इफेक्ट मरीज पर पड़ सकते हैं।

**पैलिडोटॉमी:** इस न्यूरोसर्जिकल प्रक्रिया का उपयोग अकसर डीप ब्रेन स्टिमुलेशन के विकल्प के रूप में, पार्किंसंस रोग के इलाज के लिए किया जाता है।



**डीप ब्रेन स्टिमुलेशन:** यह पार्किंसंस रोग का सर्जिकल उपचार है, जिसके अंतर्गत पार्किंसंस से पीड़ित व्यक्ति के मस्तिष्क में इलेक्ट्रोड्स डालकर मस्तिष्क की 'सिग्नल प्रणाली' को सही किया जाता है।

**नॉन मेडिकल ट्रीटमेंट:** इसके अंतर्गत नियमित व्यायाम, संतुलित पौष्टिक खान-पान, पर्याप्त नींद, योग और मेडिटेशन और स्वास्थ्य कर जीवनशैली से संबंधित बातों को शामिल किया जाता है।


पार्किंसंस से ग्रस्त लगभग 40% व्यक्ति कब्ज की समस्या से पीड़ित रहते हैं। इसलिए ऐसे व्यक्तियों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए।

**जीन थेरेपी और स्टेम सेल थेरेपी:** भविष्य में पार्किंसंस के इलाज में जीन थेरेपी और स्टेम सेल थेरेपी का भी इस्तेमाल किया जा सकेगा, ऐसा जीववैज्ञानिकों का मानना है। इस संदर्भ में अमेरिका और यूरोप महाद्वीप के कई देशों में शोध व अध्ययन जारी हैं। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

## पार्किंसंस से जुड़े मिथ्स और फैक्ट्स

**मिथ:** पार्किंसंस एक संक्रामक रोग है।
**फैक्ट:** पार्किंसंस संक्रामक रोग नहीं है। यह किसी व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है।
**मिथ:** केवल वृद्ध लोगों को पार्किंसंस होता है।
**फैक्ट:** आमतौर पर पार्किंसंस के मामले 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं, लेकिन युवावर्ग (40 साल तक की उम्र वालों) में भी इस रोग के मामले सामने आ रहे हैं।
**मिथ:** पार्किंसंस लाइलाज बीमारी है।
**फैक्ट:** यह सही है कि पार्किंसंस का कोई विशिष्ट स्थाई इलाज फिलहाल नहीं है, लेकिन इस बीमारी के लक्षणों को नियंत्रित करने के लिए उपचार उपलब्ध हैं। जैसे दवाएं, सर्जरी, व्यायाम आदि।



**मिथ:** पार्किंसंस रोग से पीड़ित हर व्यक्ति के हाथ-पैर कांपते हैं।
**फैक्ट:** यह सही है कि कंपन पार्किंसंस बीमारी का एक आम लक्षण है, लेकिन यह हर मरीज को नहीं होता। पार्किंसंस वालों को चलने में परेशानी या चाल में धीमापन, मांसपेशियों में अकड़न और शारीरिक संतुलन में दिक्कत आदि समस्याएं भी हो सकती हैं।
**मिथ:** पार्किंसंस रोग वाले मरीज सामान्य जीवन नहीं जी सकते हैं।
**फैक्ट:** अगर पार्किंसंस से पीड़ित लोग डॉक्टर के परामर्श पर अमल कर अपना इलाज करवाते हैं तो वे सामान्य जीवन जी सकते हैं।
**मिथ:** पार्किंसंस से ग्रस्त हो जाने के बाद लोगों की रचनात्मक क्षमता कम हो जाती है।
**फैक्ट:** समुचित इलाज कराते रहने से पार्किंसंस के दुष्प्रभाव मरीज पर हावी नहीं होने पाते, जिसके परिणामस्वरूप उनकी रचनात्मक क्षमता पर बहुत कम या नगण्य प्रभाव पड़ सकता है।
**मिथ:** पार्किंसंस रोगी की जीवन प्रत्याशा कम हो सकती है।
**फैक्ट:** यह सही है कि कुछ मामलों में पार्किंसंस रोगी की जीवन प्रत्याशा कम हो सकती है, लेकिन डॉक्टर के परामर्श पर अमल करने वाले मरीज सामान्य जीवन प्रत्याशा के साथ जी सकते हैं।

हर्बल जोन / रेखा देशराज

# भरपूर बलवर्धक विदारीकंद




आयुर्वेद की सदियों पुरानी जड़ी-बूटी विदारीकंद के साथ अनेक किंवदंतियां जुड़ी हुई हैं। माना जाता है कि महाभारत काल में भीम और दुर्योधन में जो हाथियों जैसा बल था, उसकी वजह विदारीकंद जड़ी बूटी ही थी। विदारीकंद को भारतीय कुड़जू के नाम से भी जानते हैं। विदारीकंद देखने में शकरकंद जैसी प्रतीत होती है। इसका वैज्ञानिक नाम प्यूररिआ ट्यूबरोजा है। इसमें अनगिनत पोषक तत्व पाए जाते हैं। यह शारीरिक शक्ति में वृद्धि करती है। यह प्रतिरक्षा शक्ति बढ़ाने वाली और तेजी से रिकवरी करने वाली टॉनिक के रूप में भी इस्तेमाल की जाती है। विदारीकंद का इस्तेमाल अनेक दवाइयों को बनाने में किया जाता है। उत्तर भारत के मैदानी और पहाड़ी इलाकों में यह लता के रूप में फैलती है और जमीन के अंदर इसके कंद का विकास होता है। लेकिन आजकल इसकी खूब खेती भी होती है। यह एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल, एंटीवायरल और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होती है। पुरुषों द्वारा इसे नियमित रूप से सेवन किए जाने पर प्रजनन क्षमता बढ़ती है। इसके सेवन से त्वचा में निखार आता है। विदारीकंद का चूर्ण मुनक्का के साथ खाने पर यह बच्चों के शरीर को मजबूत करती है। इसकी तासीर मधुर, स्निग्ध, शीतल और शुक्रवर्धक होती है। बाजार में बहुत आसानी से विदारीकंद का पावडर उपलब्ध होता है। विदारीकंद में पाया जाने वाला दूध उन महिलाओं के लिए बहुत फायदेमंद होता है, जो ब्रेस्टफीडिंग कराती हैं। विदारीकंद का उपयोग करने से उनमें दूध की मात्रा भी बढ़ती है और गुणवत्ता में सुधार होता है। लेकिन इसका इस्तेमाल हमेशा दूध पिलाने वाली मांओं को डॉक्टर की सलाह पर ही करना चाहिए। यह पुरुषों के मानसिक तनाव और चिंता को कम करता है। यह उन लोगों के लिए भी बड़ी उपयोगी जड़ी बूटी है, जो मूत्र संबंधी परेशानियों से ग्रस्त हैं। इसके सही सेवन से पेशाब करते समय होने वाली जलन और दर्द से राहत मिलती है। लेकिन जहां विदारीकंद इतनी फायदेमंद जड़ी-बूटी है, वहीं इसके कुछ नुकसान भी हैं। इसका ज्यादा इस्तेमाल करने से लिवर डैमेज हो सकता है। साथ ही खुजली की समस्या, उल्टियां और शरीर में लाल रक्त कणिकाओं की कमी हो सकती है। इसलिए विदारीकंद का सेवन कभी भी बिना डॉक्टर या आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह के नहीं करना चाहिए। *

डाइट सजेशन

विवेक कुमार

हमारे डेली डाइट रूटीन में सुबह के नाश्ते का बड़ा रोल होता है। खाली पेट हम जो भी खाते हैं, उसका हमारी हेल्थ और फिटनेस पर सीधा असर पड़ता है। इसलिए आपको पता होना चाहिए कि नाश्ते में क्या खाएं और क्या न खाएं?

# ऐसी हो मॉर्निंग डाइट आप रहेंगे हेल्दी-फिट

आपके फिट दिखने और स्वस्थ होने में इस बात की बड़ी भूमिका है कि आप किस समय क्या खाते हैं? सुबह खाली पेट क्या खाएं और क्या न खाएं, अगर आपको इस बात की समझ है तो आप हेल्दी-फिट रहेंगे। लब्बोलुआब यह कि आपको इस बात की समझ होनी बहुत जरूरी है कि किस समय क्या खाएं?

**सबसे पहले गुनगुना पानी:** यह इसलिए जरूरी है क्योंकि इससे शरीर हाइड्रेट रहता है, मेटाबॉलिज्म मजबूत और सक्रिय रहता है और यह शरीर के टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करता है। इसलिए सुबह उठने के बाद सबसे पहले एक-दो गिलास, जितना सहजता से पी सकें गुनगुना पानी पीएं। इसमें नीबू और शहद मिलाकर पीएं तो और अच्छा है। फ्रेश नारियल पानी पीना भी बहुत फायदेमंद होता है क्योंकि यह इलेक्ट्रोलाइट्स से भरपूर होता है और शरीर को प्राकृतिक तरीके से रिहाइड्रेट करता है। घी या शुद्ध मक्खन के साथ सुबह गर्म पानी पीना भी बहुत फायदेमंद है क्योंकि एक चम्मच घी या मक्खन के साथ गर्म पानी पीना शरीर को साफ करता है और वेट लॉस में भी मदद करता है।

**डेटॉक्स वॉटर:** सुबह-सुबह डेटॉक्स वॉटर (इसे आसानी से घर में बना सकते हैं) पीने के कई फायदे हैं, जैसे- यह हाइड्रेशन बढ़ाता है क्योंकि स्वादिष्ट होने के कारण इसे आप साधारण पानी की तुलना में ज्यादा पीते हैं। यह वजन घटाने में मददगार है क्योंकि यह मेटाबॉलिज्म को तेज करता है। इसे पीने से स्किन चमकदार बनती है, क्योंकि यह विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। इसे पीने से पाचन सुधरता है, यह पाचनतंत्र को सही रखने में मदद करता है।

**भीगे बादाम और अखरोट:** सुबह फ्रेश होने के बाद सबसे पहले भीगे बादाम और अखरोट खाना बहुत फायदेमंद होता है। ये विटामिन ई, प्रोटीन और हेल्दी फैट्स के अच्छे स्रोत हैं। बादाम और अखरोट दिमाग को तेज और पेट को भरा हुआ महसूस कराते हैं। सुबह खाली पेट भीगे हुए बादाम और अखरोट खाने से इम्यूनिटी बढ़ती है। बादाम और अखरोट में प्रोटीन, जिंक, आयरन, विटामिन ए और फोलिक एसिड होता है, जो इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद करता है। ये खाने से याददाश्त में सुधार होता है, क्योंकि बादाम में ओमेगा फैटी एसिड और विटामिन ई होता है, जो याददाश्त बढ़ाने में मदद करता है। इन्हें खाने से वजन कम होता है। बादाम और अखरोट में फाइबर होता है, जो लंबे समय तक पेट भरा रखता है और मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है। इन्हें खाने से हार्ट हेल्थ बेहतर होता है। बादाम और अखरोट में पोटैशियम होता है, जो हृदय को स्वस्थ रखता है। बादाम और अखरोट में कैल्शियम होता है, जो हड्डियों को मजबूत करता है।

**ताजे फल:** सुबह-सुबह ताजे फल खाने से फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और प्राकृतिक शुगर मिलती है, जो ऊर्जा से लबालब कर देती है। ऐसे फलों में पपीता, सेब, केला, नाशपाती, अमरूद, कीवी, अनार और तरबूज सबसे शानदार फल हैं। सुबह खाली पेट फल खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। शरीर को ज्यादा पोषक तत्व मिलते हैं। वजन कंट्रोल में रहता है। शरीर हाइड्रेट रहता है। दिल की सेहत अच्छी रहती है। इम्यूनिटी बढ़ती है।

**इनसे करें परहेज:** हालांकि ज्यादातर लोगों की आदत होती है लेकिन सुबह चाय या कॉफी पीने से बचना चाहिए क्योंकि इससे एसिडिटी होती है। इससे ब्लड शुगर लेवल में बदलाव आ सकता है। सुबह खाली पेट फ्रूट जूस पीने से भी बचना चाहिए क्योंकि जूस की प्रोसेस में फलों के रेशे और कई विटामिन, न्यूट्रिएंट्स नष्ट हो जाते हैं। पोषण के लिहाज से पूरे फल को ही डाइट में शामिल करना चाहिए। खाली पेट दही खाने से पेट के एसिड में इजाफा हो सकता है। ऐसे में, सुबह की शुरुआत दही खाने से न करें। इससे एसिडिटी और कब्ज हो सकती हैं। नाश्ते में स्पाइसी फूड्स सेहत के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। इससे पेट में जलन पैदा हो सकती है, जिससे अपच, एसिडिटी और पेट दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं। *

अवेयरनेस

अपोलो हॉस्पिटल्स के द्वारा करवाए गए टेस्ट स्टडी की रिपोर्ट, भारतीय लोगों में हेल्थ संबंधी समस्याओं के बारे में कई खुलासे करती है। इस बारे में आपको जानना चाहिए, ताकि आप भी अपनी हेल्थ को लेकर पूरी तरह अवेयर रहें।

# लक्षणों का न करें इंतजार रेग्युलर करवाएं चेकअप






हाल में ही अपोलो हॉस्पिटल्स ने अपनी 'हेल्थ ऑफ द नेशन 2025' रिपोर्ट का पांचवां संस्करण जारी किया है। जो स्पष्ट रूप से संदेश देता है कि 'लक्षणों का इंतजार न करें, बल्कि निवारक स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें।' देश भर में अपोलो सिस्टम से 2.5 मिलियन लोगों के हेल्थ चेकअप पर आधारित इस रिपोर्ट के अनुसार लाखों लोग क्रॉनिक बीमारियों से पीड़ित हैं, जबकि उनमें इन बीमारियों के कोई लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। उल्लेखनीय है कि इनमें से 26 फीसदी लोग हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) का शिकार हैं और 23 फीसदी डायबिटीज से पीड़ित हैं। इन आंकड़ों से साफ है कि लक्षणों पर आधारित हेल्थकेयर अब व्यावहारिक नहीं रहा है।

**लोगों में बढ़ रही अवेयरनेस:** इस रिपोर्ट के मुताबिक निवारक स्वास्थ्य जांच अब कई गुना बढ़ गई है। 2019 में यह आंकड़ा 1 मिलियन था, जो 5 सालों में 150 फीसदी बढ़कर 2024 में 2.5 मिलियन पर पहुंच गया है। ये आंकड़े आम लोगों में बढ़ती जागरुकता और निवारक स्वास्थ्य जांच के बढ़ते महत्व की ओर इशारा करते हैं। यह रिपोर्ट तात्कालिक स्वास्थ्य की तीन चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करती है। फैटी लिवर रोग, मेनोपॉज के बाद महिलाओं के स्वास्थ्य में गिरावट और बचपन में मोटापा। इन पर ध्यान देने की तुरंत जरूरत है। इस बारे में अपोलो हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. प्रताप रेड्डी के अनुसार, 'भारत में हर परिवार को स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर स्वस्थ एवं खुशहाल बनने का अवसर मिलना चाहिए। यह रिपोर्ट हर नागरिक को जागरूक एवं सशक्त बनाने, जल्द से जल्द टेस्ट या स्क्रीनिंग कराने की आवश्यकता पर जोर देती है।'

इस रिपोर्ट में इन प्रमुख रोगों के मामले सबसे अधिक सामने आए हैं।

**फैटी लिवर:** एक समय था, जब माना जाता था कि फैटी लिवर सिर्फ उन्हीं लोगों को होता है, जो शराब का सेवन करते हैं। लेकिन आज मोटापे, डायबिटीज और उच्च रक्तचाप के चलते भी फैटी लिवर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। 257,199 लोगों की जांच में 65 फीसदी में फैटी लिवर पाया गया। खास बात यह है कि इनमें से 85 फीसदी लोग शराब का सेवन नहीं करते हैं।

**महिलाओं का स्वास्थ्य:** इस रिपोर्ट से यह भी साफ है कि मेनोपॉज के बाद महिलाओं के स्वास्थ्य में अचानक गिरावट आती है। मेनोपॉज से पहले डायबिटीज के 14 फीसदी मामले पाए गए, वहीं मेनोपॉज के बाद यह आंकड़ा 40 फीसदी दर्ज किया गया। इसी तरह ओबेसिटी की संभावना भी 76 फीसदी से बढ़कर 86 फीसदी हो गई और फैटी लिवर के मामले 54 फीसदी से बढ़कर 70 फीसदी पर पहुंच गए। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि हॉर्मोनल बदलाव का महिलाओं के स्वास्थ्य पर गहरा असर होता है। ऐसे में महिलाओं के लिए जरूरी है कि मेनोपॉज की अवस्था में पहुंचने पर वे अपने स्वास्थ्य की देखभाल के लिए पूरी तरह सजग रहें और रेग्युलर हेल्थ चेकअप करवाती रहें।

**बच्चों में ओबेसिटी:** रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि छात्रों में ओबेसिटी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य पर गहरा खतरा हैं। रिपोर्ट के अनुसार प्राइमरी स्कूल के 8 फीसदी छात्रों का वजन सामान्य से अधिक पाया गया। किशोरावस्था तक ये आंकड़े और अधिक बढ़ जाते हैं।

निश्चित ही यह रिपोर्ट हमें अवेयर करती है कि हम अपनी हेल्थ का पूरा ध्यान रखें और रेग्युलर चेकअप करवाते रहें। *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

# प्रधानमंत्री मोदी 11 अप्रैल को अशोक नगर जिले के श्री आनंदपुर धाम आएंगे

## केंद्रीय मंत्री अमित शाह इस माह दो बार आएंगे मप्र

## केंद्रीय मंत्री गडकरी 10 अप्रैल को प्रदेश की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का बदनावर से करेंगे लोकार्पण और भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक से पहले मंत्रियों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 अप्रैल को अशोकनगर जिले की ईसागढ़ तहसील स्थित श्री आनंदपुर धाम पधार रहे हैं, जबकि केंद्रीय गृह तथा सहकारिता मंत्री अमित शाह का भोपाल में 13 अप्रैल और 17 अप्रैल को नीमच में आगमन हो रहा है। उनकी मौजूदगी में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड और दुग्ध संघ के बीच रवीन्द्र भवन में अनुबंध पर हस्ताक्षर होंगे, साथ ही प्रदेश में जारी सहकारिता गतिविधियों की समीक्षा भी की जाएगी।

इसी तरह 17 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री शाह का नीमच दौरा भी प्रस्तावित है। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी धार जिले के बदनावर से 10 अप्रैल को प्रदेश की विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि 12-13-14 अप्रैल को दिल्ली के लाल किला प्रांगण में आयोजित विक्रमोत्सव के तहत सम्राट विक्रमादित्य महानाट्य की प्रस्तुति होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैबिनेट के सभी सदस्य इस कार्यक्रम में सहभागिता कर आयोजन की गरिमा बढ़ाएं। उधर, मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के मप्र आगमन की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने चाक-चौबंद इंतजाम कराने का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री ने की प्रधानमंत्री की 11 अप्रैल की मध्यप्रदेश यात्रा की तैयारियों की समीक्षा

प्रधानमंत्री संतगण से करेंगे भेंट आनंद सरोवर में पुष्प अर्पित करेंगे




## प्रधानमंत्री के आगमन से वैशाखी का वार्षिक मेला बनेगा यादगार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 अप्रैल को मप्र के अशोक नगर जिले में अपने प्रवास के दौरान श्री आनंदपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। प्रधानमंत्री परमहंस अद्वैत मत के प्रमुख गुरू महाराज, महात्मा शब्द प्रेमानंदजी और अन्य संतगण से भेंट कर श्री आनंदपुर धाम के सेवा प्रकल्पों की जानकारी लेंगे। धाम में वैशाखी मेले में लगभग 20 हजार श्रद्धालु भागीदारी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेन्स से ग्वालियर संभाग के कमिश्नर, आईजी सहित वरिष्ठ अधिकारियों और कलेक्टर, एसपी अशोक नगर से चर्चा कर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री की गरिमा के अनुरूप आयोजन स्थल पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री इसके पहले पिछले चार अप्रैल को श्री आनंदपुर धाम पहुंचकर भी प्रधानमंत्री यात्रा की तैयारियों का अवलोकन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार की बैठक में कार्यक्रम के स्वरूप और अन्य तैयारियों की विस्तार से जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री की यात्रा के लिए सभी जरूरी प्रबंध कर लिए गए हैं। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रमुख धार्मिक, आध्यात्मिक और सेवा संस्थानों में से एक अशोक नगर के आनंदपुर धाम में प्रतिवर्ष वैशाखी पर वार्षिक मेला लगता है। इस समागम में धाम से जुड़े हजारों देशी-विदेशी अनुयायी पधारते हैं। इस वर्ष प्रधानमंत्री के आगमन के कारण यह मेला यादगार बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री आनंदपुर धाम जैसे स्थान आस्था के केंद्र होने के साथ ही धार्मिक, आध्यात्मिक पर्यटन के भी बड़े केंद्र हैं, जिसे जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों को एक बार जरूर देखना चाहिए।

आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

### लंगर में प्रसाद ग्रहण करेंगे प्रधानमंत्री मोदी

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी श्री आनंदपुर धाम परिसर स्थित आनंद सरोवर में पुष्प अर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री को इस धाम में होने वाली भक्ति और ज्ञान से जुड़ी गतिविधियों के साथ ही संचालित सेवा कार्यों की भी जानकारी दी जाएगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री श्री आनंदपुर सत्संग आश्रम परिसर स्थित चारों मंदिरों को देखेंगे। वे विशाल सत्संग हॉल में मंचीय कार्यक्रम में वैशाखी के वार्षिक मेला आयोजन में नागरिकों और इस धाम से जुड़े देश-विदेश के अनुयाईयों को संबोधित करेंगे। वे लंगर में प्रसाद भी ग्रहण करेंगे।

श्री आनंदपुर धाम में किया प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियों का निरीक्षण

## पीएम मोदी का आध्यामिक आयोजन में पधारना ऐतिहासिक अवसरः शर्मा



*विशेष प्रतिनिधि, भोपाल। अशोकनगर जिले के ईसागढ़ स्थित परमहंस अद्वैत मत श्री आनंदपुर धाम में 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारियों का निरीक्षण भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को धाम के दर्शन उपरांत किया। इस दौरान धाम के ट्रस्टी सोनू महात्मा एवं सोमनाथ महात्मा से तैयारियों को लेकर शर्मा ने आवश्यक चर्चा की। वीडी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 अप्रैल को अशोकनगर जिले के ईसागढ़ स्थित श्री परमहंस अद्वैत मत श्री आनंदपुर धाम में आयोजित कार्यक्रम में आ रहे हैं। यह ऐतिहासिक अवसर है। श्री आनंदपुर धाम का आयोजन धार्मिक एवं आध्यात्मिक है। प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर लाखों संगत, क्षेत्र की जनता सहित प्रदेश के पार्टी कार्यकर्ता बहुत उत्साहित हैं। श्री आनंदपुर धाम की देश में लाखों संगत हैं, जो भारत की सनातन संस्कृति व आध्यात्म के लिए समर्पित हैं। निष्काम सेवा भाव से भक्त के पथ को अग्रसर करना ही श्री आनंदपुर धाम का मूल कार्य है। इस अवसर पर प्रदेश शासन के मंत्री दिलीप अहिरवार, संभाग प्रभारी विजय दुबे, प्रदेश भाजपा मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल, विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, बृजेन्द्र सिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय यादव, प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व सांसद केपी यादव आदि उपस्थित रहे।*

### अल्बानिया रिपब्लिक के चुनाव में राज्य निर्वाचन आयोग बनेगा आब्जर्वर

**भोपाल।** मप्र राज्य निर्वाचन आयोग को अल्बानिया रिपब्लिक के संसदीय चुनाव में ऑब्जर्वर के रूप में आमंत्रित किया गया है। अल्बानिया में 9 से 11 मई 2025 तक संसदीय निर्वाचन होना है। आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग मनोज श्रीवास्तव, सचिव राज्य निर्वाचन आयोग अभिषेक सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से स्थानीय निर्वाचन में किए गए विभिन्न नवाचारों जैसे पेपरलेस बूथ आदि के सफल प्रयोग के कारण अल्बानिया के निर्वाचन आयोग ने राज्य निर्वाचन आयोग को प्रेक्षक के रूप में आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि यह पहला राज्य निर्वाचन आयोग है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर निर्वाचक प्रेक्षक के रूप में आमंत्रित किया गया है।

### आपदा प्रबंधन विषय पर पुलिस अफसरों के लिए सेमिनार आयोजित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस अकादमी भौंरी में प्रदेश से आए हुए मैदानी पुलिस अधिकारियों के दो दिवसीय आपदा प्रबंधन सत्र का उद्घाटन अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक प्रशिक्षण राजाबाबू सिंह के निर्देशन में हुआ। सत्र प्रारंभ पर सहायक निदेशक प्रशासन एवम बेसिक ट्रेनिंग नीरज पांडे ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सहायक निदेशक ट्रेनिंग श्रद्धा जोशी द्वारा मुख्य अतिथि को अकादमी का स्मृति चिन्ह भेंट किया। यास्मीन जैहरा सहायक निदेशक सम्पदा ने आभार प्रदर्शन किया। सेमिनार में उप पुलिस अधीक्षक, निरीक्षक, उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक सहित 50 पुलिस अधिकारी उपस्थित हुए।

## कर्मचारी संघ के पदाधिकारी सीएम से मिले, पदोन्नति के लिए माना आभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मंगलवार शाम मंत्रालय कर्मचारी संघ और शीघ्र लेखक संघ के पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री द्वारा अधिकारी कर्मचारियों की पदोन्नति के संबंध में की गई घोषणा पर आभार व्यक्त कर प्रसन्नता व्यक्त की।

कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि नौ वर्ष बाद यह एक बड़ा निर्णय लिया जा रहा है जो कर्मचारी वर्ग के हित में रहेगा। अनेक कर्मचारी पदोन्नति की चाह में सेवानिवृत हो गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस उलझे हुए मसले पर महत्वपूर्ण निर्णय लेने की घोषणा की है जिसके लिए समस्त कर्मचारी उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के विकास में शासकीय सेवकों का महत्वपूर्ण योगदान है। शासन द्वारा समय-समय पर शासकीय सेवकों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश के विकास में सभी वर्गों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर कर्मचारी संगठनों के सुभाष वर्मा, जीपी सिंह, संजय राठौर, शैलेंद्र पांडे, हरिशंकर भार्गव, सीमा कोरोपा, अनूप चौहान शामिल हुए।

## महाराष्ट्र की उप-सभापति नीलम ताई से शिवसेना पदाधिकारियों ने की संगठन विस्तार पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाराष्ट्र प्रदेश की उप-सभापति (विधान परिषद) एवं शिवसेना की वरिष्ठ नेत्री नीलम ताई गोन्हें के एक दिवसीय प्रदेश के दौरे आई। इस दौरान शिवसेना मप्र के वरिष्ठ पदाधिकारियों मुलाकात और संगठन विस्तार पर चर्चा की।

इस अवसर पर शिवसेना मप्र के प्रभारी सुरेश गुर्जर एवं मध्यप्रदेश राज्य प्रमुख राजीव चतुर्वेदी ने नीलम ताई से संगठन की वर्तमान स्थिति, आगामी रणनीतियाँ तथा प्रदेश में शिवसेना के संगठनात्मक विस्तार को लेकर जानकारी दी। इस मौके पर नीलम ताई ने शिवसेना के मूल विचारों को मध्यप्रदेश के जनमानस तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया और संगठन के कार्यकर्ताओं को सक्रियता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## सिलेंडर के बढ़े हुए दामों के विरोध में कांग्रेस नेता शुक्ला ने किया विरोध प्रदर्शन



**भोपाल।** घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में 50 रुपए की वृद्धि कर केंद्र सरकार ने आम आदमी पर महंगाई का चाबुक चलाया है। भोपाल में अब सिलेंडर की कीमत 858.50 रुपए हो जाएगी। इसके विरोध में कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने मंगलवार को भोपाल के विकास नगर झुग्गी बस्ती में उज्जवला योजना लाभान्वित महिलाओं के साथ एक घर के चूल्हे पर रोटियां सेकी और सरकार के इस फैसले का विरोध किया।

## 39 आरक्षक, प्रधान आरक्षक के ट्रांसफर

**भोपाल।** पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने मंगलवार को 139 पुलिस आरक्षकों और प्रदान आरक्षकों के ट्रांसफर किए हैं। ये थोकबंद तबादले पुलिस द्वारा स्टाफ के द्वारा दिए गए तबादला आवेदन के आधार पर किए गए हैं। इन सभी का एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरण स्वयं के व्यय पर किया गया है। पीएचक्यू की कार्मिक शाखा द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के तहत इन सभी को तय समय सीमा में रिलीव करने के निर्देश भी जिलों के एसपी को दिए गए हैं।

## कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

# मप्र में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड से एमओयू किए जाने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत भारत सरकार से संबद्ध संस्था एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड के माध्यम से प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किए जाने के लिए एमओयू किए जाने का निर्णय लिया गया। इसके तहत शिक्षा में गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा। कैबिनेट की मंगलवार को हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से संबद्ध संस्था एडसिल (इण्डिया) लिमिटेड (भारत सरकार की मिनी रत्न श्रेणी-1) सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एन्टरप्राइजेज (सीपीएसई) संस्था है।

संस्था के द्वारा मप्र में समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत गुणवत्ता सुधार, एलईपी (कक्षा 6वीं से 12 वीं ) के अंतर्गत स्वीकृत विभिन्न गतिविधियों को संचालित किया जाएगा। इसमें सीखने में वृद्धि कार्यशालाएं, सीखने के परिणाम आधारित मूल्यांकन, राज्य के बाहर वैज्ञानिक एक्सपोजर विजिट, शिक्षक विकास, सतत व्यावसायिक विकास और परिणाम शिक्षण रणनीतियों में सुधार शामिल हैं।

### लोक वित्त से वित्त पोषित कार्यक्रमों का प्रशासकीय अनुमोदन

कैबिनेट ने लोक वित्त से वित्त पोषित कार्यक्रमों (योजनाओं) अन्तर्गत आने परीक्षण तथा प्रशासकीय अनुमोदन वाली परियोजनाओं के परीक्षण और प्रशासकीय अनुमोदन की प्रक्रिया का अनुमोदन किया गया हैं। इसे जारी करने के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया हैं। इसके तहत राज्य में कोई भी नवीन कार्यक्रम शुरू किए जाने के लिए कैबिनेट की सैद्धांतिक सहमति प्राप्त किया जाना जरूरी होगा। पूंजीगत परियोजनाओं और कार्यों की स्वीकृति के लिए सक्षम स्तर की समितियों के वित्तीय अधिकारों में दोगुनी वृद्धि की गई है। परियोजनाओं, कार्यों की स्वीकृति के लिए पीएम-गतीशक्ति का उपयोग अनिवार्य होगा। परियोजनाओं, कार्यों को जीआईएस आधारित बनाने की जरूरत के लिए एमपीएसईडीसी के जीओ पोर्टल पर प्लानिंग करना अनिवार्य होगा। परियोजना, कार्य में स्वीकृत लागत में वृद्धि होने पर पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने के लिए प्रशासकीय विभाग को पुनः सक्षम वित्तीय समिति की अनुशंसा प्राप्त करनी होगी। परंतु परियोजना, कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति के 10 प्रतिशत तक राशि व्यय करने की अनुमति रहेगी।

### पूंजी ऋण सुविधा के लिए शासकीय प्रत्याभूति

*राज्य की विद्युत कंपनियों के लिए कर सेल पूंजी नगद ऋण की सुविधा के लिए सरकारी गारंटी दी जाएंगी। इसका कैश फ्लो बना रहे, इसके लिए सरकार समय-समय पर इन कंपनियों को गारंटी देती है। तीनों विद्युत वितरण कंपनियों के लिए वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक प्रतिवर्ष राशि 12,466 करोड़ रुपए की नगद साख सुविधा, कार्यशील पूंजी ऋण के लिए शासकीय प्रत्याभूति तक प्रदान की जाएगी। इसमें प्रस्तावित गारंटी पर मात्र 0.5% की दर से प्रत्याभूति होगा।*

### माइक्रो इरिगेशन की प्रशासनिक स्वीकृत

पार्वती काली सिंध चंबल नदी जोड़ो परियोजना के तहत दाब युक्त माइक्रो इरिगेशन की प्रशासनिक स्वीकृत दी गई है। यह एक बड़ी परियोजना है, इससे 60 हजार हेक्टेयर में सिंचाई होगी। इसके लिए 2932 करोड़ की मंजूरी कैबिनेट ने दी है। इससे मल्हारगढ़ और मंदसौर को सिंचाई के लिए फायदा मिलेगा। सिंचित क्षेत्र 60 हजार हेक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत परियोजना से मंदसौर जिले की मल्हारगढ़ तहसील के 32 ग्राम एवं मंदसौर तहसील के 115 ग्राम लाभान्वित होंगे।

पीड़िता की मां का मुआवजा लेने से इंकार

## पीड़िता की मां बोली- न्याय चाहिए असली आरोपी को सजा दो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नाबालिग बच्ची से रेप और हत्या के मामले में पीड़िता की मां ने मुआवजा लेने से इंकार कर दिया है। पीड़िता की मां का कहना है कि उसे मुआवजा नहीं न्याय चाहिए। वहीं पीड़िता की मां ने आरोपी सोमेश यादव को निर्दोष बताया है और असली आरोपी को सजा देने की मांग की है। पीड़िता की मां ने आरोपी सोमेश यादव को निर्दोष वाले बयान के बाद पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े हो रहे हैं। दरअसल, पुलिस ने इस मामले में पीड़िता के चाचा को मुख्य आरोपी बनाया है, जो पुलिस हिरासत में है।

पीड़िता के परिवार ने कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा दिए गए मुआवजे के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। कलेक्टर ने मंगलवार को परिवार को कलेक्ट्रेट बुलाकर ढाई लाख रुपए मुआवजा देने की पेशकश की थी, लेकिन परिवार ने साफ कहा कि उन्हें पैसे नहीं, न्याय चाहिए। असली आरोपी को ही सजा मिलनी चाहिए। कांग्रेस की पांच सदस्यीय जांच समिति पीड़िता के घर पहुंची और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। मीडिया से बात करते हुए संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि पुलिस ने पीड़ित परिवार के ही सदस्य को आरोपी बना दिया, जबकि जिस बादल मेश्राम पर परिवार ने शंका जताई थी उसे छोड़ दिया गया है।

### मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए

विधायक संगीता सिन्हा ने आरोप लगाया कि परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट कर पूछताछ की गई। जिस परिवार को न्याय मिलना चाहिए, उसे पीटा गया है। उनके शरीर पर चोट के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं। इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। कांग्रेस की इस टीम में संगीता सिन्हा के साथ राजनांदगांव की पूर्व महापौर हेमा देशमुख, खैरागढ़ विधायक यशोदा वर्मा, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व पार्षद प्रेमलता साहू, दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, गया पटेल और मुकेश चंद्राकर शामिल थे।

नर्सिंग फर्जीवाड़ा

## 2018 से 2022 तक की मान्यता व संबद्धता के मूल दस्तावेज हर हाल में पेश करें

**जबलपुर (हरिभूमि न्यूज)।** मप्र हाईकोर्ट ने नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े के मामले में वर्ष 2018 से 2022 तक की मान्यता व संबद्धता प्रदान करने संबंधित सभी मूल दस्तावेज हर हाल में पेश करने के निर्देश दिए।

जस्टिस संजय द्विवेदी व जस्टिस एके पालीवाल की खंडपीठ ने कहा कि यदि अगली सुनवाई तक दस्तावेज पेश नहीं किए गए तो जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।अगली सुनवाई 25 अप्रैल को होगी। लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि प्रदेश में नियम विरूद्ध तरीके से नर्सिंग कॉलेज संचालित हो रहे हैं। नियमों को ताक में रखकर कॉलेजों को मान्यता प्रदान की गई है।

तत्कालीन अधिकारियों द्वारा मान्यता नियम 2018 में 3 बार संशोधन किए गए थे। इसके चलते अपात्र कॉलेजों को निरंतर लाभ पहुंचाया जा रहा है। हाईकोर्ट ने नियमों में किए सभी संशोधनों की ओरिजनल फाइल भी पेश करने के निर्देश जारी किए थे।


हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पानीपत | जिला पानीपत में बिलासपुर परिसर में यमुना नदी में 2024 की बाढ़ के बाद 5 अदद नये स्टोन स्टड्स और 300 फुट स्टोन रिवेटमेंट के निर्माण द्वारा संरक्षण कार्यों की आपूर्ति + 6 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.04.2025 | 668.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466159501 xenpwsdiv@yahoo.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में बुडलाडा रतिया फतेहाबाद भट्टू भादरा रोड राजस्थान बॉर्डर तक (एसएच-21) कि.मी. 32.00 से 97.51 रोड आईडी 5467, 5467, 5546 और 5534 (फतेहाबाद और रतिया निर्वाचन क्षेत्र) (रतिया फतेहाबाद से रोड) (आरडी 2 हेतु शेष सामग्री) + 2 कार्य। | 08.04.2025 15.04.2025 | 11.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प सोनीपत | जिला सोनीपत के राई निर्वाचन क्षेत्र के गांव खेवड़ा में प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र (पीएचसी) का निर्माण (सीएमए नं. 25587 दिनांक 04.09.2021)। | 08.04.2025 21.04.2025 | 480.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में गांव बुराका, गांव लखनाका, गांव सपनकी और सपनकी में जीवीडी और गांव रूपराका में जीवीएच का निर्माण (ग्रुप-2) (नाबार्ड आरआईडीएफ-XXIX के तहत) (बिना जीएसटी)। | बंद होने की तिथि 15.04.2025 | 109.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल | वर्ष 2024-25 हेतु महेन्द्रगढ़ क्षेत्र में बाढ़ योजना के तहत गांव बस्सई, आकोदा, खेड़ी और खेड़ा में एचडीपीई पाइप लाइन 315 वीएम आउटर डाया मीटर, 3 सीएस क्षमता वाले इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट, सहित एक्सकेवेटिंग ऑफ रिक्वायर्ड विड्थ ऑफ पाइप्स, केबल्स इत्यादि की आपूर्ति, बिछाना और फिक्सिंग + 2 कार्य। | बंद होने की तिथि 16.04.2025 | 1192.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01252-251353 xen-wsmnrl.irr@gov.in |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा करनाल | जलापूर्ति एमईसीएच. सब डिवीजन पानीपत में खुबरू हैड पर रेलिंग की आपूर्ति और फिक्सिंग। | 08.04.2025 15.04.2025 | ईएमडी 3910 | https://etenders.hry.nic.in | 99918312210 xen-wsmkrl.irr@gov.in |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | एचटी कपलिंग बोल्ड्स और नट्स, एम्पायर टेप कॉपर थिम्बल इत्यादि हार्डवेयर मदों की आपूर्ति। | 09.04.2025 23.04.2025 | 8.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722582542 xenproc@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | नहरों के स्मूथ फ्लो हेतु पाकस्मा ड्रेन के आरडी 73500, 75500, 76000, 77000 और 77500 पर 5 अदद पाइप कल्वर्ट्स को आरसीसी बॉक्स कल्वर्ट में बदलना और कमजोर किनारों का मजबूतीकरण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 15.04.2025 | 536.58 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | लोहारू फीडर के आरडी 86000-आर पर एस्कैप रिजवर की क्षमता को बढ़ाना + 3 कार्य। | 08.04.2025 16.04.2025 | 903.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1250297003 xenlwsdadri@gmail.com |
| 10 | सिविल सर्जन सिरसा | जिला सिरसा में 2025-26 हेतु चिकित्सा / उपभोग्य और ऑर्थो इमप्लांट हेतु ई-निविदा। | 11.04.2025 23.04.2025 | ईएमडी 50000 | https://etenders.hry.nic.in | 9416255807 cposirsa@gmail.com |
| 11 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 1. लैब रेफ्रीजरेटर, 2. एयरकंडीशनर। | 10.04.2025 09.05.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 12 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | आईएसआई मार्कड 43 ग्रेड सामान्य सीमेंट और आईएसआई मार्कड ओजोलाना पोटलैंड सीमेंट की खरीद हेतु वार्षिक दर अनुबंध का प्रबंधन। | 10.04.2025 24.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज गन्नौर | गांव धसोली, ब्लॉक डिवीजन सोनीपत में शमशान घाट में बरामदे का निर्माण। | बंद होने की तिथि 16.04.2025 | 6.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015771521 sdoprganaur1@gmail.co |
| 14 | बागवानी विभाग हरियाणा (हरियाणा प्रशिक्षण संस्थान उचानी करनाल) | एचटीआई करनाल में मेस की पुनः विज्ञापन सूचना के सम्बन्ध में ई-निविदा। | 26.03.2025 16.04.2025 | 1 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416057077 phtihort-hry@nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/280/33796/I/88/7 दि. 09.04.25

## चिंतन

# रेपो दर में दूसरी कटौती से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी

एक तरफ जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था में टैरिफ वार की दहशत है, अमेरिका के जवाबी शुल्क के साथ आयात पर नए टैरिफ के 9 अप्रैल से प्रभावी होने व चीन के साथ टैरिफ युद्ध के बाद से विश्व स्तर पर आपूर्ति संतुलन के चरमराने का खतरा पैदा हो गया है, वहीं भारत ने इस विषम वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में घरेलू खपत को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। भारत के खिलाफ भी अमेरिका के जवाबी शुल्क व आयात पर नए टैरिफ दर को लेकर पैदा हुई चिंता के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के मकसद से बुधवार को लगातार दूसरी बार प्रमुख ब्याज दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया। इससे पहले इस साल फरवरी में मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर 6.25 प्रतिशत किया गया था। यह मई, 2020 के बाद पहली कटौती और ढाई साल के बाद पहला संशोधन था। मुद्रास्फीति में कमी और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच इस कदम से नवंबर, 2022 के बाद से कर्ज की लागत सबसे कम स्तर पर आ गई है। रेपो रेट में कटौती से उद्योग जगत व उपभोक्ता दोनों को फायदा होगा। उद्योग को कर्ज सस्ते में मिलेंगे, इससे निवेश प्रवाह बढ़ेगा। ब्याज घटने से होम, ऑटो और अन्य तरह के कंज्यूमर लोन भी सस्ते होंगे, जिससे खपत बढ़ाने में मदद मिलेगी। हाल के महीनों में सरकार ने घरेलू खपत बढ़ाने के कई उपाय किए हैं। जिनमें बजट में आयकर छूट सीमा बढ़ाने व कॉरपोरेट कर में कमी जैसी कई योजना के साथ महंगाई भत्ता में बढ़ोत्तरी व आठवें वेतन आयोग का ऐलान व शामिल हैं। रिजर्व बैंक ने फरवरी के बाद अप्रैल में भी चौथाई फीसदी की कटौती कर तीन महीने में नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में आधा फीसदी की कटौती कर दी है। अब रेपो रेट 6 फीसदी हो गया है। केंद्रीय बैंक ने आगे भी कटौती का संकेत दिया है। यह मौके पर उठाया गया सही आर्थिक कदम है। इसी के साथ सरकार को नए निवेश करने होंगे और अपने योजनागत खर्च बढ़ाने होंगे, जिससे घरेलू खपत व आर्थिक गतिविधियों में तेजी आए। भारत के पास वैश्विक आपूर्ति सिस्टम में भी भरपूर अवसर है, लेकिन इसके लिए प्रतिस्पर्धात्मक रहना जरूरी है। रिजर्व बैंक ने जीडीपी दर का अनुमान भी 6.7 फीसदी से घटा कर 6.5 फीसदी कर दिया है, इससे साफ है कि इस वर्ष भी भारतीय अर्थव्यवस्था सुस्ती की जद में रहेगी। पिछले दो तिमाही से भारतीय जीडीपी की चाल मंथर है, जो राष्ट्र के ग्रोथ व विकसित भारत के लक्ष्य के लिए माफिक नहीं है। निजी व सरकारी नए निवेश व सार्वजनिक खर्च बढ़ाने होंगे, आम लोगों को टैक्स राहत देनी होगी, अप्रत्यक्ष टैक्सेशन को और सरल बनाना होगा, कच्चे तेल के सस्ता होने के अनुरूप पेट्रोल व डीजल पर करों में कटौती करनी होगी, तभी घरेलू अर्थव्यवस्था गति पकड़ेगी। जीएसटी व पेट्रोलियम पर उच्च टैक्स दर के भरोसे राजस्व हासिल करने की प्रवृत्ति से बाहर निकलना होगा और इसे तर्कसंगत बनाना होगा। आयात पर निर्भरता कम करनी होगी व निर्यात के लिए नए बाजार देखने होंगे। अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लागू होने से वृद्धि और मुद्रास्फीति को लेकर अनिश्चितताएं बढ़ी हैं। डॉलर कमजोर हुआ है, बॉन्ड वैल्यू में नरमी आई है, स्टॉक मार्केट बेहाल है, कच्चे तेल तीन साल के निचले स्तर पर हैं। ऐसे में रिजर्व बैंक का 'रेपो कदम' भारतीय अर्थव्यस्था को गति देगा। आरबीआई का रेपो दर घटाने का निर्णय आर्थिक वृद्धि को समर्थन देने का रणनीतिक कदम है।

## बैंकॉक सम्मेलन

अरविंद जयतिलक



# बिम्सटेक को प्रभावी बनाने की पहल

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में दक्षिण पूर्व एशियाई देशों को एक मंच पर लाने वाला 'बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) शिखर सम्मेलन संपन्न हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिखर सम्मेलन के जरिए क्षेत्र में सहयोग और समन्वय बढ़ाने की पहल के साथ बैंकॉक विजन 2030 तक का रोडमैप खींच दिया। उन्होंने आर्थिक एकीकरण और कनेक्टिविटी पर जोर देते हुए व्यापार बाधाओं को कम करने, डिजिटल व्यापार एवं ई-कामर्स का विस्तार करने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने सीमा पार लेन-देन को सुव्यवस्थित करने के लिए बिम्सटेक डिजिटल व्यापार मंच की सार्थकता को भी रेखांकित किया। इसे ध्यान में रखते हुए उन्होंने भारत के यूपीआई को बिम्सटेक सदस्य देशों की भुगतान सिस्टम से जोड़ने का आह्वान किया ताकि क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई दी जा सके। अगर सदस्य देश इसमें दिलचस्पी दिखाते हैं तो निःसंदेह इस क्षेत्र में व्यापार, व्यवसाय और पर्यटन को पंख लगना तय है। जिस तरह दुनियाभर में व्यापारिक तनाव बढ़ रहा है और टैरिफ वार चल रहा है उस परिप्रेक्ष्य में बिम्सटेक क्षेत्र में स्थानीय मुद्रा में व्यापार की संभावनाएं अर्थव्यवस्था को नई गति दे सकती है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी व्यवहारिकता को समझने-परखने के लिए एक अध्ययन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने आतंकवाद निरोध और समुद्री सुरक्षा पर बल देते हुए मानव संसाधन अवसंरचना के संगठित विकास के लिए बिम्सटेक (बोधि) पहल का भी एलान किया। इसका उद्देश्य भारत में प्रत्येक वर्ष तीन सैकड़ा युवाओं को प्रशिक्षित करना है। शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस के साथ बैठक कर बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का भी सवाल उठाया। देखना दिलचस्प होगा कि मुहम्मद यूनुस इसे कितनी गंभीरता से लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पड़ोसी देश म्यांमार को भी आश्वस्त किया कि वहां आए भीषण भूकंप से निपटने में भारत का सहयोग जारी रहेगा। गौर करें तो इस शिखर सम्मेलन के जरिए प्रधानमंत्री मोदी ने बिम्सटेक को प्रभावी बनाने की हर संभव पहल की है। ध्यान देना होगा कि मौजूदा समय में वैश्विक परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में बिम्सटेक को प्रभावी बनाना न सिर्फ दक्षिण व पूर्वी एशिया के हित में है बल्कि यह क्षेत्रीय मंच समूचे विश्व के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन सकता है। शिखर सम्मेलन में बनी सहमति के इन प्रभावी सुझावों को मूर्त रूप दिया जाता है तो निःसंदेह बिम्सटेक की उपादेयता बढ़ेगी। उल्लेखनीय है कि बिम्सटेक यानी बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग उपक्रम की स्थापना 1997 में हुई। यह बंगाल की खाड़ी से तटवर्ती या समीपी देशों का एक अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग संगठन है। गौर करें तो बिम्सटेक क्षेत्र प्राकृतिक साधनों, जनशक्ति तथा प्रतिभा से भरपूर है। विश्व की 22 फीसद आबादी इस क्षेत्र में रहती है और इसका संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद 2500 अरब डॉलर है। अगर सदस्य देश सामंजस्य बनाकर कार्य करते हैं तो इससे इस क्षेत्र में व्याप्त गरीबी, अशिक्षा और कुपोषण से लड़ने में मदद मिलेगी। अच्छी बात है कि बिम्सटेक ने अपने हर सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय लिए हैं। इन निर्णयों का ही प्रतिफल है कि आज बिम्सटेक देशों के बीच आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं। आज नेपाल के कुल पूंजी निवेश में लगभग 36 फीसद पूंजी निवेश भारत करता है। भारत सरकार औसतन वार्षिक बजट का लगभग 60 से 75 करोड़ रुपये नेपाल को पर्याप्त सहायता पैकेज के रूप में देती है। बिम्सटेक के सदस्य देश भूटान की कृषि, सिंचाई, सड़क परियोजनाओं में भारत निरंतर सहयोग कर रहा है। भूटान की चुक्ख हाईडिल परियोजना एवं पेनडेना सीमेंट संयंत्र खोलने के लिए भारत ने बड़ी धनराशि मुहैया करायी है। भूटान के सचिवालय के निर्माण तथा पुराने मठों तथा विहारों के जीर्णोद्धार में भी भारत मदद कर रहा है। इसके अलावा भारत उसे केरोसिन और तेल की सब्सिडी भी देता है। बिम्सटेक के अन्य सदस्य देश म्यांमार, श्रीलंका और थाइलैंड के साथ भी भारत के गहरे रिश्ते हैं। म्यांमार में लोकतंत्र के उदय में भारत की अहम भूमिका रही है। पूंजी प्रवाह में उतार-चढ़ाव और विकसित देशों की मौद्रिक नीतियों में बदलाव के इस दौर में बिम्सटेक के लिए आवश्यक है कि वह आपसी मतभेदों को भुलाकर अर्थव्यवस्था के विकास को उत्प्रेरित करने, निवेश आकर्षित करने, उच्च आर्थिक वृद्धि बनाए रखने तथा रोजगार के अवसर सृजित करने से जुड़ी नीतियों को अमलीजामा पहनाएं।

(लेखक विदेशी मामलों के विशेषज्ञ हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## दिवस विशेष

डा. अदिति अरुण

# होम्योपैथी भी सुरक्षित चिकित्सा विकल्प

**ऑटोइम्यून डिसॉर्डर्स, जीवनशैली के लाइलाज कहे जाने वाले रोग, मानसिक बीमारियां, चर्मरोग, जोड़ों के रोग, पेट संबंधी बीमारियां, आदि में होम्योपैथी ने भरोसेमंद इलाज के कई नए आयाम जोड़ दिए हैं। आधुनिक रोगों में होम्योपैथी की सीमा के बावजूद आधुनिक चिकित्सा अपने सामने किसी दूसरी चिकित्सा पद्धति को विकसित होते नहीं देख पा रही है। आधुनिक चिकित्सा की इसी सुपरमेसी का शिकार होम्योपैथी के समक्ष अनेक लाइलाज और जटिल रोगों की चुनौतियां भी हैं। सन् 2017 में अमेरिका में हुए 'नेशनल हेल्थ इंटरव्यू सर्वे' में पाया गया कि लोग तेज़ी से होम्योपैथिक चिकित्सा को सुरक्षित चिकित्सा विकल्प के रूप में स्वीकार करने लगे हैं।**

होम्योपैथी के लिए 10 अप्रैल का दिन बेहद ख़ास है। इस वर्ष तो होम्योपैथी के आविष्कारक डॉ. सैमुएल हैनिमैन की 270वीं जयन्ती भी है। दुनिया आज के दिन को "विश्व होम्योपैथिक दिवस" के रूप में मनाती है। इस विशेष दिवस के बहाने मैं होम्योपैथी के प्रशंसकों को यह बताना चाहती हूँ कि वैश्विक स्वास्थ्य की चुनौतियों के मद्देनज़र होम्योपैथी में उपचार का दायरा अब उन रोगों तक पहुंच चुका है जिसे दुनिया में आज भी लाइलाज बताया जा रहा है। ऑटोइम्यून डिसॉर्डर्स, जीवनशैली के लाइलाज कहे जाने वाले रोग, मानसिक बीमारियां, चर्मरोग, जोड़ों के रोग, पेट संबंधी बीमारियां, आदि में होम्योपैथी ने भरोसेमंद इलाज के कई नए आयाम जोड़ दिए हैं।

कहते हैं विज्ञान और तकनीक में आपसी प्रतिस्पर्धा की हद बेहद ख़तरनाक होती है। आधुनिक रोगों में होम्योपैथी की सीमा के बावजूद आधुनिक चिकित्सा पद्धति अपने सामने किसी दूसरी चिकित्सा पद्धति को विकसित होते नहीं देख पा रही है। आधुनिक चिकित्सा की इस सुपरमेसी का शिकार होम्योपैथी के समक्ष अनेक लाइलाज और जटिल रोगों की चुनौतियां भी हैं। सन् 2017 में अमेरिका में हुए 'नेशनल हेल्थ इंटरव्यू सर्वे' में पाया गया कि लोग तेज़ी से होम्योपैथिक चिकित्सा को सुरक्षित चिकित्सा विकल्प के रूप में स्वीकार करने लगे हैं। उस वर्ष अमेरिका में 39 लाख वयस्क तथा 9 लाख बच्चों ने होम्योपैथिक चिकित्सा ली। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा विधि है जो शुरू से ही चर्चित, रोचक और आशावादी पहलुओं के साथ विकसित हुई है। सन् 1810 में इसे जर्मन यात्री और मिशनरीज़ अपने साथ लेकर भारत आए। फिर तो इन छोटी मीठी गोलियां ने भारतीयों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा कर अपना सिक्का ज़माना शुरू कर दिया। सन् 1839 में पंजाब के महाराजा रणजीत सिंह की गंभीर बीमारी के इलाज के लिए फ्रांस के होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. जॉन मार्टीन होनिंगबर्गर भारत आए थे। डॉ. होनिंगबर्गर के उपचार से महाराज को बहुत लाभ मिला था। बाद में 1849 में पंजाब पर जब सर हेनरी लारेंस का क़ब्ज़ा हुआ तब डॉ. होनिंगबर्गर अपने देश लौट गए। सन् 1951 में एक अन्य विदेशी चिकित्सक जॉन हंटर लिटर ने कलकत्ता में एक होम्योपैथिक चिकित्सालय की स्थापना की। सन् 1881 में कलकत्ता में पहले होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की। होम्योपैथिक चिकित्सा और उपचार का दायरा अब काफ़ी बढ़ चुका है। बहुत से ऐसे सर्जिकल रोग हैं जिसमें एलोपैथी सर्जरी की ज़रूरत पड़ती है लेकिन होम्योपैथिक दवाओं से इन रोगों में भी अच्छा लाभ मिल रहा है। उदाहरण के लिए किडनी या गॉल ब्लैडर की पथरी, हर्निया ट्यूमर, पाइल्स, मस्से आदि रोगों में होम्योपैथी अच्छा उपचार दे रही है। होम्योपैथी को आप भविष्य की एक मुकम्मल चिकित्सा पद्धति भी कह सकते हैं। जीवनशैली से जुड़े रोग, ऑटोइम्यून डिसऑर्डर्स एवं लाइलाज बता दिए गए रोगों में तो होम्योपैथी बेहतर सिद्ध हो रही है। होम्योपैथी में भविष्य की स्वास्थ्य चुनौतियों से निबटने की पूरी क्षमता है। लेकिन स्वास्थ्य संकट की गंभीरता और रोगों की जटिलता के मद्देनज़र यह भी ज़रूरी है कि होम्योपैथी का गंभीर अध्ययन हो और इसे बाज़ार के प्रभाव से बचाकर पीड़ित मानवता की सेवा के चिकित्सा माध्यम के रूप में प्रोत्साहित किया जाए। इन



दिनों हम वैश्विक महामारियों और लाइलाज बीमारियों के दौर में जी रहे हैं। लगभग हर उम्र और वर्ग में जटिल बीमारियों का लाइलाज होना जहां चिंता की बात है वहीं होम्योपैथिक उपचार ने न केवल इसे सहज बनाया है बल्कि बेहद कम ख़र्च में इलाज को आम लोगों के लिए सुलभ कर दिया है। अभी कुछ वर्ष पूर्व ही दुनिया भर में फैले कोरोना वायरस संक्रमण के दौर को याद कीजिए।

उपचार के नाम पर पूरी दुनिया में अफ़रातफ़री थी। लोग परेशान थे और मर रहे थे। ऐसे में होम्योपैथी के रोगनिरोधी दवाओं ने बहुत काम किया। भारत वर्ष में सरकारी और निजी तौर पर बड़ी तादाद में होम्योपैथी की रोग प्रतिरोधी दवा बांटी गई और उसका असर भी हुआ कि कोरोना संक्रमण काफ़ी हद तक कम हो गया और लोग दहशत से बाहर आ गए थे। गंभीर बीमारियों और महामारियों में होम्योपैथी की भूमिका को समझने के लिए जर्नल ऑफ हिस्ट्री ऑफ मेडिसिन एंड एलाइड साइंसेज की 1997 के अंक में दर्ज सन् 1832 एवं 1854 में युरोप में फैले एशियाटिक कालरा महामारी की स्थिति का अध्ययन करना चाहिए। उस समय के जाने माने जनस्वास्थ्य वैज्ञानिक डॉ. जान स्नो ने ब्रिटेन के किंग जॉर्ज (छठे) की मदद से रॉयल लंदन होम्योपैथिक अस्पताल के चिकित्सकों की सेवाएं ली और लाखों लोगों को असमय मरने से बचा लिया था। आज कल वैश्विक स्तर पर होम्योपैथी खूब चर्चा में है। विभिन्न लोगों एवं समूहों में आलोचनाओं के बाद भी होम्योपैथी की स्वीकार्यता बढ़ी ही है। आधुनिक चिकित्सा के कई बड़े चिकित्सक भी न केवल होम्योपैथिक उपचार को अपना रहे हैं बल्कि वे अपने मरीज़ों को होम्योपैथी उपचार लेने की सलाह भी दे रहे हैं।

आज आवश्यकता इस बात की है कि होम्योपैथी के लाभकारी गुणों को वैज्ञानिकता की कसौटी पर परख कर उसे जनसुलभ बनाया जाए। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी "ट्रेडिशनल मेडिसिन इन एशिया" नाम से एक मोनोग्राफ प्रकाशित कर होम्योपैथी एवं अन्य आयुष पद्धतियों की प्रासंगिकता को स्वीकार किया है। संगठन ने इस वर्ष (2025) विश्व स्वास्थ्य दिवस के संदेश के रूप में "स्वस्थ शुरुआत- आशापूर्ण भविष्य" की बात की है। संगठन भी मान रहा है कि सभी तार्किक एवं वैज्ञानिक चिकित्सा पद्धतियों का समन्वय करके ही दुनिया को रोगमुक्त करने की दिशा में सोचा जा सकता है। हम होम्योपैथी की प्रासंगिकता और वैज्ञानिकता को लेकर नियमित चर्चा करें, इसकी कमियों को दूर करने का प्रयास करें साथ ही इसे जनसुलभ बनने के लिए भी पहल करें। वैश्वीकरण के दौर में जब स्वास्थ्य और शिक्षा बाजार की भेंट चढ़ गए हों, तब इस सहज और सस्ती वैज्ञानिक उपचार प्रणाली का महत्त्व वैसे ही बढ़ जाता है। होम्योपैथी में नियमित अनुसंधान की सख़्त ज़रूरत है। हम होम्योपैथिक चिकित्सकों को भी नये रोगों की चुनौतियों और उसके सफल होम्योपैथिक उपचार का अध्ययन करते रहना चाहिए। इन लाइलाज रोगों की चुनौतियाँ तथा आम लोगों में बढ़ती ग़रीबी के मद्दे नज़र भी होम्योपैथी जैसी सहज और सुलभ चिकित्सा पद्धति को और बढ़ाया जाना चाहिए। देखा जा रहा है कि महँगे इलाज का बोझ आम लोगों को कंगाल बना रहा है।देश की एक बड़ी आबादी कुपोषण का शिकार है। हमें यह भी सोचना होगा कि एक तार्किक चिकित्सा प्रणाली को मज़बूत और ज़िम्मेदार बनाने के प्रयासों के बजाए वे कौन लोग हैं जो इसे झाड़ फूंक,प्लेसिबो या सफ़ेद गोली के जुमले में बाँधे रखना चाहते हैं? यदि ये एलोपैथी की दवा और व्यापार की लॉबी है तो कहना होगा कि उनका स्वार्थ महँगी और बेतुके इलाज के नाम पर लूट क़ायम करना और भ्रम खड़ा करना है। हमें उनसे सावधान रहना होगा। नहीं तो आप उपचार की एक सहज, सरल, सस्ती और प्रामाणिक चिकित्सा विधि से महरूम रह जाएंगे।

(लेखिका होम्योपैथिक चिकित्सक एवं पोषणविज्ञानी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## शिव के अंश से जन्म पर मनुष्य ज्ञानी होता है



संकलित
**दर्शन**

साधक दो प्रकार के होते हैं। एक प्रकार के साधक का स्वभाव बंदर के बच्चे की तरह होता है, दूसरे प्रकार के साधक का स्वभाव बिल्ली के बच्चे की तरह। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े हुए उससे लिपटा रहता है, पर बिल्ली का बच्चा स्वयं मां को नहीं पकड़ता, मां उसे जहां छोड़ दे, वहीं पड़ा रहता है। बंदर का बच्चा स्वयं अपनी मां को पकड़े रहता है, इसलिए अगर कभी उसका हाथ छूट जाए तो वह गिर पड़ता है और उसे चोट पहुंचती है। पर बिल्ली के बच्चे को यह भय नहीं है, क्योंकि उसे उसकी मां स्वयं पकड़कर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है। इसी प्रकार, ज्ञानयोगी या कर्मयोगी साधक बंदर के बच्चे की तरह स्वयं के प्रयत्न से मुक्तिलाभ करने का प्रयास करता है, परंतु भक्त साधक ईश्वर को ही एकमात्र कर्ता जानकर बिल्ली के बच्चे की तरह उन्हीं के चरणों में निर्भय होकर निश्चित पड़ा रहता है। ज्ञानी कहता है सोहम। मैं ही वह शुद्ध आत्मा हूं। परंतु भक्त कहता है, अहा, यह सब उनकी ही महिमा है। यह सब कुछ मैं हूं, यह सब कुछ तुम हो, तुम स्वामी हो, मैं सेवक-इन तीन भावों में से किसी भी एक में दृढ़ रूप से प्रतिष्ठित होने पर ही भगवत्प्राप्ति होती है। शिव के अंश से जन्म होने पर मनुष्य ज्ञानी होता है। उसका मन सदा ब्रह्म सत्य, जगत मिथ्या, इसी बोध की ओर जाता है। विष्णु के अंश से जन्म हो तो प्रेम-भक्ति होती है। उसके मन से प्रेम-भक्ति कभी नहीं जाती। बहुत ज्ञान विचार करने के बाद यदि किसी समय यह प्रेम-भक्ति कुछ कम भी हो जाए तो फिर और एक समय यह यदुवंश का ध्वंस करने वाले मूसल की तरह देखते-देखते बढ़ भी जाती है।

## मृत्यु अटल है, जो समझे वे प्रसन्न रहेंगे



संकलित
**प्रेरणा**

एक प्रवचन के बाद एक व्यक्ति तुकाराम के पास आया और बोला कि आप इतने आनंद में और शांत कैसे रहते हैं? तुकाराम जी ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं और अचानक बोले कि भाई सात दिनों के बाद तुम्हारी मृत्यु होने वाली है। ये बात सुनते ही तुरंत ही उस व्यक्ति की हालत खराब हो गई। क्योंकि वह मानता था कि तुकाराम जी बहुत सिद्ध संत हैं, इनकी बात गलत नहीं हो सकती है। उसने तय किया कि जीवन के सात दिन बचे हैं तो अब आनंद के साथ ही जीना चाहिए। उस व्यक्ति ने अपनी जीवन शैली ही बदल दी। सभी के साथ प्रेम से रहने लगा। उसने जो गलतियां की थीं, उनमें सुधार किया। जिन लोगों को उसकी वजह से नुकसान हुआ था, उनसे क्षमा मांगी। हर पर प्रसन्न रहने लगा। इसी तरह सातवां दिन आ गया। उनसे सोचा कि अंतिम दिन अपने गुरु से भी मिल लेना चाहिए। वह तुरंत ही तुकाराम जी के पास पहुंच गया। उसने कहा कि जैसा आपने कहा था कि मेरी सात दिन बात मृत्यु होगी। आज सातवां दिन है। अंतिम दिन मैं आपसे मिलने आया हूं। तुकाराम जी ने उसकी बात सुनी और कहा कि जुग-जुग जियो। ये बात सुनकर उस व्यक्ति ने कहा कि गुरु जी मैं अगले दिन तो मैं मर जाऊंगा तो आप ऐसा आशीर्वाद क्यों दे रहे हैं? तुकाराम जी ने कहा कि मैंने तो तुम्हें तुम्हारे ही सवाल का जवाब दिया था, तुमने मेरे प्रसन्न रहने का रहस्य पूछा था।

## अंतर्मन




### आज की पाती


**महंगाई को मिलकर नकेल दें सरकारें**

देश के लोग इस वक्त महंगाई से त्रस्त हैं। सरकार को महंगाई रोकने के अपने वादों को पूरा करना चाहिए। अकसर यह देखा जाता है कि चुनाव के दौरान भारी भरकम वादे किए जाते हैं, लेकिन उन वादों को निभाया नहीं जाता है। केंद्र की वर्तमान सरकार ने भी चुनाव के दौरान महंगाई पर नकेल कसने का वादा किया था, लेकिन वह इस वादे को पूरा नहीं कर पाई है। प्रायः हर प्रदेश में खाद्य पदार्थों के दाम ऊपर ही जा रहे हैं। आटा, चावल, सब्जियां, तेल, दालों आदि के भाव अपनी ऊंचाई पर हैं। फलों के दाम भी बढ़ते ही जा रहे हैं। महंगाई को बढ़ने से रोकने के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों को भी कदम उठाने चाहिए। यह एक सामूहिक दायित्व है।

*- लखन चतुर्वेदी, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर


# अमेरिका ने खाद्य सहायता कार्यक्रम में मदद बंद की




ट्रंप प्रशासन ने अफगानिस्तान, सीरिया, यमन और 11 अन्य गरीब देशों में लाखों लोगों के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम को वित्तीय सहायता देना बंद कर दिया है, जबकि इनमें से कई देश संघर्ष का सामना कर रहे हैं। संगठन और अधिकारियों ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को यह जानकारी दी। विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट में अमेरिका से इस फैसले को वापस लेने की अपील की। दो अमेरिकी अधिकारियों और एसोसिएटेड प्रेस के पास मौजूद दस्तावेजों के अनुसार इस सहायता को बंद कर 'यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट' द्वारा संचालित कुछ बचे मानवीय कार्यक्रमों को भी बंद किया जा रहा है। डब्ल्यूएफपी ने 'एक्स' पर कहा, 'यह कटौती अत्यधिक भूख और भुखमरी का सामना कर रहे लाखों लोगों के लिए मौत की सजा के बराबर हो सकती है।" एजेंसी ने कहा कि उसने इस तरह के कार्यक्रमों के 'लगातार समर्थन का आग्रह करने के लि" ट्रंप प्रशासन से बात की है और पहले के योगदान के लिए अमेरिका और अन्य मददगारों को धन्यवाद दिया।

## ऑफ बीट

# पालतू बिल्ली से एलर्जी का खतरा क्यों ज्यादा होता है



अगर आपने अपने घर में बिल्ली पाल रखी है, तो सावधान हो जाएं। पालतू बिल्लियां धूल के कणों के बाद एलर्जी उभरने की दूसरी सबसे बड़ी वजह हैं। लेकिन, पालतू बिल्लियों से एलर्जी का वास्तविक स्रोत क्या है? और क्या बिल्लियों की कुछ नस्लें एलर्जी के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील होती हैं? बिल्लियों से एलर्जी को लेकर कई भ्रम और गलतफहमियां हैं। आइए, इनमें से कुछ को दूर करें। बाल जिम्मेदार नहीं-आम धारणा के विपरीत बिल्ली के बाल लोगों में एलर्जी के लिए जिम्मेदार नहीं होते। अलबत्ता, बिल्ली की लार और त्वचा की ग्रंथियों में पैदा होने वाला प्रोटीन 'फेल डी 1' एलर्जी के खतरे को बढ़ावा देता है। यूं तो बिल्लियों के शरीर में एलर्जी के लिए जिम्मेदार आठ कण का उत्पादन होता है, लेकिन विभिन्न अध्ययनों में 'फेल डी 1' को इनमें सर्वाधिक घातक पाया गया है। 'फेल डी 1' एक सूक्ष्म प्रोटीन है, जो कपड़ों और अन्य सतहों से आसानी से चिपक जाता है। यह हवा में भी लंबे समय तक सक्रिय रह सकता है, जिससे इसके श्वास के रास्ते शरीर में प्रवेश करने की आशंका रहती है। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि 'फेल डी 1' उन घरों में भी मौजूद हो सकता है, जहां बिल्लियां नहीं होतीं।

## ट्रेंड

### रामसहाय के निधन से दुख



सुप्रसिद्ध लोक कलाकार पद्मश्री रामसहाय पांडे जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। उन्होंने अपनी अद्भुत कला, लगन और परिश्रम से बुंदेलखंड के लोकनृत्य राई को अंतरराष्ट्रीय ख्याति दिलाई। शोक की इस घड़ी में ईश्वर उनके परिजनों और प्रशंसकों को संबल प्रदान करें। ओम शांति!

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### समृद्ध राजधानी दिल्ली



हमारा लक्ष्य केवल शासन करना नहीं, बल्कि प्रत्येक दिल्लीवासी को नीति निर्धारण और विकास प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाना है। दिल्ली को एक समावेशी, सशक्त और समृद्ध राजधानी बनाने के संकल्प के साथ हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### संविधान की सुरक्षा जरूरी



बीजेपी लगातार दलितों को अपमानित और संविधान पर आक्रमण करती आ रही है। इसलिए संविधान का सिर्फ सम्मान नहीं, सुरक्षा भी ज़रूरी है। देश संविधान और उसके आदर्शों से चलेगा, मनुस्मृति से नहीं।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### रचनात्मक सामग्री



भारत रचनात्मक सामग्री का सबसे बड़ा निर्माता और उपभोक्ता है। यदि संगठित और असंगठित रचनात्मक अर्थव्यवस्था को एक साथ रखते हैं तो हम पहले से ही एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने लगाई कई परियोजनाओं पर मुहर

# आज जिरकपुर बाइपास, 14 को पहला हवाई अड्डा हरियाणा पर प्रधानमंत्री मोदी मेहरबान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लंबे समय से अटकी पडी जिरकपुर बाइपास परियोजना पर मुहर लग गई। पंजाब और हरियाणा के औद्योगिक और पर्यटन क्षेत्रों को बडा बूस्ट इस सडक परियोजना से मिल सकेगा। आगामी 14 तारीख को प्रधानमंत्री के हरियाणा दौरे में जहां सूबे को पहला एयरपोर्ट की सौगात देने जा रहे हैं। वहीं दौरे से पहले राज्य की लाइफलाइन माने जाने वाले जिरकपुर बाइपास के निर्माण को हरी झंडी देकर हरियाणा, पंजाब और समूचे उत्तर भारत की सडक कनेक्टिविटी को नई गति दी है। साथ ही रक्षा सामग्रियों के निर्माण में स्वदेशीकरण को बढावा देकर भारत को वैश्विक रक्षा बाजार में एक मजबूत खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने के लिए एक और मजबूत कदम बढाया। देश के कई हिस्सों में भूमि विवादों को जड से खत्म करने के लिए भूमि रिकॉर्ड के डिजिटाइज़ेशन के लिए व्यवस्था के लिए भी फंड की व्यवस्था की गई। शिक्षा और हरित ऊर्जा क्षेत्र में देश को अग्रणी बनाने के लिए भी मोदी सरकार ने आज बुधवार को परियोजनाओं को मंजूरी दी।



### जिरकपुर बाइपास परियोजना

- केंद्रीय कैबिनेट ने पंजाब और हरियाणा में 19.2 किलोमीटर लंबे 6-लेन एक्सेस कंट्रोल्ड जिरकपुर बाइपास के निर्माण को मंजूरी दी। यह परियोजना हाइब्रिड एन्युटी मोड के तहत बनाई जाएगी।
- **लागत**: 1,878.31 करोड़ रुपए।
- **उद्देश्य**: यह बाइपास चंडीगढ़, पंचकुला और जिरकपुर क्षेत्र में ट्रैफिक की भीड़ को कम करेगा, साथ ही दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे और एनएच 344ए जैसे प्रमुख मार्गों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा।
- **प्रभाव**: यात्रा समय में कमी, ईंधन की बचत, और क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा।

### रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण को बढ़ावा

- कैबिनेट ने रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी डिजाइन और विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए 325 सैन्य उपकरणों और प्रणालियों की सूची को मंजूरी दी। इनमें हथियार, सेंसर, रडार, और अन्य सैन्य उपकरण शामिल हैं।
- **उद्देश्य**: आयात पर निर्भरता कम करना और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को मजबूत करना।
- **प्रभाव**: रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ेगी, रोजगार के अवसर पैदा होंगे, और रक्षा निर्यात क्षमता में वृद्धि होगी।

### हरित ऊर्जा परियोजनाएं

- नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं के एक नए पैकेज को भी केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दी। इसमें 5,000 मेगावाट क्षमता की नई परियोजनाएं शामिल हैं।
- **लागत**: लगभग 25,000 करोड़ रुपए।
- **उद्देश्य**: 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य को प्राप्त करना और कार्बन उत्सर्जन को कम करना।
- **प्रभाव**: स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि, पर्यावरण संरक्षण, और ऊर्जा क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहन।

### डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स आधुनिकीकरण कार्यक्रम

- डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अगले चरण को मोदी कैबिनेट ने मंजूरी दी, जिसके तहत देश भर में भू-संपत्ति रिकॉर्ड को डिजिटाइज़ किया जाएगा।
- लागत: लगभग 1,500 करोड़ रुपए।
- उद्देश्य: भूमि विवादों को कम करना, पारदर्शिता बढ़ाना, और किसानों व संपत्ति मालिकों के लिए स्वामित्व प्रमाण पत्र प्रदान करना।
- **प्रभाव**: ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती, धोखाधड़ी में कमी और डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति की नई परियोजनाएं

- शिक्षा क्षेत्र में सुधार के लिए एनईपी 2020 के तहत कई नई परियोजनाओं को मंजूरी दी गई, जिसमें स्कूलों और विश्वविद्यालयों में डिजिटल बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है।
- **लागत**: करीब 2,000 करोड़ रुपए।
- **उद्देश्य**: शिक्षा को समावेशी और तकनीक-सक्षम बनाना, विशेष रूप से ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में।
- **प्रभाव**: बेहतर शिक्षण संसाधन, ऑनलाइन शिक्षा का विस्तार, और शिक्षक प्रशिक्षण में सुधार।

# धोती-कुर्ता धारण कर नंगे पांव पहुंचे मोदी, 108 देश के लोगों ने किया जाप

## नवकार महामंत्र को पीएम ने बताया जीवन का आधार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नवकार महामंत्र दिवस' पर आयोजित 'नवकार महामंत्र' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बिना जूते के पहुंचे। उन्होंने मंच पर नहीं बल्कि आम लोगों के साथ बैठकर कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने पारंपरिक धोती और कुर्ता धारण किया था। इस दौरान उन्होंने कहा कि जैन धर्म ने भारत की पहचान स्थापित करने में अमूल्य भूमिका निभाई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इसके मूल्य आतंकवाद, युद्ध और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी वैश्विक चुनौतियों से पार पाने में मददगार हैं। पीएम मोदी ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी सरकार इस प्राचीन धर्म की विरासत और शिक्षाओं के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि तीर्थंकरों की शिक्षाओं और मूर्तियों के जरिए इस धर्म का प्रभाव संसद भवन पर दिखाई देता है।



### अनेकांतवाद धर्म में गैर-निरपेक्षता को बढ़ावा देने वाला सिद्धांत

अनेकांतवाद के सिद्धांत का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि दुनिया को इसकी बहुत जरूरत है क्योंकि इसके तहत विभिन्न दृष्टिकोणों की सराहना की जाती है। अनेकांतवाद जैन धर्म में गैर-निरपेक्षता को बढ़ावा देने वाला एक प्रमुख सिद्धांत है। इसके तहत यह माना जाता है कि अंतिम सत्य को अलग-अलग तरीके से देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म में जीवन की पारस्परिक निर्भरता का खासा महत्व है और इसलिए इसमें मामूली हिंसा पर भी रोक है।

### शांति, सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण के लिए अच्छा माध्यम

*पीएम मोदी ने कहा कि यह शांति, सद्भाव और पर्यावरण संरक्षण के लिए सबसे अच्छा सबक है। मोदी ने कहा कि जैन साहित्य भारत की आध्यात्मिक भव्यता की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार इसे संरक्षित करने के लिए कई कदम उठा रही है, जिसमें इसके प्राचीन ग्रंथों का डिजिटलीकरण और पाली व प्राकृत को शास्त्रीय भाषा घोषित करने की हालिया योजना भी शामिल है।*

# विकास और जल प्रबंधन के आधुनिकीकरण को मंजूरी, 1600 रुपए करोड़ होंगे खर्च

## प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की उप-योजना बनी

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज 2025-2026 की अवधि के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) की उप-योजना के रूप में कमान क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन (एम-सीएडीडब्ल्यूएम) के आधुनिकीकरण को मंजूरी दे दी। इस योजना का आरंभिक कुल परिव्यय 1600 करोड़ रुपये है।

इस योजना का उद्देश्य, मौजूदा नहरों या अन्य स्रोतों से निर्दिष्ट क्लस्टर में सिंचाई जल की आपूर्ति के लिए सिंचाई जल आपूर्ति नेटवर्क का आधुनिकीकरण करना है। यह दबावयुक्त भूमिगत पाइप सिंचाई द्वारा एक हेक्टेयर तक स्थापित स्रोत से खेत तक किसानों द्वारा सूक्ष्म सिंचाई के लिए मजबूत बैकएंड बुनियादी ढांचा तैयार करेगा। जल की मात्र दर्ज करने और जल प्रबंधन के लिए एससीएडीए, इंटरनेट ऑफ़



थिंग्स तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इससे खेत स्तर पर जल उपयोग दक्षता और कृषि उत्पादन के साथ-साथ उत्पादकता बढ़ेगी, इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी।

सिंचाई परिसंपत्तियों के प्रबंधन के लिए जल उपयोगकर्ता समिति को सिंचाई प्रबंधन हस्तांतरण द्वारा परियोजनाओं को टिकाऊ बनाया जाएगा। जल उपयोगकर्ता समितियों को पांच साल के लिए एफपीओ या पीएसीएस जैसी मौजूदा आर्थिक संस्थाओं से जोड़ने के लिए सहायता दी जाएगी । युवाओं में भी सिंचाई की आधुनिक पद्धति अपनाते हुए खेती क्षेत्र में आने का रूझान बढ़ेगा।

## *तकनीकी समस्याएं दूर, फिनिशिंग शुरू*

# शताब्दीनगर स्टेशन का निर्माण पूरा जल्द फर्राटा भरेंगी नमो और मेट्रो

एजेंसी ⏭ मेरठ

यहां दिल्ली रोड पर शॉप्रिक्स मॉल के सामने शताब्दी नगर स्टेशन तक जल्द ही नमो भारत रैपिड ट्रेन का संचालन हो सकेगा। इस स्टेशन का निमार्ण कार्य पूरा हो चुका है, अब फिनिशिंग का कार्य किया जा रहा है। विभिन्न तकनीकी समस्याओं को दूर किया जा रहा है।

इन्हें दूर करके ट्रेन संचालन सुचारु कर कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी का निरीक्षण कराया जाएगा। ऐसे में माना जा रहा है कि अब अप्रैल के अंत तक नमो भारत ट्रेन का संचालन शताब्दीनगर तक संभव होगा। ट्रेन का ट्रायल रन भी लगातार जारी है।



### पार्किंग में 1200 वाहन खड़े किए जा सकेंगे

यह स्टेशन शहर के केंद्र के रूप में विकसित होना है। यहां आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग भी यात्रा के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में यहां सबसे बड़ी पार्किंग बनाई गई है। दो भाग में बनी पार्किंग में 1200 वाहन खड़े किए जा सकते हैं।

### ट्रायल रन 100 किमी प्रति घंटे किया जा रहा

मेरठ साउथ से शताब्दीनगर तक नमो भारत रैपिड ट्रेन का ट्रायल रन 80 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने 5 जनवरी से दिल्ली के न्यू अशोक नगर से आनंद विहार होते हुए मेरठ साउथ तक शुभारंभ कर ट्रेन का संचालन शुरू कराया था। अब शताब्दीनगर तक ट्रेन का संचालन जल्द ही संभव है।

## *अनुबंध एक बाध्यकारी समझौता है: शीर्षकोर्ट*

# विवादों को सुलझाने का अधिकार किसी भी पक्ष से अनुबंध से नहीं छीन सकते

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

निजी नियोक्ता कर्मचारी के नियुक्ति पत्र में यह प्रावधान शामिल कर सकते हैं कि रोजगार संबंधी किसी भी विवाद का समाधान किस विशेष अदालत या क्षेत्राधिकार में किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह बात कही है। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ ने कहा कि अनुबंध एक कानूनी रूप से बाध्यकारी समझौता है, चाहे इसमें शामिल पक्ष या उनकी ताकत कुछ भी हो। कानूनी तरीके से विवादों को सुलझाने का अधिकार किसी भी पक्ष की ओर से अनुबंध के माध्यम से नहीं छीना जा सकता है। न्यायालय ने कहा कि विवाद में यह धारा कर्मचारी से कानूनी दावा करने के अधिकार को नहीं छीनती। सर्वोच्च न्यायालय पटना में नियुक्त एचडीएफसी बैंक और दिल्ली में नियुक्त लॉर्ड कृष्णा बैंक के दो कर्मचारियों द्वारा दायर अपीलों पर सुनवाई कर रहा था।



# अगर ट्रंप दवाओं पर लगाएंगे टैरिफ तो भारतीय कंपनियां होंगी ज्यादा प्रभावित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ देश में दवाओं के अधिक उत्पादन के लिए टैरिफ लगाने का वादा बार-बार करते रहें


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ये ऐलान किया है कि फार्मास्युटिकल्स पर उनका टैरिफ लगाने का लंबे समय से किया गया वादा जल्द पूरा होगा। बिना कोई अतिरिक्त जानकारी साझा किए हाउस रिपब्लिकन के लिए आयोजित फंड रेजिंग प्रोग्राम के दौरान ट्रंप ने कहा, 'हम जल्द ही बड़ा टैरिफ फार्मास्युटिकल्स पर कर लगाने जा रहे हैं।'

ट्रंप ने कहा कि अगर हम ऐसा करते हैं तो वे कंपनियां हमारे बाजार में वापस आ जाएंगी। ऐसा इसलिए क्योंकि हम बड़े बाजार हैं। ब्लूमबर्ग के अनुसार, राष्ट्रपति ट्रंप लंबे समये से घरेलू दवा उत्पादन की कमी पर अपना दुख जताते रहे हैं। ऐसे में देश में दवाओं के अधिक उत्पादन के लिए टैरिफ लगाने का वादा ट्रंप बार-बार करते रहे हैं।

### ट्रंप लंबे समय से घरेलू दवा उत्पादन की कमी पर दुख जताते रहें

#### भारतीय कंपनियों पर व्यापक असर होगा

अगर ट्रंप की तरफ से फार्मास्युटिकल्स पर टैरिफ का एलान किया जाता है तो इसका अमेरिका को निर्यात करने वाली भारतीय दवा कंपनियों पर व्यापक असर होगा। दवा क्षेत्र के एक्सपर्ट्स से बात करते हुए बताया, भारतीय दवा कंपनियों की तरफ से अमेरिका में अधिकतर जेनेरिक्स या फिर पॉपुलर दवाएं सस्ती में भेजी जाती है। इस पर इस वक्त न के बराबर सरचार्ज लगता है। जबकि भारत की तरफ से अमेरिका से एक्सपोर्ट हो रही दवाओं पर 10% का टैक्स लगाया जाता है।





*सन फार्मा ने 32 फीसदी बेचकर की थी कमाई : भारत की सबसे बड़ी दवा निर्माता कंपनी सन फार्मा पिछले वित्तीय वर्ष में अपनी कुल कमाई का 32% कमाई अमेरिका में बेचकर की थी। इसके अलावा, अन्य फर्म जैसे- डॉ. रेड्डी, अरबिन्दो फार्मा, जायडस लाइफसाइंस और ग्लेड फर्मांका भी अमेरिका में काफी एक्सपोर्ट होता है।*

#### कौन सी कंपनियां होंगी प्रभावित?

रायटर्स के मुताबिक, भारत के कुल दवा निर्यात का करीब एक तिहाई हिस्सा अमेरिका में एक्सपोर्ट की जाती है. मार्च 2024 में बेंगलुरू स्थित बायकॉन और मुंबई बेस्ड ल्यूपिन ने अमेरिका से 44% और 37% की कमाई की थी। हैदराबाद स्थित इंडियन मल्टीनेशनल फॉर्मास्युटिकल एंड बायोटेक्नोलॉजी कंपनी लारस लैब ने भी नॉर्थ अमेरिकी मार्केट से करीब 17% की कमाई की थी।

#### दवा कंपनियों पर लगेगा टैरिफ

मार्च में उन्होंने कहा था कि व्हाइट हाउस जल्दी ही फार्मास्युटिकल्स पर टैरिफ का ऐलान करेगा। इसके साथ ही उन्होंने ये संकेत दिया था कि अमेरिका लंबे समय तक इस क्षेत्र से बाहर नहीं रह पाएगा। उनकी ये टिप्पणी ऐसे वक्त पर की गई है जब ट्रंप की तरफ से दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ के चलते अमेरिकी समेत वैश्विक शेयर बाजार में कोहराम मचा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### भारतपे समूह को ऑनलाइन भुगतान की मंजूरी मिली




**नई दिल्ली।** भारतपे समूह की कंपनी रेजिलिएंट पेमेंट्स को ऑनलाइन भुगतान सेवाएं मुहैया कराने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से अंतिम मंजूरी मिल गई है। इससे भारतपे अपने 'पेमेंट गेटवे' के माध्यम से लेनदेन सहित विभिन्न भुगतान-संबंधी सेवाओं को सुविधाजनक बना पाएगी।

### जियो फाइनेंस देगा शेयर म्यूचुअल फंड के बदले कर्ज




**नई दिल्ली।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लि. की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी जियो फाइनेंस लि. ने प्रतिभूतियों के एवज में कर्ज देने के क्षेत्र में कदम रखा है। कंपनी ने कहा कि डीमैट खाते में रखे शेयर और म्यूचुअल फंड जैसे निवेश उत्पादों को गिरवी रखकर ग्राहक कर्ज ले सकेंगे। कंपनी का दावा है कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल और सुरक्षित होगी।

### रुपया 45 पैसे टूटकर 86.71 प्रति डॉलर



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और यह 45 पैसे और टूटकर 86.71 प्रति डॉलर पर आ गया। वैश्विक स्तर पर शुल्क को लेकर तनाव बढ़ने से रुपये में गिरावट आई है। भारतीय रिजर्व बैंक ने वृद्धि को बढ़ावा देने के उपाय के तौर पर प्रमुख ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की है।

### आरबीआई की घोषणा के बाद बैंक अधिकारियों ने कहा

# रेपो दर में कमी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए, छोटे उद्यमों को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रेपो दर में कटौती और मौद्रिक नीति के रुख को 'उदार' करने का निर्णय व्यापार युद्ध के बीच अर्थव्यवस्था को गति देने की दिशा में उठाया गया कदम है। इससे अन्य क्षेत्रों के अलावा सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्यमों के लिए उधार लेने की लागत कम होने की उम्मीद है।

बैंक अधिकारियों ने बुधवार को यह कहा। इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अजय श्रीवास्तव ने कहा कि रेपा दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती का निर्णय व्यापार युद्ध के बढ़ते तनाव के बीच अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने की दिशा में एक सक्रिय कदम है।

■ निर्णय व्यापार युद्धि के बीच अर्थव्यवस्था को गति देगा

■ एमएसएमई के लिए उधार लेने की लागत कम होने की उम्मीद

■ निर्णय वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रति सहायक बना रहेगा




#### लगातार दूसरी कटौती

इस साल नीतिगत दर में लगातार दूसरी कटौती प्रमुख क्षेत्रों में विकास को प्रोत्साहित करने के लिए बैंकिंग क्षेत्र के हित को केंद्र में रखने का प्रमाण है।' उन्होंने कहा, ''सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए इस कटौती से कर्ज की लागत कम होने की संभावना है, जिससे इस क्षेत्र की वृद्धि और नवोन्मेष करने की क्षमता बढ़ेगी।''

*नकदी प्रवाह में होगा सुधार : इस कदम से फायदा होगा क्योंकि इससे ऋण लागत कम होगी और नकदी प्रवाह में सुधार होगा, जो उभरते बाजार की गतिशीलता में सुधार और विकास के लिए महत्वपूर्ण है। एमएसएमई हमारे ऋण खंड का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है...इस कटौती से खासकर मझोले और छोटे शहरों (टियर दो और टियर तीन) में घर, वाहन और व्यक्तिगत ऋणों की मांग में तेजी आने की संभावना है।''*

*सह-ऋण ढ़ांच को व्यापक बनाया गया : शेट्टी ने कहा, ''विनियमन के मामले में, संकटग्रस्त परिसंपत्तियों के लिए बाजार आधारित प्रतिभूतिकरण ढांचा, स्वर्ण ऋण और गैर-निधि आधारित सुविधाओं पर नीति की समीक्षा समय पर की गई है। सह-ऋण ढांचे को व्यापक बनाने से सभी संबंधित पक्षों को अधिक विकल्प मिलेंगे।*

#### बाजार के लिए अच्छे भविष्य का संकेत

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने कहा कि आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में कटौती और रुख में संशोधन कर इसे 'उदार' बनाना एक त्वरित एवं समय पर उठाया गया कदम है तथा यह बाजार के लिए एक भविष्य का संकेत है, जिससे वह उभरती वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रति सहायक बना रहेगा।

#### भारत के जीडीपी में वृद्धि के संकेत

कुमार ने यह भी कहा कि इंडियन बैंक अपने ग्राहकों को तेजी से लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिससे समावेशी ऋण वृद्धि सुनिश्चित हो सके। अप्रैल की ऋण नीति पर टिप्पणी करते हुए वित्तीय सेवा एवं परामर्श कंपनी ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि आरबीआई की एमपीसी बैठक के निर्णय यह सुनिश्चित करते हुए भारत की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि संभावनाओं की रक्षा करने की उसकी इच्छा का संकेत देते हैं।

#### खुदरा मांग को समर्थन मिलेगा

इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी बिनोद कुमार ने कहा, ''आरबीआई के इस कदम से एमएसएमई और खुदरा मांग दोनों को समर्थन मिलने की उम्मीद है। एमएसएमई क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में करीब 30 प्रतिशत और निर्यात में 40 प्रतिशत से अधिक का योगदान है।

# रेपो दर में कटौती का शेयर बाजार को समर्थन नहीं, सेंसेक्स 380 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

■ बढ़ते व्यापार तनाव के कारण वैश्विक बाजार में गिरावट

बढ़ते व्यापार तनाव से वैश्विक बाजारों में आई गिरावट के बीच स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से प्रमुख नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की एक और कटौती किए जाने के बावजूद नुकसान के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स करीब 380 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 137 अंक की गिरावट रही। विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक के नीतिगत मोर्चे पर सकारात्मक कदम उठाने के बावजूद वैश्विक व्यापार चिंताएं बाजार पर हावी रहीं और निवेशकों ने बिकवाली को प्राथमिकता दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 379.93 अंक यानी 0.51 प्रतिशत गिरकर 73,847.15 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 554.02 अंक गिरकर 73,673.06 अंक के निचले स्तर तक फिसल गया था। निफ्टी भी 136.70 अंक यानी 0.61 प्रतिशत गिरकर 22,399.15 अंक पर आ गया।



#### दुनिया मंदी के जोखिम को स्वीकार रही

नायर ने कहा, हालांकि, भारत में रेपो दर में कटौती के साथ एक उदार नीतिगत रुख अपनाने को रचनात्मक कदम के रूप में लिया गया है। लेकिन बाजार की समग्र धारणा को ऊपर उठाने में इसका योगदान बहुत कम रहा है क्योंकि दुनिया मंदी के जोखिम को स्वीकार कर रही है।

#### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारतीय स्टेट बैंक, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील, सन फार्मा, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट का रुख हावी रहा। दूसरी तरफ नेस्ले, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और आईटीसी के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सोना 1,050 रुपए टूटकर 91,000 से नीचे फिसला, चांदी मजबूत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्टॉकिस्ट और खुदरा विक्रेताओं के कमजोर उठान के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 1,050 रुपये की गिरावट के साथ 90,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। पिछले बाजार बंद के समय



99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,050 रुपये टूटकर 89,750 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि मंगलवार को यह 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 93,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। मंगलवार को सफेद धातु 92,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इस बीच, विदेशी बाजारों में हाजिर सोना 61.98 डॉलर या 2.08 प्रतिशत बढ़कर 3,044.14 डॉलर प्रति औंस हो गया।

# पिछले साल बेरोजगारी दर मामूली रूप से घटी

**नई दिल्ली।** कैलेंडर वर्ष 2024 में 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों में बेरोजगारी दर वर्ष 2023 के पांच प्रतिशत से घटकर 4.9 प्रतिशत पर आ गई। बुधवार को जारी आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में यह जानकारी दी गई। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने बयान में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र बेरोजगारी में मामूली गिरावट (4.3 प्रतिशत से घटकर 4.2 प्रतिशत) आई है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए मामूली नरमी है। शहरी क्षेत्र में पुरुष बेरोजगारी 6.0 प्रतिशत से बढ़कर 6.1 प्रतिशत हो गई लेकिन महिला बेरोजगारी 8.9 प्रतिशत से घटकर 8.2 प्रतिशत रह गई। इससे समग्र शहरी बेरोजगारी दर 6.7 प्रतिशत पर स्थिर रही। अखिल भारतीय स्तर पर कैलेंडर वर्ष 2024 में बेरोजगारी दर मामूली गिरावट के साथ 4.9 प्रतिशत रही जबकि वर्ष 2023 में यह 5.0 प्रतिशत थी।

# बैंक ऑफ इंडिया व यूको बैंक ने घटाई ब्याज दर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक ने बुधवार को रेपो दर में कटौती किए जाने के कुछ घंटों के ही भीतर ऋण की दरों में 0.25 प्रतिशत अंकों की कटौती करने की घोषणा कर दी। सार्वजनिक क्षेत्र के इन बैंकों के इस फैसले से उनके मौजूदा और नए उधारकर्ताओं दोनों को फायदा होगा। अन्य बैंकों की तरफ से भी जल्द ही इसी तरह की घोषणा किए जाने की उम्मीद है। बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक ने शेयर बाजारों को अलग-अलग दी गई सूचनाओं में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से अल्पकालिक ऋण दर (रेपो दर) में कटौती किए जाने के बाद ऋण दर में यह संशोधन किया गया है। कटौती के बाद बैंक ऑफ इंडिया की नई रेपो आधारित ऋण दर (आरबीएलआर) पहले के 9.10 प्रतिशत से घटकर 8.85 प्रतिशत हो गई है।

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

# सरकार ने एमएसपी के तहत 100 लाख गांठ कपास खरीदा

■ तेलंगाना में सबसे अधिक 40 लाख गांठ की खरीद की गई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने चालू कपास सत्र 2024-25 में 31 मार्च तक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) परिचालन के तहत 100 लाख गांठ के बराबर 525 लाख क्विंटल कपास की खरीद की है।

यह खरीद कपड़ा मंत्रालय के तहत भारतीय कपास निगम (सीसीआई) के माध्यम से की गई। कपास की एक गांठ 170 किलोग्राम के बराबर होती है। एक सरकारी बयान में कहा गया कि यह खरीद 263 लाख गांठ की कुल कपास आवक का 38 प्रतिशत और देश में अनुमानित कुल कपास उत्पादन 294.25 लाख गांठ का 34 प्रतिशत है। राज्यों



में से, तेलंगाना में सबसे अधिक 40 लाख गांठ की खरीद की गई। उसके बाद महाराष्ट्र में 30 लाख गांठ और गुजरात में 14 लाख गांठ की खरीद हुई।

# भारत ने बांग्लादेश के लिए पारगमन सुविधा की समाप्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली


सरकार ने बांग्लादेश से बंदरगाहों और हवाई अड्डों के रास्ते में किसी तीसरे देश को निर्यात करने के लिए भारतीय भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों का उपयोग करने की अनुमति देने वाली पारगमन सुविधा को समाप्त कर दिया है। एक सरकारी परिपत्र में यह जानकारी दी गई है। मुख्य रूप से परिधान क्षेत्र के भारतीय निर्यातकों ने पहले सरकार से पड़ोसी देश को दी गई यह सुविधा वापस लेने का आग्रह किया था। इस सुविधा ने भूटान, नेपाल और म्यांमा जैसे देशों में बांग्लादेश के निर्यात के लिए सुचारू व्यापार प्रवाह को सक्षम किया था। भारतीय निर्यात संगठनों के महासंघ (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा, ''अब हमारे पास अपने माल के लिए अधिक हवाई क्षमता होगी। पहले निर्यातकों ने बांग्लादेश को दी गई पारगमन सुविधा के कारण कम जगह की शिकायत की थी। एईपीसी के अध्यक्ष सुधीर सेखरी ने कहा था कि लगभग 20-30 ट्रक प्रतिदिन दिल्ली आते हैं, जिससे माल की सुचारू आवाजाही धीमी हो जाती है ।

# सरस्वती स्कॉलरशिप स्कीम पर कार्यशाला का आयोजन

नई दिल्ली । उच्च शिक्षा तक सबकी पहुंच बढ़ाने के त्रिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) की ओर से जीआईटीएएम डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, विशाखापत्तनम में सरस्वती स्कॉलरशिप स्कीम और एआईसीटीई की अन्य वित्तीय योजनाओं पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों, शैक्षिक पेशेवरों और संस्थानों को एआईसीटीई द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न वित्तीय सहायता योजनाओं से अवगत कराना था। कार्यशाला में छात्रों, शिक्षकों और प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य रूप से सरस्वती स्कॉलरशिप योजना पर चर्चा की गई जो आर्थिक रूप से पिछड़ी पृष्ठभूमि से आने वाली प्रतिभाशाली छात्राओं को एआईसीटीई से अनुमोदन प्राप्त संस्थानों से बीबीए/बीसीए/बीएमएस जैसी डिग्रियाँ प्राप्त करने में सहायता प्रदान करती है। इसके अलावा परिषद द्वारा चलाई जा रही अन्य वित्तीय योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई जो नवाचार, कौशल विकास, संकाय विकास और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देती हैं।




## शब्द पहेली - 5832




**बाएँ से दाए**
1. सरदार, अगुआ-4
5. जनमत, एक राय-4
9. पुराना जुकाम-3
10. चिंता, परवाह-3
12. पैंदा, तल्ला-2
14. ताल, सुर, आलाप-2
15. महोदय (अंग्रेजी-2)
16. लाडला, दुलारा-2
17. निवास करना-3
19. डोली उठाने वाले-3
21. नसीरुद्दीन शाह की फिल्म-3
22. तड़फाना-4
24. जल में रहनेवाला-4
25. दरियादिल, करुण-5
26. इराक की राजधानी-4
29. भेंट, पुरस्कार-4
33. पासों से भविष्य देखना-3
34. अश्ववाहक, घुड़सवार-3
36. चौकसी, रखवाली-3
37. हलक, कंठ-2
38. सदैव-2
39. लार -2
42. निश्चित-2
42. कालीन-3
43. बंदर, मर्कट-3
45. किसान-4
46. इस्लामी कैलेंडर का एक महीना -4

**ऊपर से नीचे**
2. क्रिकेट में बनते हैं-2
3. नगमा, गीत (उर्दू-3)
4. जो लायक न हो-4
5. अधिकारी, अफसर-4
6. राशिचक्र की एक राशि -3
7. झगड़ा, बैर-2
8. आदत, व्यवहार-4
11. शमशीर-4
13. तरंग, हिलोर-3
16. तृष्णा, लोभ-3
18. अमेरिका स्थित वेधशाला-2
20. जितेंद्र इस फिल्म में सात सवाल हल करते हैं -5
21. नीर, पानी-2
23. देवर्षि-3
24. ईर्ष्या, डाह-3
26. वटवृक्ष-4
27. जिसमें पौधे लगाते हैं-3
28. दलहन-2
30. मंत्र जाप-2
31. तसल्ली, आराम-3
32. भगवान विष्णु-4
34. धर्मशीलता-4
35. पैजामा-4
38. तमीज-3
40. साजन, प्रेमपात्र-3
42. पहरा, चौकसी-2
44. अवकाश-2

**शब्द पहेली- 5831 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ना | स | म | झ | | | क | पा | स | |
| कु | ल | | झ | | क | रा | ह | | म | न |
| ल | | | धा | र | ण | | र | | | क |
| प | रि | चा | र | क | | पा | | अ | न | ल |
| ति | | ह | | म | नो | नी | त | | सी | |
| | जा | त | | | | | | त | ब | |
| | मु | | फि | त | र | त | | ना | | ना |
| म | न | का | | न | | प | र | व | रि | श |
| लि | | | न | | पू | न | म | | | वा |
| का | बु | | ख | ब | री | | णी | | खा | न |
| | आ | स | रा | | | जा | य | दा | द | |



## आईपीएल : राजस्थान रॉयल्स 58 रन से हारा

# साई सुदर्शन का अर्धशतक, गुजरात टाइटन्स की लगातार चौथी जीत

भाषा ▶▶| अहमदाबाद

शानदार फॉर्म में चल रहे साई सुदर्शन (82 रन) के अर्धशतक के बाद प्रसिद्ध कृष्णा (24 रन देकर तीन विकेट) सहित अन्य गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से गुजरात टाइटन्स ने बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में राजस्थान रॉयल्स को 58 रन से हराकर लगातार चौथी जीत हासिल की।

गुजरात टाइटन्स इस जीत से आठ अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। साई सुदर्शन की 53 गेंद में आठ चौके और तीन छक्के जड़ित पारी से गुजरात टाइटन्स छह विकेट पर 217 रन बनाने में सफल रही। साई सुदर्शन का यह इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ स्कोर और तीसरा अर्धशतक है। गुजरात टाइटन्स के लिए जोस बटलर और एम शाहरूख खान ने 36-36 रन जबकि राहुल तेवतिया ने नाबाद 24 रन का योगदान दिया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स को बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना



पड़ा। शिमरोन हेटमायर (52 रन) के अर्धशतक के बावजूद टीम 19.2 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। उसके सिर्फ तीन बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंच सके जिसमें हेटमायर के अलावा कप्तान संजू सैमसन ने 41 रन और रियान पराग ने 26 रन बनाए। गुजरात टाइटन्स के लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने सैमसन की पारी का अंत किया जो आक्रामक होकर खेल रहे थे। उन्होंने 24 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। राशिद खान ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए अपने चार ओवर में 37 रन देकर दो विकेट हासिल किए। साई किशोर ने 2.2 ओवर में 20 रन देकर दो विकेट जबकि मोहम्मद सिराज, अरशद खान और कुलवंत खेजरोलिया ने एक एक विकेट प्राप्त किया। राजस्थान रॉयल्स ने यशस्वी जायसवाल (06) और नीतिश राणा (01) के विकेट जल्दी गंवा दिए। पर सैमसन और पराग ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 26 गेंद में 48 रन जोड़कर दबाव बनाने की कोशिश की। लेकिन दोनों बड़ी पारी नहीं खेल सके और विकेट गंवा बैठे। फिर हेटमायर ने चार चौके और तीन छक्के जड़ित 32 गेंद की पारी खेली, पर उनके अलावा कोई अन्य बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। इससे पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कप्तान शुभमन गिल (02) के जोफ्रा आर्चर की इनस्विंगर गेंद पर सस्ते में आउट होने के बाद सुदर्शन और बटलर ने दूसरे विकेट के लिए 47 गेंद में 80 रन की भागीदारी निभाकर अच्छे स्कोर की नींव रखी।

### विराट और स्टार्क के बीच चिन्नास्वामी स्टेडियम में आज होगा महामुकाबला

**बेंगलुरु।** शानदार फॉर्म में चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना गुरुवार को आईपीएल के मैच में दिल्ली कैपिटल्स से होगा तो सभी की नजरें विराट कोहली और मिचेल स्टार्क की टक्कर पर लगी होंगी। दिल्ली ने अब तक तीनों मैच जीते हैं जबकि आरसीबी ने चार में से तीन मैच में जीत दर्ज की है। दोनों टीमें हालात और विरोधी टीम के अनुकूल खुद को ढालने में कामयाब रहीं हैं। विराट के फॉर्म में आने से मेजबान टीम के हौसले बुलंद है। छत्तीस वर्ष के विराट को हालांकि आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव से पार पाना होगा। कोहली ने स्टार्क के खिलाफ टी20 क्रिकेट में 31 गेंद में 72 रन बनाए हैं लेकिन इस सत्र में स्टार्क तीन मैचों में 11 की औसत से नौ विकेट ले चुके हैं। पावरप्ले में स्टार्क और कोहली की भिड़ंत पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। इसके बाद कुलदीप से सामना होगा जो छह की इकॉनॉमी रेट से छह विकेट ले चुके हैं। वैसे टी20 क्रिकेट में स्पिनरों के खिलाफ ऊंचे और स्वीप शॉट खेलने की अपनी कमजोरी से पार पा चुके कोहली काफी उम्दा प्रदर्शन कर रहे हैं।

## तिलक के बाद कॉन्वे... सेट बल्लेबाज छोड़ रहे मैदान, 'रिटायर्ड आउट' नियम पर उठे सवाल

**नई दिल्ली।** आईपीएल के 18वें सत्र में एक नए नियम को लेकर दिग्गजों ने सवाल उठाए हैं। नए नियम के तहत पहले से सेट बल्लेबाज मैदान छोड़ रहे हैं। वो खुद ही 'रटियर्ड आउट' होकर मैदान से बाहर जा रहे हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच 4 अप्रैल को हुए इस मुकाबले तलिक वर्मा रिटायॅर्ड आउट हुए। वहीं 8 अप्रैल को पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के मुकाबले में डेवोन कॉन्वे रिटायर्ड आउट होकर पवेलियन की ओर लौट गए। इन दोनों ही फैसलों के बाद क्रिकेट विश्लेषकों, पूर्व क्रिकेटर्स और कमेंटेटर्स ने सवाल उठाए। वहीं इस पूरे मसले से एक सवाल यह भी उठ रहा है कि जो बल्लेबाज पहले से सेट है, उसकी जगह कोई दूसरा खिलाड़ी आएगा तो इस बात की क्या गारंटी है, वो तेजी से ही रन बनाएगा।

## ब्राजील ने 10 साल बाद अमेरिकी महिला टीम को पहली बार हराया

एजेंसी ▶▶| सैन जोस

अमांडा गुटिएरेस के स्टॉपेज समय में किए गोल की मदद से ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने मंगलवार को दूसरे प्रदर्शन मैच में पेरिस ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता अमेरिका को 2-1 से हराया। ब्राजील महिला टीम की यह 2014 के बाद अमेरिका पर पहली जीत है। इससे पहले शुरुआती प्रदर्शनी मैच में अमेरिका ने ब्राजील पर 1-0 की जीत दर्ज की थी।

कैटरीना मैकेरियो ने मैच के शुरू होने के 34वें सेकंड में ही गोल कर अमेरिका को शानदार शुरुआत दिलायी। उन्होंने एलिसा थॉम्पसन से मिली पास पर अपना चौथा मैच खेल रही ब्राजील की गोलकीपर नताशा को आसानी से चकमा देकर अंतरराष्ट्रीय करियर का 10वां गोल किया। ब्राजील ने कैरोलिना के गोल से मैच के 24वें मिनट में बराबरी हासिल कर ली। यह मुकाबला बराबरी की तरफ बढ़ रहा था लेकिन अमांडा ने आखिरी क्षणों



(90 + 5 मिनट) में गोल कर टीम को 14 दिसंबर 2014 के बाद पहली बार अमेरिका के खिलाफ जीत पक्की कर दी। यह दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल परिसंघ में शामिल किसी देश की अमेरिका के खिलाफ उसकी घरेलू सरजमीं पर पहली जीत है।

### शीर्ष वरीय ज्वेरेव मोंटे कार्लो के दूसरे दौर में बेरेतिनी से हारे

**मोनाको।** दूसरी वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव को मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस के दूसरे दौर में इटली के मातेओ बेरेतिनी ने 2-6, 6-3, 7-5 से हरा दिया। अब बेरेतिनी का सामना जिरि लेहेका या 13वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेत्ती से होगा। आखिरी बार इटली के नाम यह खिताब 2019 में फेबियो फोगनिनी ने किया था। अन्य मुकाबलों में तीन बार के चैंपियन यूनान के स्टेफानोस सिटसिपास ने आस्ट्रेलिया के जोर्डन थॉम्पसन को 4-6, 6-4, 6-2 से मात दी। वहीं अमेरिकी ओपन सेमीफाइनल में पहुंचे जैक ड्रेपर ने मार्कोस जिरोन को 6-1, 6-1 से हराया। पहले दौर के मैच में डेनमार्क के होल्गर रूने 2-6, 0-3 से पिछड़ रहे थे जब नुनो बोर्गेस के खिलाफ उन्हें कोर्ट छोड़ना पड़ा। 15वीं वरीयता प्राप्त बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव ने निकोलस जैरी को 6-3, 6-4 से हराया। अब उनका सामना मोनाको के वालेंटिन वाचेरोट से होगा।

निशानेबाजी

## विजयवीर ने विश्व कप में भारत को दिलाया चौथा स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स

पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके विजयवीर सिद्धू ने यहां पुरुषों की 25 मीटर रैपिड-फायर पिस्टल स्पर्धा में बुधवार को यहां शीर्ष स्थान हासिल कर आईएसएसएफ विश्व कप में भारत को चौथा स्वर्ण पदक दिलाया।

विजयवीर ने कम स्कोर वाले लेकिन रोमांचक फाइनल में 29 अंक हासिल किए। उन्होंने इटली के अनुभवी रिकार्डो माजेटी को पीछे छोड़ा। माजेटी पांच रैपिड-फायर की आठ सीरीज के बाद एक अंक से चूक गए। चीन के 19 साल के निशानेबाज यांग युहाओ ने कांस्य पदक जीता। विजयवीर ने स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, 'मैंने गुरप्रीत सर, अनीश और अन्य लोगों के साथ पहले भी कई फाइनल खेले हैं। इसमें राष्ट्रीय, ट्रायल



आदि शामिल हैं और मैंने इन सब में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए आज मैंने खुद से कहा कि मुझे वही करना है जो मैं वहां करता हूं। यानी मुझे यह महसूस करना है कि मैं यहां भी दिल्ली जैसा प्रदर्शन कर सकता हूं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं वैसा ही महसूस करूं। मेरा ध्यान उन चीजों को नियंत्रित करना था जो मेरी पहुंच में है और यह काम कर गया।' इससे पहले मंगलवार को सुरुचि इंदर सिंह ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। भारत के अब चार स्वर्ण सहित छह पदक हो गए हैं।

### 20 में से 14 निशाने लगाकर की मजबूत शुरुआत

माजेटी ने तेज हवाओं के बीच पहले 20 में से 14 निशाने लगाकर मजबूत शुरुआत की, जबकि विजयवीर पहले एलिमिनेशन चरण में एक अंक से पीछे थे, जिसके बाद सेमिनिखिन पहले ही बाहर हो गए। भारतीय खिलाड़ी के लिए पहली सीरीज मुश्किल रही थी। उन्होंने इनमें सिर्फ एक सटीक निशाना लगाया। उन्होंने इसके बाद सेंटर के करीब तीन निशाने लगाए और पांचवीं सीरीज में सटीक निशाने के साथ बढ़त कायम कर ली। विजयवीर ने छठी सीरीज में इटली की खिलाड़ी की बराबरी की। इसके साथ ही दोंनो खिलाड़ियों का पदक पक्का हो गया। विजयवीर और माजेटी ने सातवें चरण में भी बराबर निशाने लगाए। आठवीं और आखिरी सीरीज में माजेटी ने तीन सही निशाने लगाए जबकि विजयवीर ने चार निशाने के साथ आईएसएसएफ विश्व कप में अपना पहला पदक पक्का किया।

## सिंधू जीती, लक्ष्य और प्रणय बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के पहले दौर में हारे

**निंगबो (चीन)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां इंडोनेशिया की ईस्टर नुरुमी वारडोयो को सीधे गेम में हराकर बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन लक्ष्य सेन पुरुष एकल के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी 29 वर्षीय सिंधू ने



36वें नंबर की खिलाड़ी वारडोयो को 44 मिनट में 21-15 21-19 से हराया। सिंधू बृहस्पतिवार को प्री क्वार्टर फाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी और तीसरी वरीय जापान की अकाने यामागुची से भिड़ेंगी। इस बीच विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य को पहले दौर में ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के उप विजेता चीनी ताइपे के ली चिया हाओ के खिलाफ सीधे गेम में 18-21 10-21 से हार का सामना करना पड़ा। एचएस प्रणय को भी पुरुष एकल के पहले दौर में चीन के झू गुआंग ल्यु के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। चिकनगुनिया से पीड़ित होने के बाद लय हासिल करने के लिए जूझ रहे प्रणय को चीन के अपने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ एक घंटा और आठ मिनट चले मुकाबले में 16-21 21-12 11-21 से हार झेलनी पड़ी। किरण जॉर्ज ने हालांकि कजाखस्तान के दमित्री पनारिन को 35 मिनट में 21-16, 21-8 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। महिला एकल में आकर्षी कश्यप और अनुपमा उपाध्याय भी अपने मुकाबले हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। आकर्षी को दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी चीन की हेन युई के खिलाफ 31 मिनट में 13-21 7-21 से हार झेलनी पड़ी।

### बीएफआई मामलों के लिए अंतरिम समिति गठित

**नई दिल्ली।** विश्व मुक्केबाजी ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के मामलों की देखरेख के लिए एक अंतरिम समिति का गठन किया है, ताकि प्रशासनिक निरंतरता और घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। विश्व मुक्केबाजी के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने बीएफआई के अध्यक्ष अजय सिंह को पत्र लिखकर छह सदस्यीय समिति की नियुक्ति की जानकारी दी है। अजय सिंह समिति की अध्यक्षता करेंगे। वह इस पद पर '90 दिनों से अधिक की अवधि के लिए नहीं रहेंगे'। छह सदस्यीय समिति में बीएफआई के उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार निरवान, कार्यकारी निदेशक अरुण मलिक और ओलंपियन एल सरिता देवी शामिल हैं।

### अक्षर खिलाड़ियों की बातों को देते हैं तरजीह

**बेंगलुरु।** दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच मैथ्यू मॉट ने इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में टीम की सफलता का श्रेय कप्तान अक्षर पटेल को देते हुए कहा कि उनकी नेतृत्व शैली खिलाड़ियों को तुरंत सहज बना देती है। दिल्ली कैपिटल्स लगातार तीन मैच जीतकर अंक तालिका में शीर्ष पायदान पर है। मॉट ने कहा, 'क्रिकेट और जीवन के बीच उनका संतुलन बहुत बढ़िया है। वह टीम को लेकर अपनी विचारों को साझा करते समय यह सुनिश्चित करते हैं कि अन्य खिलाड़ियों को भी इसमें शामिल किया जाए। उनके चेहरे पर मुस्कान रहती है। वह सभी की सोच के साथ सामंजस्य बिठाते हैं।' मॉट ने कहा कि अक्षर ने लोकेश राहुल और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी के जैसे टीम के अनुभवी खिलाड़ियों के अनुभव का अच्छे से उपयोग किया है।

हरियाणा सरकार
Haryana Shehri Vikas Pradhikaran
विवादों से समाधान योजना (VSSS) 2024
ध्यान दें! HSVP प्लॉट धारकों के लिए सुनहरा अवसर
क्या आप अपने प्लॉट की लंबित एन्हांसमेंट (Enhancement) लागत से परेशान हैं?
अब कम राशि में भुगतान करने का सुनहरा मौका
VSSS के तहत, आप अपनी बकाया एन्हांसमेंट (Enhancement) राशि को रियायती दर पर निपटा सकते हैं। यह सीमित समय के लिए विशेष अवसर है, जिससे आप अपनी देनदारियां आसानी से समाप्त कर सकते हैं!
- कम भुगतान करें – VSSS 2024 के तहत रियायती दर पर निपटान
- झंझट मुक्त प्रक्रिया – कोई कानूनी जटिलता नहीं
- सीमित समय के लिए ऑफर – अभी आवेदन करें
यह योजना विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले आवासीय प्लॉट, फ्लोर वाइस रजिस्ट्रेशन, ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी, साथ ही संस्थागत और औद्योगिक प्लॉट वाले सभी आबंटियों और प्लॉट धारकों के लिए उपलब्ध है। यह योजना 140 सेक्टरों में फैली हुई है और 5000 से अधिक आवेदकों के लिए 550 करोड़ रुपये से अधिक की छूट प्रदान करती है।
309 आबंटी पहले ही इस पहल का लाभ उठा चुके हैं, और अब आपकी बारी है इस अवसर का लाभ उठाने की।
इस योजना के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 मई, 2025 है।
HSVP
Chief Administrator
Haryana Shehri Vikas Pradhikaran
C-3, HUDA Complex, Sector 6,
Panchkula - 134109, Haryana,
Email: ao2branch24@gmail.com
विवादों से समाधान पोर्टल के लिंक के लिए
https://vsss.hsvphry.org.in/ पर जाएं

सांस्कृतिक अभ्युदय से समृद्धि पथ पर अग्रसर मध्यप्रदेश
विक्रमोत्सव 2025
सम्राट विक्रमादित्य
महानाट्य का महामंचन
विक्रम सम्वत् के प्रवर्तक महान सम्राट विक्रमादित्य की जीवन गाथा को जीवंत होते देखिये...

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
श्रीमती रेखा गुप्ता, मुख्यमंत्री, दिल्ली
स्वागताध्यक्ष
12 13 14 अप्रैल 2025 | प्रतिदिन सायं 6 बजे से
लाल किला, माधव दास पार्क, नई दिल्ली
संस्कार भारती
महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ
संस्कृति विभाग
मध्यप्रदेश शासन द्वारा आयोजित
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-11003/25

*विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरी बार सत्ता में आने के बाद हम एकमात्र देश हैं, जो वास्तव में सैद्धांतिक रूप से इस तरह की समझ तक पहुंच पाए हैं। आज दुनिया का हर देश अमेरिका से निपटने की रणनीति बना रहा है। भारत का फोकस ट्रंप प्रशासन के साथ व्यापार समझौता करना है*

**टैरिफ से जुड़ी चिंताओं पर विदेश मंत्री ने बताई रणनीति**

# भारत द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर यूएस से जल्द करेगा बातचीत, दोनों पक्ष बेहद रचनात्मक, वॉशिंगटन के साथ सहमति बनाने वाले हम एकमात्र देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के जवाबी टैरिफ ने दुनियाभर की अर्थव्यवस्थाओं में उथल-पुथल मचा रखी है। भारत पर भी ट्रंप ने 26 फीसदी टैरिफ लगाया है। टैरिफ लगने के बाद बुधवार को पहली बार सरकार ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया दी। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि टैरिफ से निपटने के लिए भारत की रणनीति इस साल के अंत तक वाशिंगटन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) करना है। फरवरी में वाशिंगटन में पीएम नरेंद्र मोदी और ट्रंप के बीच वार्ता के बाद, दोनों पक्षों ने 2025 तक बीटीए की पहली किस्त पर बातचीत करने का ऐलान किया था। विदेश मंत्री ने कहा कि वाशिंगटन के साथ सहमति बनाने वाला भारत शायद एकमात्र देश है। जयशंकर ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस बारे में सोचना संभव है कि इसका क्या असर होगा, क्योंकि हम नहीं जानते। हमारी रणनीति क्या है? मुझे लगता है कि यह बिल्कुल स्पष्ट है। हमने तय किया कि हम इन मुद्दों पर ट्रंप प्रशासन से जल्द ही बातचीत करेंगे। दोनों पक्ष बेहद रचनात्मक थे। हम इस बात पर सहमत हुए कि इस साल के अंत तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने की कोशिश की जाएगी।



**फरवरी में दोनों देशों ने बीटीए पर बातचीत का किया था ऐलान**

**जो बाइडेन प्रशासन में भी व्यापार संभावनाओं पर चर्चा की थी**

## ट्रंप के पहले कार्यकाल में भी हुई थी बातचीत

*विदेश मंत्री के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप के पहले प्रशासन में भी भारत एक व्यापार समझौते पर बातचीत कर रहा था। मगर यह बातचीत सफल नहीं हुई। जो बाइडेन प्रशासन में भी हमने व्यापार संभावनाओं पर चर्चा की और आईपीईएफ पहल तक पहुंचे। हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए वाशिंगटन के दीर्घकालिक दृष्टिकोण तहत, तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने मई 2022 में महत्वाकांक्षी हिंद-प्रशांत समृद्धि के लिए आर्थिक ढांचा (आईपीईएफ) का शुभारंभ किया था। यह पहल स्वच्छ ऊर्जा, आपूर्ति-श्रृंखला में लचीलापन और डिजिटल व्यापार जैसे क्षेत्रों में समान विचारधारा वाले देशों के बीच गहन सहयोग के मकसद से की गई थी।*

### बाइडेन द्विपक्षीय समझौते के खिलाफ थे

जयशंकर ने कहा कि वे (बाइडेन प्रशासन) द्विपक्षीय समझौता करने के बहुत खिलाफ थे। भारत के नजरिए से, असल में अमेरिका के साथ द्विपक्षीय रूप से कुछ करना किसी भी तरह से नकारात्मक या अवांछित स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत, यह कुछ ऐसा है जो लंबे समय से हमारा उद्देश्य रहा है।

### हर देश रणनीति बना रहा

विदेश मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि राष्ट्रपति ट्रंप के दूसरी बार सत्ता में आने के बाद हम एकमात्र देश हैं, जो वास्तव में सैद्धांतिक रूप से इस तरह की समझ तक पहुंच पाए हैं। आज दुनिया का हर देश अमेरिका से निपटने की रणनीति बना रहा है। भारत का फोकस ट्रंप प्रशासन के साथ व्यापार समझौता करना है। हमारी रणनीति लक्ष्य यह देखना है कि क्या द्विपक्षीय व्यापार समझौते करके वास्तव में इस स्थिति से निपटना संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि लंबे समय से यह हमारा उद्देश्य भी रहा है। मौजूदा परिस्थितियों ने व्यापार समझौते पर इतनी गंभीर बातचीत करने का माहौल पैदा किया है।

## खबर संक्षेप

### म्यांमार मदद पर यूएन ने की भारत की तारीफ



**मांडले।** संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय के लिए कार्यालय (ओसीएचए) के म्यांमार प्रमुख सज्जाद मोहम्मद सज्जाद ने म्यांमार की मदद के लिए भारत की तारीफ की है। म्यांमार में हाल ही में आए विनाशकारी भूकंप के बाद भारत ने जिस तेजी और प्रभावी तरीके से सहायता पहुंचाई है, उसने उसे एक प्रमुख मानवतावादी सहयोगी के रूप में स्थापित कर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत ने 'ऑपरेशन ब्रह्मा' के तहत तेजी से मदद पहुंचाई है।

### भारत ने बांग्लादेश को दी छूट समाप्त की



**नई दिल्ली।** चीन की गोद में बैठे बांग्लादेश के सलाहकार प्रो. मोहम्मद युनूस को भारत ने उसकी औकात दिखा दी है। 8 अप्रैल को भारत के सेंट्रल बोर्ड ऑफ इंडायरेक्ट टैक्सेज एंड कस्टम्स ने 2020 में जारी एक सर्कुलर को रद्द कर दिया, जिसके तहत बांग्लादेश को अपने निर्यात को नेपाल, भूटान और म्यांमार जैसे देशों तक भारतीय जमीन के जरिए भेजने की छूट मिली थी। अब यह सुविधा खत्म कर दी गई है, जिससे बांग्लादेश का थर्ड-कंट्री ट्रेड बुरी तरह से प्रभावित होगा।

## हिंद महासागर क्षेत्र में कांपेंगे भारत के दुश्मन...

# फ्रांस से 26 राफेल-एम लड़ाकू विमानों की खरीद को सीसीएस की हरी झंडी

**जल्द भारत और फ्रांस के बीच होगा 64 हजार करोड़ रुपए का अंतर सरकारी समझौता**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की बैठक में भारतीय नौसेना के लिए फ्रांस से 26 राफेल मरीन (एम) लड़ाकू विमानों की खरीद से जुड़े हुए एक बेहद महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। इनकी खरीद पर कुल करीब 64 हजार करोड़ रुपए की लागत आएगी और विमानों की तैनाती देश के पहले स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत 'आईएनएस विक्रांत' पर की जाएगी। जिसे पीएम ने सितंबर-2022 में नौसेना और देश को समर्पित किया था। रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, जल्द ही भारत और फ्रांस की सरकारों के बीच 26 राफेल (एम) विमानों की खरीद के लिए एक अंतर सरकारी समझौते (आईजीए) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

विमानों का उत्पादन रक्षा क्षेत्र की विश्व विख्यात और वास्तविक उपकरण निर्माता फ्रांसीसी कंपनी डेसॉल्ट एविएशन द्वारा किया जाएगा। राफेल-एम विमानों से जुड़ा यह समझौता वित्त वर्ष 2025-26 का सबसे बड़ा शुरुआती रक्षा सौदा है। उधर, रक्षा क्षेत्र के जानकारों की राय में राफेल-एम की नौसेना में तैनाती से हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में बल की रणनीतिक क्षमता में कई गुना का इजाफा होगा। खासतौर पर चीन की बढ़ती आक्रामकता पर आसानी से नकेल कसी जा सकेगी।



### तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बियों पर हुई चर्चा

सूत्रों ने बताया कि सीसीएस की बैठक में नौसेना के लिए ही की जाने वाली तीन स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों की अतिरिक्त खरीद से जुड़े हुए एक अन्य प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। जिसे जल्द ही सुरक्षा मामलों की देश की शीर्ष समिति की मंजूरी मिल सकती है। रक्षा मंत्रालय ने लगभग दो साल पहले इनकी खरीद के लिए स्वीकृति दे दी थी। नौसेना के जंगी बेड़े में वर्तमान में प्रोजेक्ट-75 के तहत फ्रांस के नेवल समूह के सहयोग से मुंबई स्थित मझगांव डॉकयार्ड लिमिटेड (एमडीएल) में बनाई गई 6 स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियां तैनात की जा चुकी हैं। इनमें कलवरी, खंडेरी, करंज, वेला, वागीर और वागशीर मुख्य हैं।

### वायुसेना में राफेल की दो स्क्वाड्रन

गौरतलब है कि नौसेना से पहले फ्रांसीसी कंपनी ने वायुसेना को कुल 59 हजार करोड़ रुपए में 26 राफेल लड़ाकू विमानों यानी उसकी दो स्क्वाड्रन की आपूर्ति की है। इनमें से एक स्क्वाड्रन पाकिस्तान सीमा के करीब अंबाला में और दूसरी चीन सीमा के निकट हाशिमारा एयरबेस पर तैनात की गई हैं। वायुसेना में फिलहाल यह चर्चा है कि राफेल की दो और स्क्वाड्रन फ्रांस से खरीदी जानी चाहिए। जिससे उसके कराह रहे जंगी बेड़े को कुछ राहत मिल सके। वायुसेना की युद्धक विमानों की एक स्क्वाड्रन में कुल करीब 16 से 18 विमान होते हैं।

### 2029 से शुरू होगी विमानों की डिलीवरी

*राफेल-एम से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर के बाद भारत को विमानों की डिलीवरी पांच साल के अंदर यानी वर्ष 2029 से शुरू हो जाएगी। जिसके 2031 तक पूरा होने की संभावना है। भारत के पास दो विमानवाहक युद्धपोत हैं। पहला रूस में निर्मित आईएनएस विक्रमादित्य और दूसरा स्वदेशी विक्रांत है। यह दोनों अभी तक नौसेना के पुराने लड़ाकू विमान मिग-29के का ही इस्तेमाल कर रहे हैं।*

### 26 में से 4 विमान ट्रेनर होंगे

सूत्रों ने बताया कि 26 राफेल-एम में से 22 सिंगल सीटर 4 ट्विन सीटर ट्रेनर विमान होंगे। मूलरूप से यह ट्विन इंजन डेक बेस लड़ाकू विमान है। जिसे फ्रांस ने विशेष रूप से समुद्री अभियानों के लिए तैयार किया है। जुलाई-2023 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) बैठक में इन विमानों की खरीद से जुड़े प्रस्ताव को शुरुआती मंजूरी प्रदान की गई थी। इसमें फ्रांसीसी कंपनी के साथ की गई लंबी वार्ता और विमान के भारतीय वातावरण में किए गए व्यापक परीक्षण शामिल हैं। जिन्हें गोवा में टेस्ट सुविधा में पूरा किया गया। फ्रांस के साथ होने वाले समझौते के तहत भारत को राफेल-एम विमान से जुड़े अन्य उपकरण जैसे हथियार प्रणाली, सिम्युलेटर, कलपुर्जे, चालक दल का प्रशिक्षण और लॉजिस्टिक सहयोग भी शामिल रहेगा। जिस विमानवाहक युद्धपोत विक्रांत पर राफेल-एम की तैनाती की जाएगी। वह शॉर्ट टैक ऑफ बट अरेस्टेड रिकवरी (स्टोबार) तकनीक से लैस है। यह एक ऐसी तकनीक है, जिसमें लड़ाकू विमान युद्धपोत के डेक पर स्की जंप के जरिए उड़ान भरते हैं और अरेस्टेड वायर के जरिए उनकी लैंडिंग होती है।

### भारत-फ्रांस के मजबूत होते संबंध

बीते कुछ सालों से भारत और फ्रांस के बीच रक्षा और सामरिक संबंधों में काफी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। इसमें 2023 काफी अहम साल रहा। जब दोनों देशों ने रक्षा सहयोग परियोजनाओं से संबंधित लड़ाकू विमानों और हेलिकॉप्टरों के इंजन के संयुक्त विकास पर आगे बढ़ने का रास्ता अपनाया। दोनों रणनीतिक भागीदार देशों ने उन्नत रक्षा तकनीकों के मामले में सह-उत्पादन और सह-विकास को लेकर प्रतिबद्धता जताई है। इसमें तीसरी दुनिया के देशों को लाभ पहुंचाना शामिल है। नौसेना के द्वारा स्वदेशी ट्विन इंजन डेक बेस्ड फाइटर को बनाने तक राफेल-एम विमान के जरिए नौसेना की तत्काल युद्धक जरूरतों की पूर्ति हो सकेगी।

## भारत-यूएई रिश्तों में नई मजबूती

# आईआईएम अहमदाबाद और आईआईएफटी के कैंपस दुबई में खुलेंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों ने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए। इनमें समग्र द्विपक्षीय संबंधों को प्रगति देने के प्रयासों के तहत दुबई में भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद (आईआईएमए) और भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) का एक परिसर खोलने का निर्णय शामिल है। अल मकतूम द्वारा पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के साथ अलग-अलग बैठकों के कुछ घंटों बाद इन निर्णयों की घोषणा की गई।

### दुबई में बनेगा भारत मार्ट कांप्लेक्स

*क्राउस प्रिंस ने दोपहर में भोज के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर भी चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि इस यात्रा के दौरान अनेक घोषणाएं की गई हैं। दुबई में भारत मार्ट कांप्लेक्स बनेगा। दुबई में यूएई-भारत फ्रेंडशिप अस्पताल के लिए जमीन आवंटन, कोच्चि एवं वडीनार में पोत मरम्मत केंद्रों की स्थापना, दुबई चेम्बर आफ कामर्स का भारत में आफिस खोलना शामिल है।*

### एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए

आईआईएम अहमदाबाद ने अपने एक्स प्लेटफॉर्म पर ट्वीट करते हुए लिखा कि यह बताते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है कि हम दुबई इंटरनेशनल एकेडमिक सिटी में आईआईएमएम दुबई ब्रांच कैंपस के साथ अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार कर रहे हैं। आईआईएमए के निदेशक प्रोफेसर और दुबई के अर्थव्यवस्था एवं पर्यटन विभाग के महानिदेशक हेलाल सईद आलमारी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।

## स्लोवाकिया पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

# राष्ट्रपति महल में हुआ स्वागत, दो एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶ ब्रैटिस्लावा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का बुधवार को स्लोवाक गणराज्य के राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने राष्ट्रपति भवन में स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू बुधवार को अपनी दो-राष्ट्र राजकीय यात्रा के दूसरे चरण में यहां पहुंचीं, वह स्लोवाक गणराज्य की यात्रा करने वाली दूसरी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष बन गईं। राष्ट्रपति पीटर पेलेग्रिनी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का ब्रातिस्लावा में राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ औपचारिक स्वागत किया। लोक परिधान पहने एक जोड़े ने उन्हें रोटी और नमक देकर पारंपरिक स्लोवाक स्वागत किया।

### व्यापार, रक्षा, शिक्षा पर सहयोग करने पर हुई चर्चा



*इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने भारत और स्लोवाकिया के बीच सहयोग के कई क्षेत्रों जैसे व्यापार, रक्षा, शिक्षा और विज्ञान-तकनीक पर चर्चा की। उन्होंने आपसी सहयोग को और आगे बढ़ाने की बात कही। बैठक के दौरान प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता भी हुई। इस दौरान दो अहम समझौतों (एमओयू) का आदान-प्रदान भी किया गया।*

### भारत-स्लोवाक के संबंध मजबूत

राष्ट्रपति मुर्मु ने राष्ट्रपति पेलेग्रिनी की दोस्ताना सोच और भारत-स्लोवाक संबंधों को मजबूत करने की उनकी कोशिशों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि दोनों देश लोकतंत्र और वैश्विक सहयोग जैसे मूल्यों को साझा करते हैं और कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक-दूसरे का समर्थन करते हैं।

## जम्मू में उधपमुर और किश्तवाड़ में एनकाउंटर

# तीन आतंकियों को सुरक्षाबलों ने घेरा दोनों ओर से लगातार गोलीबारी जारी

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

जम्मू के उधमपुर जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच एनकाउंटर शुरू हो गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया कि किश्तवाड़ जिले के छात्रू क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ शुरू हो गई है। आतंकवादी और सुरक्षाबलों के बीच लगातार फायरिंग जारी है।

उधमपुर पुलिस ने 'एक्स' पर बताया कि पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान के दौरान उधमपुर के रामनगर थाना क्षेत्र के जोफर गांव में तीन



आतंकवादियों से मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी जारी है। उधमपुर-रियासी रेंज के डीआईजी मोहम्मद रईस भट ने कहा कि दो से तीन आतंकवादी हैं और रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। यह स्थान खब्बल के उत्तर में जोफर है। यह वही इलाका है जहां सुरक्षा बलों ने 3 अप्रैल को आतंकवादियों को देखा था।

# पुंछ में आज होगी भारत-पाक सेनाओं के बीच फ्लैग मीटिंग

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर में बीते कुछ समय से पाकिस्तान द्वारा किए जा रहे संघर्ष विराम समझौते के उल्लंघन समेत हिंसा को बढ़ावा देने वाली अन्य गतिविधियों के मद्देनजर गुरुवार (10 अप्रैल) को भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच इलाके के चकंदा बाग में एक महत्वपूर्ण फ्लैग मीटिंग होगी। जिसमें भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी शिरकत करेंगे। सेना की तरफ से बैठक में उक्त तमाम मसलों को जोरदार अंदाज में पाकिस्तान के समक्ष उठाया जाएगा। यहां बता दें कि दोनों देशों के बीच यह बैठक बीते कुछ समय के अंतराल पर हो रही है। जिसमें भारत द्वारा अपने क्षेत्र से जुड़े हुए मामले को पाकिस्तान के सामने उठाया जाएगा।

## केंद्रीय वित्त मंत्री ने भारत-यूके निवेशक गोलमेज को किया संबोधित

# भारत बैंकिंग क्षेत्र में विदेशी निवेश को तेजी से प्रोत्साहित कर रहा है

एजेंसी ▶▶ लंदन

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत विदेशी बैंकों के लिए एक आकर्षक विकास अवसर प्रदान करता है और भारत सरकार बैंकिंग क्षेत्र में विदेशी निवेश को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कर रही है। लंदन में विभिन्न पेंशन फंड, बीमा कंपनियों, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थानों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग 60 निवेशकों के साथ भारत-यूके निवेशक गोलमेज चर्चा को संबोधित करते हुए, उन्होंने नीतिगत समर्थन के साथ सतत आर्थिक विकास और निवेश के अवसरों को सक्षम करने के लिए




सरकार की प्राथमिकताओं को रेखांकित किया, जो न्यू इंडिया को आकार दे रहा है।

उन्होंने व्यापार और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण की सुविधा के लिए विनियमन को आसान बनाने के लिए प्रक्रिया और सुधारों पर सरकार के प्रयासों पर प्रकाश डाला।

## दुनियाभर में चल रहे टैरिफ वार के बीच ट्रंप की एक और नई चेतावनी

# जल्द ही फार्मास्यूटिकल्स पर एक बड़ा टैरिफ लगाने की करेंगे घोषणा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

दुनियाभर में चल रहे टैरिफ वार के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा कि फार्मास्यूटिकल्स को रेसिप्रोकल टैरिफ से दी गई छूट जल्द समाप्त हो जाएगी। मंगलवार रात को ट्रंप ने कहा कि हम बहुत जल्द ही फार्मास्यूटिकल्स पर एक बड़ा टैरिफ लगाने की घोषणा करने जा रहे हैं। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब अमेरिका की ओर से लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ बुधवार से प्रभावी हो गए हैं। ट्रंप ने कहा कि जब फार्मा कंपनियों को टैरिफ की जानकारी मिलेगी, वे चीन और अन्य देशों को छोड़ देंगी, क्योंकि उन्हें अपने ज्यादा उत्पादन अमेरिका में बेचने हैं। सभी फार्मा कंपनियां पूरे देश के अगले हिस्सों में प्लांट खोलेंगी।

### ट्रेड वार का सर्वाधिक असर कमजोर देशों पर: गुटेरेस

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि ट्रेड वार बहुत नुकसानदायक होते हैं। इसमें कोई भी नहीं जीतता, सभी हारते हैं। मैं खासकर सबसे कमजोर विकासशील देशों को लेकर चिंतित हूं, क्योंकि इसका असर उन पर ज्यादा बुरा होगा। व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन की महासचिव रेबेका ग्रिनस्पैन ने कहा कि वैश्विक व्यापार नियमों को आज की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए बदला जाना चाहिए, लेकिन इन बदलावों में यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि वे सबसे कमजोर लोगों की रक्षा करें और विकास को बढ़ावा दें। यह एकजुट होने का समय है, न कि तनाव बढ़ाने का।

### रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा में फार्मास्यूटिकल्स पर छूट थी



बता दें, ट्रंप ने पिछले सप्ताह रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा की तो उन्होंने फार्मास्यूटिकल्स, कॉपर, सेमीकंडक्टर, लकड़ी, बुलियन, एनर्जी और कुछ मिनरल को टैरिफ से छूट दी, क्योंकि यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। रेसिप्रोकल टैरिफ में फार्मास्यूटिकल्स को राहत इसलिए मिली क्योंकि आयातित दवाएं, विशेष रूप से भारत से आने वाली जेनेरिक दवाएं, अमेरिकी हेल्थ सिस्टम की लागत को कम रखने में मदद करती हैं, जो दुनिया में सबसे महंगे हेल्थ सिस्टम्स में से एक है। भारत अमेरिका को बड़ी मात्रा में फार्मास्यूटिकल्स का निर्यात करता है। दरअसल, भारत अमेरिका से आयात होने वाले फार्मा पर करीब 10% का टैरिफ चार्ज वसूलता है जबकि अमेरिका देश भारत से आने वाले फार्मा आयात पर किसी भी प्रकार का टैरिफ नहीं वसूलता है।

### टैरिफ से निर्यात पर पड़ेगा असर आरबीआई गवर्नर का अनुमान

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को मौद्रिक नीति समिति की बैठक के बाद बताया कि दुनियाभर में चल रहे टैरिफ वार के कारण विभिन्न क्षेत्रों का आर्थिक परिदृश्य धुंधला पड़ गया है। इससे दुनिया में विकास दर और महंगाई से जुड़ी नई चुनौतियां पैदा होने का जोखिम बढ़ गया है। इससे देश के निर्यात पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण वस्तुओं के निर्यात पर दबाव दिख सकता है। वहीं सेवाओं के निर्यात में लचीलापन रहने की उम्मीद है। दुनियाभर के बाजार में गिरावट का जोखिम बढ़ाती रहेंगी। वैश्विक अनिश्चितताओं को देखते हुए आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए विकास अनुमान को भी 6.7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है।

## अगले माह रूस जा सकते हैं पीएम मोदी

# पुतिन ने नौ मई को विजय दिवस परेड के लिए भेजा आमंत्रण पत्र

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

रूस ने पीएम नरेंद्र मोदी को द्वितीय विश्व युद्ध में जर्मनी पर विजय की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर नौ मई को आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। उप विदेश मंत्री आंद्रे रुदेंको ने यह जानकारी दी। रूस को पीएम मोदी के नौ मई की परेड के लिए आने की उम्मीद है। रुदेंको ने कहा कि निमंत्रण पहले ही भेजा जा चुका है और यात्रा की योजना बनाई जा रही है। रूस ने इस साल की विजय दिवस परेड में शामिल होने के लिए कई मित्र देशों के नेताओं को आमंत्रित किया है।



फाइल फोटो

जनवरी 1945 में, सोवियत सेना ने जर्मनी के खिलाफ एक आक्रामक अभियान शुरू किया था। नौ मई को 'कमांडर-इन-चीफ' ने जर्मनी के बिना शर्त आत्मसमर्पण से जुड़े अधिनियम पर हस्ताक्षर किए, जिसके साथ ही युद्ध समाप्त हो गया था। पीएम मोदी ने जुलाई 2024 में रूस का दौरा किया था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109